CMYK

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 10°C

72,989.93
22,082.65

88,940
96,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार 5 मार्च 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 22 अंक 339 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2081 4 रमजान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## चौथा रोज़ा

### अल्लाह की अदालत में रोज़ेदार का वकील है चौथा रोज़ा

रोजा नेकी का छाता है। जिस तरह छतरी या छाता बारिश या धूप से अपने लगाने वाले की हिफाजत करता है, ठीक उसी तरह रोजा भी रोजेदार की हिफाजत की गारंटी है। शर्त यह है कि रोजा शरई तरीके से रखा जाए। अहकामे-शरीअत यह है कि रोजा रखने में बुग्ज, फरेब, फसाद, झूठ और बेईमानी से बचा जाए। जाहिर है कि कोई शख्स जब नेक नीयत और अच्छे जज्बे के साथ रोजा रखता है, अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए रोजा रखता है यह सोचकर रोजा रखता है कि अल्लाह सब देख रहा है यानी अल्लाह के खौफ का ख्याल करके रोजा रखता है तो उसमें पाकीजगी-ए-ख्यालात पैदा होती है जो नेक अमल के जरिये रोजे को रोजदार का पैरोकार बनाती है। यानी परहेजगारी के साथ रखा गया रोजा अल्लाह के सामने रोजादार की ईमानदारी का तो तरफदार है ही, पाकीजगी का पैरोकार भी है। परहेजगारी से रखा गया रोजा खुद सिफारिश बनकर रोजदार के लिए अल्लाह की नेमतों के दरवाजे खोलता है।




### बुलंदशहर में कार रजवाहे में गिरी, 4 मरे

**बुलंदशहर।** उप्र के बुलंदशहर जिले में कार के रजवाहे (बंबे) में गिर जाने से एक परिवार के चार सदस्यों की मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि मंगलवार भोर करीब पांच बजे यह हादसा उस समय हुआ जब अमरोहा के सदर तहसील क्षेत्र स्थित गांव नगला नसीर निवासी एक परिवार बुलंदशहर के ही सिकंदराबाद क्षेत्र स्थित नगला गांव में आहूत शादी समारोह में भाग लेने के बाद कार से अपने घर वापस लौट रहा था कि उनका वाहन गुलावठी थाना क्षेत्र के पितवास बम्बे के पास एक बालक को बचाने के प्रयास में पलट कर बम्बे में गिर गया। इस हादसे में निपेंद्र (45), हर्ष (10) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि निपेन्द्र के पुत्र वंश (16) और 15 वर्षीय वंशिका की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। कार सवार पांचवें व्यक्ति 39 वर्षीय कन्हैया का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### औरंगजेब पर अबू आजमी ने बयान वापस लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ से शुरू हुए विवाद के बाद अपना बयान वापस ले लिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया है, लेकिन फिर भी मेरी बात से कोई आहत हुआ है, तो मैं अपने शब्द, अपना स्टेटमेंट वापस लेता हूं। बीते दिन आजमी ने कहा था कि हमें गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए हैं। मैं उसे क्रूर शासक नहीं मानता। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं बल्कि सत्ता और संपत्ति के लिए लड़ाई थी।

# भारत ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में




### सेमीफाइनल में कंगारूओं को चार विकेट से हराया

**दुबई।** विराट कोहली की शानदार पारी के दम पर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और -शेष पृष्ठ दो पर

# 2040 में चांद पर कदम रखेगा भारतीय: डा. नारायणन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ कहा: भारत 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा

**रुड़की।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि मानव मिशन के तहत वर्ष 2040 में चांद पर भारतीय कदम रखेगा।

श्री नारायणन ने उत्तराखंड के रुड़की स्थित आईआईटी में मंगलवार को छठवीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में इस आशय की घोषणा की। इस कॉन्फ्रेंस में दक्षिण कोरिया, कैलिफोर्निया (यूएसए) नीदरलैंड, कनाडा जैसे कई देशों से वैज्ञानिक शामिल होने पहुंचे थे। डा. नारायणन के अनुसार भारत वर्ष 2040 में चांद की सतह पर कदम रखेगा। इसरो चेयरमैन आईआईटी-रुड़की में आयोजित इंडियन प्लेनेटरी कॉन्फ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि मीडिया से मुखातिब हुए और यह बात कही। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चांद की सतह पर भारतीय नागरिक के पहुंचने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। साथ ही भारत सन 2030 तक अंतरिक्ष में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन भी स्थापित कर लेगा।

# राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा देने में नाकाम: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिला, केंद्र जरूरी गाइडलाइन बनाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत में कहा प्राइवेट अस्पतालों की फार्मेसी से महंगी दवाई खरीदने को किया जाता है मजबूर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि देश में राज्य सरकारें सस्ती चिकित्सा और बुनियादी ढांचा देने में नाकाम रही हैं। इस स्थिति के चलते प्राइवेट अस्पतालों को बढ़ावा मिल रहा है। इसे रोकने के लिए केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनानी चाहिए।

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका लगाई गई थी, जिसमें कहा गया था कि प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिवारों को अस्पताल की फार्मेसी से महंगी दवाएं और मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। इसलिए ऐसे अस्पतालों पर नकेल कसी जाए। इसे रोकने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को आदेश दिया जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने इस पर सुनवाई की। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा कि मरीजों को अस्पताल की फार्मेसी से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि यह जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने अस्पतालों में दवाएं और मेडिकल सेवाएं सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराएं, ताकि मरीजों का शोषण न हो। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम याचिकाकर्ता की बात से सहमत हैं, लेकिन इसे कैसे नियंत्रित करें? कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा कि वे प्राइवेट अस्पतालों को कंट्रोल करें, जो मरीजों को अस्पताल की दुकान से दवाई खरीदने के लिए मजबूर करते हैं। खासकर वे दवाइयां जो किसी और जगह सस्ते में मिल जाती हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार को गाइडलाइन बनाने को कहा, जिससे प्राइवेट अस्पताल आम लोगों का शोषण न कर सकें।



### ग्रीनपोलिस आवास परियोजना विवाद: शीर्ष कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को दी हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के गुरुग्राम की 'ग्रीनपोलिस आवास परियोजना' विवाद में याचिकाकर्ताओं (फ्लैट खरीदने वाले) को उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की अनुमति देने के साथ ही मंगलवार को मामले का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मुकेश कंवल (फ्लैट खरीदारों में शामिल) और अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं को संबंधित उच्च न्यायालय में रिट याचिका या सिविल मुकदमा दायर करके कानून के तहत उचित उपाय का लाभ उठाने की स्वतंत्रता देने के साथ मामले का निपटारा किया। 'मुकेश कंवल बनाम हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, गुरुग्राम' का यह मामला शीर्ष अदालत के समक्ष 15 जनवरी 2024 को दाखिल किया गया।

### किसी को पाकिस्तानी कहना गलत, पर अपराध नहीं: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** मियां-टियां या पाकिस्तानी कहना आईपीसी की धारा 298 के तहत धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा अपराध नहीं बनता। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में यह टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने इस प्रावधान के तहत एक आरोपी को दोषमुक्त करते हुए कहा कि यह टिप्पणी, हालांकि अनुचित थी, लेकिन आपराधिक मुकदमा चलाने के लिए जरूरी कानूनी बाध्यता को पूरा नहीं करती। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी हरि नंदन सिंह के खिलाफ मामला बंद करते हुए यह फैसला सुनाया। सिंह पर आरोप था कि उसने एक सरकारी कर्मचारी को उस समय पाकिस्तानी कहा था, जब वह अपना आधिकारिक कर्तव्य निभा रहे थे। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि निःस्संदेह, दिए गए बयान सुनने में ठीक नहीं लगते हैं, लेकिन इससे सूचना देने वाले की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचती।

# आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत: योगी

## देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो चुकी है।

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी, वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 2 लाख 56 हजार करोड़ रुपये हुई थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 4 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। -शेष पृष्ठ दो पर



### विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर स्पीकर सतीश महाना नाराज



**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है।

विधानसभा के बजट सत्र में सदन की मंगलवार की कार्यवाही शुरू होते ही श्री महाना ने कहा कि सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलाई है। सूचना मिलने पर मैंने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मैं सार्वजनिक रूप से उनका नाम नहीं लूंगा, मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मैं खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिए मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

# सड़क हादसों में घायलों को मुफ्त इलाज इसी महीने से

■ डेढ़ लाख रुपये तक खर्च सरकार वहन करेगी
■ हरियाणा-पंजाब समेत छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट कामयाब रहा

**नई दिल्ली।** सड़क हादसों में घायलों को मार्च 2025 से डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। ये आदेश प्राइवेट हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा।

एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुड्डूचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो सफल रहा। एनएचएआई ऑफिसर ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू हो जाएगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेंगे। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।

# माधबी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ शेयर फ्रॉड मामले में सेबी की पूर्व चेयरपर्सन समेत छह अफसरों पर FIR दर्ज करने पर रोक

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच समेत 6 अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने के स्पेशल कोर्ट के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी।

बुच ने स्पेशल कोर्ट के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर जस्टिस एसजी डिगे ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है। सभी पक्षों को सुनने के बाद ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायाधीश ने डिटेल्स में जाए बिना और आवेदकों को उनकी भूमिका बताए बिना आदेश पारित कर दिया है। इसलिए आदेश पर रोक लगा दी गई है। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शनिवार (1 मार्च 2025) को शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में एफआईआर का आदेश दिया था। यह आदेश स्पेशल जज एसई बांगर ने ठाणे बेस्ड जर्नलिस्ट सपन श्रीवास्तव की ओर से दायर याचिका पर दिया था। सपन ने स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी की लिस्टिंग में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल फ्रॉड और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था।




# मोदी ने किया पशु संरक्षण केंद्र वनतारा का उद्घाटन

**जामनगर, वार्ता**

**पीएम नरेन्द्र मोदी** ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर में स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया।

**पीएम ने जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया**

वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। प्रधानमंत्री ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया, और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्वस्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा को बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। शंख ध्वनियों व मंत्रोच्चार और लोककलाकारों के गायन-वादन के बीच प्रधानमंत्री ने वनतारा का उद्घाटन किया। श्री मोदी ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुआयना करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने वहां विशेष चिकित्सीय उपकरणों जैसे डायग्नोस्टिक सूट में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा।



### मोदी ने सफेद शेर बाघ व गैंडा के शावकों को पिलाया दूध

**जामनगर।** पीएम मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समर्पित केंद्र है। 'वनतारा' की ओर से विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया।

# यूपी में आठ आईपीएस अफसरों के तबादले

लखनऊ, वार्ता

यूपी सरकार ने आठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आगरा के पुलिस आयुक्त को मेरठ भेजा है, जो लखनऊ में ही पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान के पद पर तैनात शगुन गौतम का पुलिस अधीक्षक एपीटीसी के पद पर सीतापुर तबादला किया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई अफसरों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन अधिकारियों में आईजी-डीआईजी रेंज के अधिकारी शामिल हैं। वाराणसी में तैनात 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी डा. एजिलरसन को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त के पद से हटाकर अब पुलिस महानिरीक्षक यूपी-112 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा लखनऊ के पुलिस उपमहा. निरीक्षक एटीएस मनोज कुमार सोनकर को उपमहानिरीक्षक पीएसी



■ आगरा के पुलिस उपायुक्त को मेरठ भेजा, शगुन गौतम भेजी गईं सीतापुर

वाराणसी भेजा गया है। राजेश कुमार सिंह को पुलिस उपमहानिरीक्षक कमिश्नरेट कानपुर नगर से संयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी तैनात किया गया है। बलिया में वसूली मामले के बाद उपमहानिरीक्षक के पद से हटाए गए देवरंजन वर्मा, जो अभी तक प्रतीक्षारत थे, उन्हें अब पुलिस महानिदेशक मुख्यालय में डीआईजी रूल मैनुअल के पद पर तैनाती दी गई है। कानपुर नगर पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात आशीष श्रीवास्तव को लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

लखनऊ कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात श्रीमती अपर्णा गुप्ता को लखनऊ में पुलिस मुख्यालय में अधीक्षक के पद पर तैनाती दी गई है। इसी तरह आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात सूरज कुमार राय को मेरठ में सेनानायक छठीं वाहिनी पीएसी भेजा गया है। राज्य सरकार ने कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। तबादले में कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, आगरा और बलिया के आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार, आशीष श्रीवास्तव, मनोज कुमार सोनकर, श्रीमती अपर्णा गुप्ता, शगुन गौतम, डा. एजिलरसन, सूरज कुमार राय और देवरंजन वर्मा का नाम शामलि हैं।

# जातीय जनगणना पर विपक्ष का विधान परिषद से वाकआउट

## समाजवादी पार्टी ने लगाया कुलपतियों की नियुक्ति में भेदभाव बरतने का आरोप

लखनऊ, वार्ता

विधान परिषद में मंगलवार को समाजवादी पार्टी सदस्यों ने जातीय जनगणना की मांग को लेकर वाकआउट किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में जातीय समीकरणों का ध्यान न रखने और भेदभाव का आरोप लगाया। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि दलितों और पिछड़ों के हितों से समाजवादी पार्टी सदस्यों का कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश चालीसा पढ़ना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है।

समाजवादी पार्टी के आशुतोष सिन्हा ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये मामला उठाते हुए कहा कि जातीय जनगणना न कराए जाने से सभी वर्गों में निराशा है। डा. मान सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के 34 कुलपतियों में 11 क्षत्रिय, 11 ब्राह्मण, 4 वैश्य, दो कायस्थ, तीन ओबीसी और तीन एससी-एसटी हैं। शीर्ष 100 कार्पोरेट कंपनियों में आरक्षित वर्ग की भागीदारी शून्य है।



■ सपा का दलितों व पिछड़ों से कोई लेना-देना नहीं: केशव मौर्य

यही वजह है कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी सदस्य किरणपाल कश्यप ने कहा कि आरक्षित वर्ग के साथ भेदभाव किया जा रहा है। भाजपा ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव केशव प्रसाद मौर्य का चेहरा आगे करके लड़ा था, लेकिन सीएम उन्हें नहीं बनाया। उन्होंने नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की ओर इशारा करते हुए कहा कि उनका भविष्य भी जातीय जनगणना होने पर ही सुरक्षित रह सकेगा। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि न्यायपालिका से लेकर थानाध्यक्षों की तैनाती तक में आरक्षित वर्ग का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कुलपतियों की तैनाती में भी आरक्षण का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। कहा गया था कि समाजवादी पार्टी शासन में एसडीएम के 56 के 56 पद यादव जाति के अभ्यर्थियों से भर दिए गए। सरकार यह सूची जारी करे। अगर सही होगा, तो वह समाजवादी पार्टी के साथ-साथ सदन की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे देंगे। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सामाजिक समीकरणों का शानदार गुलदस्ता है। भाजपा और वह खुद जातीय जनगणना के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन, वर्ष 2004 से 2014 तक जब केंद्र में समाजवादी पार्टी समर्थित यूपीए की सरकार थी, तब यह मामला क्यों नहीं उठाया। चौधरी चरण सिंह और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न हमारी सरकार ने दिया। मुलायम सिंह यादव को सम्मानित करने का काम किया। इस पर नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि भारत रत्न से पेट नहीं भरा करता और इसके बाद समाजवादी पार्टी के सभी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### सपा के लोग अखिलेश को मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे

डिप्टी सीएम ने कहा कि सपा के लोग पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को 2027 में सत्ता पाने के मुंगेरी लाल के सपने दिखा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के शासन में आरक्षित वर्ग का जो नुकसान हुआ है, भाजपा सरकार उसकी भरपाई करने का प्रयास कर रही है। जातीय जनगणना का विषय केंद्र का है। भाजपा के ही डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने भारत रत्न को लेकर नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी को अपमानजनक बताया। कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये ही निर्दल समूह के राजबहादुर सिंह चंदेल और डा. आकाश अग्रवाल ने 40 हजार बेसिक शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन की मांग उठाई।

## संक्षिप्त समाचार

### मद्रास, बॉम्बे हाईकोर्ट में आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** सरकार ने मद्रास और बॉम्बे उच्च न्यायालयों में कुल आठ न्यायाधीशों की नियुक्ति की है जिनमें चार मद्रास उच्च न्यायालय और चार मुंबई उच्च न्यायालय के लिये हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें मद्रास उच्च न्यायलय में नियुक्त चार और मुंबई उच्च न्यायालय में नियुक्त तीन न्यायाधीश इन न्यायालयों में अपर न्यायाधीश के रूप में कार्य कर रहे थे। इन्हें उनके वर्तमान न्यायालयों में स्थायी किया गया है। मुंबई न्यायालय में चौथी नियुक्ति अपर न्यायाधीय के पद के लिए है, जो आगामी अगस्त से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए इन उच्च न्यायालयों में स्थायी न्यायाधीश/अपर न्यायाधीश के रूप में नियुक्त की है। विज्ञप्ति के अनुसार मद्रास उच्च न्यायालय में जिन अपर न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है, उनमें न्यायाधीश सर्वश्री रामासामी शक्तिवेल, पी. धनबल, चिन्नास्वामी कुमारप्पन और कंडासामी राजशेखर का नाम शामिल है। बॉम्बे उच्च न्यायालय में अपर न्यायाधीश सर्वश्री शैलेश प्रमोद ब्रह्मे, फिरदौस फिरोज पूनीवाला और जितेन्द्र शांतिलाल जैन को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति दी गई है।

### आरटीआई को कमजोर कर रही है मोदी सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर डेटा संरक्षण कानून के नाम पर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन लोगों के नाम सार्वजनिक किए जाने चाहिए जिन्होंने राशन कॉर्ड, मनरेगा तथा जन-कल्याण की योजनाओं में घोटाला किया है और सरकारी बैंकों से ऋण लेकर विदेश भागे हैं। खड़गे ने कहा कि एक तरफ गलत सूचना और भरमाने वाली सूचना देने में भारत पिछले वर्षों से शीर्ष स्थान पर आ रहा है, दूसरी तरफ मोदी सरकार पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा लागू किए गए सूचना के अधिकार आरटीआई को डेटा संरक्षण कानून लाकर कमज़ोर करने पर तुली हुई है।

## सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा

# निवेश के नाम पर जनता को दिया धोखा

लखनऊ, वार्ता

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के झूठ और लूट की पोल लगातार खुल रही है। सरकार ने निवेश के नाम पर जनता को धोखा दिया। इनकी धोखाधड़ी लगातार सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना जांच पड़ताल के फर्जी कम्पनियों से एमओयू किया।

भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट के नाम पर लाखों करोड़ के निवेश का दावा किया, लेकिन जमीन पर कहीं निवेश नहीं दिखाई देता है। सरकार का झूठ का गुब्बारा अब हर दिन नए-नए रूप में दिखाई दे रहा है। सरकार बिना सोचें समझे झूठ का रिकार्ड बनाने के लिए जो जहां मिल गया उसे बुलाकर एमओयू कर लिया। अब एमओयू को लेकर जो जानकारियां आ रही है वह बेहद गंभीर है। सरकार की नीयत को उजागर करती है। प्रदेश के 75 जिलों में डाटा सेंटर बनाने का जिम्मा लेने वाली ब्यू नाऊ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और ब्यू नाऊ इंफ्राटेक फर्जी निकली। एमओयू की आड़ में मास्टर माइंड निवेशकों से हजारों करोड़ रुपये ठगकर विदेश भाग रहा था। इससे पहले भी खबरें आयी थी कि अमेरिका के जिस विश्वविद्यालय के पास छात्र नहीं थे प्रदेश सरकार ने उसके साथ नॉलेज पार्क के नाम पर एमओयू कर लिया। यादव ने कहा कि इन्वेस्टर मीट में सरकार के तमाम निवेशक मेहमान दोबारा लौटे ही नहीं।

सरकार ने इन्वेस्टर मीट के नाम पर जनता की आंख में धूल झोंका, भाजपा सरकार बेईमानी की नीति पर चल रही है। ठगी और बेईमानी का धंधा जोरो पर है। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से असत्य बोलकर धोखा दे रही है। इसके फर्जी निवेशक भी वही कर रहे हैं। सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने के लिए धोखेबाजों और ठगों को संरक्षण देते हुए तमाम झूठे एमओयू कर लिए हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार में एक भी उद्योग नहीं लगा और जो उद्योग पहले से लगे थे वे भी या तो बंद हो गए हैं या फिर बिक रहे है। किसी नौजवान को नौकरी नहीं मिल रही है।



■ सरकार ने बिना जांच-पड़ताल के फर्जी कंपनियों से किया एमओयू जमीन पर दिखाई नहीं देता निवेश

### डबल इंजन सरकारें बेटियों के लिए अभिशाप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकारों में बेटियों के साथ हर रोज अपराध हो रहे हैं और ज्यादा घटनाओं में भाजपा नेताओं के नाम आ रहे हैं, लेकिन सरकार ठोस कार्रवाई नहीं कर पा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटियों की सुरक्षा के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री दावे तो बड़े-बड़े करते हैं, लेकिन सच क्या हैं यह पूरे देश के सामने है। देश में जहां भी भाजपा की 'डबल इंजन' की सरकारें हैं वह प्रदेश बेटियों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है। हरियाणा, मध प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तराखंड, राजस्थान जहां देखो, बेटियों के साथ कई घिनौने अपराध हुए हैं और पुलिस इन मामलों में मूकदर्शक बनी हुई है।

### मुसलमानों के साथ सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी मायावती ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर मुसलमानो के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। सुश्री मायावती ने मंगलवार को कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां सभी धर्मों को सम्मान दिया जाता है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों का पक्षपातपूर्ण रवैया चिंताजनक है। उन्होंने एक्स पर लिखा- भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केन्द्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों के मानने वालों के साथ एक जैसा बर्ताव करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी जो सौतेला रवैया अपनाया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबन्दियां व छूट से सम्बंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। इससे समाज में शान्ति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक, जो अति-चिन्तनीय। सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें।

# बजरंग बली की गदा है डीबीटी: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि डीबीटी ने भ्रष्टाचार की कमर पर सबसे कठोर प्रहार किया है।

डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कठोर प्रहार कर रही है। डीबीटी में लाभार्थी का पैसा सीधे खाते में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2017-18 में 122.84 करोड़ का डिजिटल ट्रांजेक्शन था। 2024-25 में बढ़कर (दिसंबर 2024 तक) 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन यूपी से हुआ है। डिजिटल लेनदेन में यूपी देश में नंबर एक है। आधे से अधिक लेनदेन यूपीआई के माध्यम से हुए हैं। डिजिटल ट्रांजेक्शन यह दिखाता है कि डिजिटल बैंकिंग आसान हुई है। गांवों तक इंटरनेट, वाई-फाई की सुविधा मिली है। वित्तीय जागरूकता व उपक्रमों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में एक वर्ष में 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों तक एक लाख 11 हजार 637 करोड़ का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई है। सीएम ने बताया कि यूपी में अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3303 करोड़ रुपये का एफडीआई (फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट) आया था। 2017 से 2024 तक यूपी में 14 हजार 8 करोड़ रुपये से अधिक का एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। योगी ने कहा कि बैंकिंग तंत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती है। 2016-17 में यूपी में बैंकों में 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये जमा होते थे, जबकि 2024-25 में यह राशि 29 लाख 66 हजार करोड़ रुपये हो गई यानी सवा दो गुने से अधिक जमा हुए हैं। 2016-17 में प्रदेश का सीडी रेसियो मात्र 44.45 फीसदी था, जो बढ़कर आज 61 फीसदी पहुंचा है।



■ बेईमानी व भ्रष्टाचार पर कर रही है कठोर प्रहार


## अर्थ व्यापार

# सेंसेक्स नौ माह बाद 73 हजार अंक से नीचे

मुंबई, वार्ता

अमेरिका के मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने के बाद विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, मारुति, रिलायंस, टाटा मोटर्स और एनटीपीसी समेत 18 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज सेंसेक्स नौ महीने बाद 73 हजार अंक से नीचे बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 96.01 अंक टूटकर नौ महीने बाद 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 72,989.93 अंक पर आ गया। इससे पहले 04 जून 2024 को यह 72,079.05 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 अंक पर रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे बाजार को समर्थन मिला। मिडकैप 0.08 प्रतिशत बढ़कर 38,721.96 अंक और समॉलकैप 1.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,325.88 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2221 में लिवाली जबकि 1737 में बिकवाली हुई, वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 22 में तेजी जबकि 28 में गिरावट रही। बीएसई के सात समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे सीडी 0.18, एफएमसीजी 0.40, आईटी 0.77, दूरसंचार 0.45, ऑटो 1.13, टेक 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.96 प्रतिशत गिर गए। वहीं कमोडिटीज 0.62, ऊर्जा 0.62, हेल्थकेयर 0.60, इंडस्ट्रियल्स 1.29, बैंकिंग 0.51, कैपिटल गुड्स 1.41, तेल एवं गैस 1.10, पावर 0.65 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.04 प्रतिशत मजबूत रहे।



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 1.86, जापान का निक्केई 1.20 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.28 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.22 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक लुढ़ककर 72,817.34 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 72,633.54 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 73,033.18 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला है बजट: पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले वित्त वर्ष के आम बजट को अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी वाला बताते हुए मंगलवार को कहा कि कई सेक्टर्स ऐसे हैं, जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, उससे अधिक कदम सरकार ने उठाए हैं। मोदी ने मंगलवार को बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की दूसरी कड़ी में लघु एवं मझौल उद्योग विनिर्माण निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने विनिर्माण और निर्यात पर इस बजट वेबिनार को हर दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये बजट, हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का हर देश, भारत के साथ अपनी आर्थिक भागीदारी को मजबूत करना चाहता है। देश के विनिर्माण क्षेत्र को इस भागीदारी का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों की गिरावट के प्रभाव से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 82 रिगिट लुढ़ककर 4600 रिगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.16 सेंट की तेजी के साथ 43.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850- 6950, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9250-9350, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8000-8100 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रंति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल: 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 16116 रुपये, मूंगफली तेल 18462 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13553 रुपये और वनस्पति तेल 16336 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत...** उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन एडम जैम्पा की गेंद पर बड़ा शाट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी की और 265 रन का टारगेट दिया। ऑस्ट्रेलिया से कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन बनाए। इंडियन बॉलर्स ने ऑस्ट्रेलिया को ऑलआउट कर दिया। मोहम्मद शमी ने 3, रवींद्र जडेजा और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट लिए।

**आठ वर्षो...** प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होंने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुए कहा कि बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है, लेकिन किसी को पता नहीं चलता, लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है, तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है, तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो, लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कॉलेज बनें, हॉस्पिटल बनें तो सबको पता चले। हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 9 करोड़ 8 लाख से अधिक लोगों को एक लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है।

### अधिकारियों की नीति और कार्यों का उद्देश्य सभी का विकास होना चाहिए: मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अधिकारियों से कहा है कि डेटा-संचालित प्रणालियां दक्षता बढ़ा सकती हैं, लेकिन वे सहानुभूति और अखंडता की जगह नहीं ले सकती इसीलिए उनकी नीतियों और कार्यों का उद्देश्य सभी के विकास, विशेष रूप से वंचित और कमजोर वर्गों का विकास होना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के रूप में वह यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि इस आवश्यक संसाधन को निष्पक्ष, प्रभावी और पारदर्शी तरीके से एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में बुनियादी ढांचा बढ़ रहा है, डिजिटल कनेक्टिविटी अंतराल को पाट रही है और आर्थिक अवसर पहले से कहीं अधिक सुलभ हैं। विकास को टिकाऊ और समावेशी बनाने के लिए, संसाधनों का प्रबंधन दक्षता तथा निष्पक्षता के साथ किया जाना चाहिए और नागरिकों को सिस्टम पर भरोसा करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि सभी अपनी वैध क्षमता के अनुसार योगदान दे और लोगों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार किया जाए। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और सरकारी पहलों ने अधिक दक्षता, पारदर्शिता और सुविधा के एक नए युग की शुरुआत की है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Clpzer
हैल्थ प्लस सिरप
86 8484 5757 info@clpzer.com

काम कोर्स उदास क्यों?
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

वैधानिक सूचना

# 18 घंटे 18 मिनट चली विधानसभा कार्यवाही

**पांच दिन में 126 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के विस्तार सत्र में इस बार 18 घंटे 18 मिनट ही कार्यवाही चली है। बीती 24 फरवरी को दिल्ली विधानसभा का सत्र शुरू हुआ था। दिल्ली विधानसभा में पांच दिन में 126 सदस्यों ने सदन में अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि कैग रिपोर्ट आना ही काफी नहीं है। सदन के कंधों पर अंजाम तक पहुंचना है। एक मिनट भी खराब किए अंजाम तक पहुंचाएंगे। संबंधित विभाग को भेजा गया है। रिपोर्ट एक महीने में आएगा। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि हम प्रदर्शन नहीं, इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि आठ मार्च को 2500 रुपये की पहली किश्त आएगी। उन्होंने कहा था कि यह मोदी की गारंटी है। हम इंतजार कर रहे हैं कि चार दिन के अंदर महिलाओं को पहली किश्त मिले।

विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कैग रिपोर्ट पर आरोप-प्रत्यारोप व हंगामे के बीच तीखी बहस हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट में उठाए गए मुद्दों का हवाला देते हुए पूर्व सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। हालांकि, उनके संबोधन के दौरान आप के विधायकों ने सदन का बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भाजपा शासित राज्यों में कैग रिपोर्ट पर चर्चा न कराए जाने का मुद्दा उठाया। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रिपोर्ट पर तीन माह के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

भाजपा के एक दर्जन से अधिक विधायकों ने आरोप लगाया कि दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुए हैं। इस दौरान आप के विधायकों ने इन आरोपों का विरोध करते हुए कहा कि भाजपा इन मुद्दों को राजनी. तिक रूप से इस्तेमाल करने की को. शिश कर रही है। आप विधायक अनिल झा ने भाजपा विधायकों के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि ये रामलीला कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी दी, लेकिन कुछ देर बाद हंगामा बढ़ने पर उन्हें मार्शल आउट कर दिया। विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केवल दो रिपोर्ट सदन के पटल पर आई हैं और जैसे-जैसे और रिपोर्ट सामने आएंगी, आम आदमी पार्टी के काले चिट्ठे खुलेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेताओं को इन रिपोर्टों के सामने आने से डर है और वे परेशान हैं।

मुख्यमंत्री ने आप विधायकों पर हमला बोलते हुए कहा कि कोविड-19 के दौरान लाखों लोगों ने जो तकलीफें सहीं, उनके परिवारों के साथ जो घटनाएं घटीं, वह सोच कर दिल दहल जाता है। आज जब इस मुद्दे पर सदन में चर्चा हो रही है तो आप के विधायक हंस रहे थे। रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि पिछले दस सालों में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है।

## दो दोस्तों ने एक साथ की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में दो दोस्तों ने फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों जिगरी दोस्त थे। दोनों एक ही कमरे में फंदे से लटक गए। जांच में पता चला कि दोनों ने शराब पीने के बाद घटना को अंजाम दिया है। इनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि एक युवक के घर पारिवारिक कलह चल रही थी, जिससे वह परेशान था। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृत युवकों की शिनाख्त रोहि. हत वर्मा (27) और राहुल (18) के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# सीएम ने उपराज्यपाल के कार्यों को सराहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केदारनाथ त्रासदी का जिक्र करते हुए बड़े रोचक ढंग से उपराज्यपाल वीके सक्सेना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ में जब बादल फटा तो एक शिला थी, जिसने मंदिर को बचाए रखा।

उन्होंने कहा, षजिस प्रकार से शिला ने पानी के बहाव से मंदिर को बचाया, ऐसे ही आपने भी शिला की तरह उस सरकार के समय में काम किया और इस दिल्ली के प्रांगण/मंदिर को डूबने से बचा कर रखा। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को भलस्वा लैंडफिल साइट पर पौधारोपण अभियान का श्रीगणेश किया। कूड़ा मुक्त की गई करीब पांच एकड़ भूमि पर लगभग दो हजार बांस (बैंबू) के पेड़ लगाए गए हैं।अगले एक-डेढ़ माह में यहां 54 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदूषण मुक्त व सुंदर दिल्ली बनाने का संकल्प दोहराया और कहा कि दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करेंगे, आज यह पहला कदम है।दिल्ली को साफ व सुंदर बनाने का मिशन है, सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार, डबल रफ्तार से काम करेगी। लैंडफिल साइट को ग्रीन लैंड में विक. सित करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा, षपिछले सरकारें पहाड़ के बारे में बातें बहुत करती रहीं, लेकिन पहाड़ का सिरा भी नहीं पकड़ पाईं।ष उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री के साथ-साथ मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा व सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और बांस का पौधा रोपकर पौधारोपण अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा, षपिछले दो वर्षों में मेहनत करके यहां जमीन को खाली कराया गया है, यहां पौधारोपण कर आज एक नई शुरुआत की है। बांस का पेड़ सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला पेड़ है। बांस 30 प्रतिशत ज्यादा ऑक्सीजन देता है।

उन्होंने कहा कि इस पेड़ को कम पानी की जरूरत होती है और ज्यादा बढ़ता है। सालभर में 20-25 फीट ऊंचाई ले लेगा। हाईवे से गुजरने वालों को कूड़े के पहाड़ के बजाय हरियाली (ग्रीन पेच) नजर आएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने का वादा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पहाड़ से कूड़ा कम होने का श्रेय उप राज्यपाल को दिया और कहा कि पिछली सरकारें तो बातें करती रहीं। पहाड़ का सिरा भी नहीं पकड़ पाईं। पिछली सरकारों ने रूचि नहीं ली।

## एक नजर

### बदलते मौसम में किडनी व शुगर के मरीज बरतें सावधानी

**नई दिल्ली।** बदलते मौसम में अपना और अपने परिवार की देखभाल करके हम मानव जीवन बचा सकते हैं, खघसतौर पर किडनी और शुगर के मरीजों के साथ -साथ अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों की इम्यूनिटी पावर काफी कमजोर हो जाती है, इसलिए विशेष सावधानी बरत कर हम उनके जीवन को बचा सकते हैं। वर्धमान महावीर मेडिकल कालेज सफदरजंग अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ हिमांशु वर्मा ने बताया, कि वैश्विक महामारी कोरोना के बाद एक विशेष प्रकार के वायरस ने पैर फैलाए हुए हैं, जिससे की मरीज के खांसने पर उसकी छाती से आवाज आती है, जुकाम और बुखार हो जाता है, जिससे टाईफाइड और निमोनिया जैसी बीमारी हो जाती है। डाक्टर वर्मा ने कहा, कि इस बदलते मौसम में गर्म कपड़ों का अभी 15 दिन और नही करना है,साथ ही गर्मी लगने पर पंखा बिल्कुल ना चलाए, स्ट्रीट फूड ना खाएं, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचें, किडनी और शुगर के मरीज विशेष एहितायात बरतें। उन्होंने कहा,कि जान है तो जहान है, इसलिए हमारा अपना जीवन बचाने के लिए हमें स्वयं आगे आना होगा।

### महिला उद्यमियों को सम्मानित किया




**नई दिल्ली।** अपोलो टायर्स ने श्प्रोजेक्ट नव्याश की आठ महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। अपोलो टायर्स फाउंडेशन (एटीएफ) की पहल का उद्देश्य गांवों में रहने वाली महिलाओं को सशक्त बनाना है। अपोलो टायर्स फ्रेंच इंस्टिट्यूट इन इंडिया (आईएफआई) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में यह प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया। इस समारोह में फ्रांस के भारत में राजदूत डॉ. थियरी माथू और अपोलो टायर्स लिमिटेड के चेयरमैन ओंकार कंवर ने अपनी मौजूदगी से चार चांद लगाए। एक नाम अभियान के छठे संस्करण में अपोलो टायर्स और आईएफआई (फ्रेंच इंस्टिट्यूट इन इंडिया) ने ऐसी आत्मनिर्भर महिला कारोबारियों को सम्मानित किया, जिन्होंने मुश्किल हालात को पीछे छोड़कर अपने समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। लीना कृष्णकुमार, केरल, राजी केके, केरल, निलाम्बेन रमेशभाई परमार, गुजरात, स्नेहलबेन संजयभाई परमार, गुजरात, शबीरा अबुभाई शेख, महाराष्ट्र, वैशाली प्रवीण शेलार, महाराष्ट्र, संचिता डफल, महाराष्ट्र और जी देवी, तमिलनाडु को छठे एकनाम में सम्मानित किया गया।फ्रांस के भारत में राजदूत डॉ. थियरी माथू ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए अपोलो टायर्स और आईएफआई की महत्वपूर्ण साझेदारी की सराहना की। अपोलो टायर्स लिमिटेड के चेयरमैन, ओंकार कंवर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में 'वन फैमिली' के विचार को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि कंपनी समुदाय में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

### आहार 2025 प्रदर्शनी में लॉन्च किया प्रीमियम चीज गलेशिया

**नई दिल्ली।** पारस डेयरी ने श्आहार 2025श प्रदर्शनी के दौरान अपने प्रीमियम चीज ब्रांड श्गलेशियाश को लॉन्च किया है।। गलेशिया चीज पारस डेयरी के महाराष्ट्र स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में निर्मित है, जहां इसे विशेष रूप से चयनित उच्च गुणवत्ता वाले दूध से तैयार किया गया है। इसके स्वाद, क्रीमीनेस और समृद्ध बनावट को ध्यान में रखते हुए इसे घरेलू उपभोक्ताओं से लेकर फूड सर्विस प्रोफेशनल्स तक सभी के लिए आदर्श बनाया गया है। पारस डेयरी के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह ने कहा षगलेशिया चीज हमारे उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसकी बेहतरीन बनावट और स्वाद इसे हर तरह के व्यंजनों के लिए उपयुक्त बनाते हैं।

### स्कॉलरशिप प्रोग्राम लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** 'इंपैक्टएक्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम' आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ( ईडब्लूएस ) के छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर और कौशल विकास पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। ऑक्सिलो फिनसर्व ने अपना इंपैक्टएक्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम शुरू किया है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) के छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर और कौशल-विकास पाठ्यक्रमों की शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को उनकी वार्षिक शिक्षा लागत के लिए 1,00,000 तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी। ऑक्सिलो फिनसर्व के सीईओ और एमडी नीरज सक्सेना ने कहा, षशिक्षा किसी भी देश के विकास की नींव होती है। 'इंपैक्टएक्स स्कॉलरशिप प्रोग्राम' के जरिए हम जरूरतमंद छात्रों को उनके सपनों की पढ़ाई पूरी करने और उनके जीवन को संवारने में मदद करना चाहते हैं।

### बदलते मौसम से स्वास्थ्य होता है प्रभावित: डॉ. कालरा

**नई दिल्ली।** सर्दी के सितम से तमाम लोगों का दिल दगा दे रहा है. सर्दी में हार्ट अटैक के केस बढ़े हैं. बदलते में आपका हार्ट हेल्दी रहे. इसको लेकर कीर्ति नगर स्थित कालंरा अस्पताल के डायरेक्टर व दिल के मशहूर डॉक्टर आर एन कालरा ने बताया कि, ठंड में हार्ट की आर्टरीज सिकुड़ जाती हैं. जिससे हार्ट तक ब्लड धीरे-धीरे पहुंचता है. नतीजा हार्ट को पंपिंग अधिक करनी होती है. वहीं बदलते मौसम में हार्ट डिजीज के मरीजों के साथ ही हाई बीपी, शुगर, मोटापा, थायराइड, धूम्रपान और शराब पीने वालों को ज्यादा सावधान रहना चाहिए. इन लोगों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है । डॉ. कालरा बताते हैं कि, जिन मरीजों को हार्ट से संबंधी कोई परेशानी है, उन्हें अलसुबह टहलने नहीं जाना चाहिए. जब धूप निकल आए तब टहलें. योग करें, होम वर्कआउट या मेडिटेशन करें. दिल के रोगी को सप्ताह में 150 मिनट व्यायाम करना चाहिए. यदि आप ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, विटामिन डी, ब्लड शुगर, किडनी, वैस्कुलर जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं तो सर्दियों में इसका खास ख्याल रखें. समय-समय पर अपने वाइटल की जांच करते रहें।

### राजौरी गार्डन में जानलेवा हमला करने वाला पकड़ा

**नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन इलाके में सहयोगी के साथ मिलकर एक रिक्शा चालक के पेट में बीयर की टूटी बोतल घोंपने की वारदात में वांछित बदमाश सोनू को अपराध शाखा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी चार वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 2006 में राजौरी गार्डन इलाके में आरोपी ने अपने साथी के साथ एक विवाद में एक रिक्शा चालक के पेट में बीयर की टूटी बोतल घोंप दी थी और उसे गंभीर चोट पहुंचाई थी। आरोपी को तीस हजारी कोर्ट के मोरी गेट के पास से गिरफ्तार किया था। जमानत पर बाहर आने के बाद वह वापिस जेल नहीं गया। पिछले साल 29 नवम्बर को कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था।




केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान आहार 2025 के 39वें संस्करण का उद्घाटन करते हुए साथ में हैं आईटीपीओ के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला व अन्य।

# हर खाने की मेज पर एक भारतीय व्यंजन हो : चिराग पासवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक दिन ऐसा आना चाहिए जब दुनिया भर में हर खाने की मेज पर एक भारतीय व्यंजन हो । यह बात केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने आहार 2025 के 39वें संस्करण का उद्घाटन करते हुए कही।

इस अवसर पर आईटीपीओ के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला और आईटीपीओ के कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल, विदेशी प्रतिनिधि, प्रतिभागी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर चिराग पासवान ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सहयोग से प्रमुख कार्यक्रम आहार - अंतर्राष्ट्रीय खाद्य और आतिथ्य मेला आयोजित करने के लिए आईटीपीओ की सराहना की। उन्होंने भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की विशाल क्षमता और देश के आर्थिक विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया ताकि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत / 2047 के दृष्टिकोण को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत "विश्व की खाद्य टोकरी" बनने के लिए काम कर रहा है और "हर खाने की मेज पर एक भारतीय खाद्य उत्पाद" ला रहा है।

इस मौके पर स्वागत भाषण में आईटीपीओ के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला ने कहा कि आहार के इस संस्करण में कई अनूठी विशेषताएं हैं। आहार के 39वें संस्करण का आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और आईटीपीओ द्वारा कई जीवंत और सक्रिय संघों के समर्थन से संयुक्त रूप से किया जा रहा है। पहली बार हम इसे 1,12,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में आयोजित कर रहे हैं, जिसमें खाद्य उद्योग के पूरे स्पेक्ट्रम का प्रदर्शन किया जाएगा।

इस बार 22 देशों के 80 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर आईटीपीओ की ओर से सीएमडी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का समापन आईटीपीओ के ईडी प्रेमजीत लाल द्वारा एसोसिएशनों, मीडियाकर्मियों, प्रतिभागियों और अन्य लोगों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## पहलवान सुशील कुमार को हत्या के मामले में जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ओलंपिक विजेता सुशील कुमार को हत्या के मामले में जमानत दे दी है। सुशील ने मई 2021 में साथी पहलवान सागर धनखड़ की पीटकर हत्या की थी। इससे पहले उन्हें पहले जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए सात दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। पहलवान सुशील कुमार को जमानत मिलने पर उनके वकील एडवोकेट आर एस मलिक ने कहा कि इसमें काफी देरी हुई है। वह पिछले 3.5 साल से जेल में है। सभी गवाहों की जांच हो चुकी है। उसके खिलाफ अभी तक कोई सबूत पेश नहीं किया गया है। अदालत ने इसे जमानत के आधारों में से एक माना, इसलिए उसे आज जमानत दे दी गई। 31 गवाहों की जांच हो चुकी है।

# तेज हवाओं का अलर्ट, मौसम बदलने से चढ़ेगा पारा

**दिल्ली में 20-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जल्द ही मौसम बदलाव नजर आएगा । मौसम विभाग के अनुसार उत्तर पश्चिमी भारत में आए पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज और कल दिल्ली में 20-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। वहीं 6 मार्च के बाद से तापमान बढ़ना शुरू होगा।

अधिकतम तापमान सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक 31.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.2 डिग्री कम 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

दिल्ली में मार्च का औसत अधिकतम तापमान 28.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री रहता है। सप्ताह के अंत में न्यूनतम व अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो जाएगी। रविवार तक अधिकतम तापमान 31-33 डिग्री के बीच और न्यूनतम तापमान 15-17 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

दिल्ली में इस साल 26 फरवरी को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस साल जनवरी और फरवरी महीने में बारिश काफी कम हुई है। जनवरी में 19.2 और फरवरी में 21.5 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार 6.5 और 1.4 मिमी हुई है। मार्च के शुरुआत के दो दिनों में 2.0 मिमी दर्ज की गई है। मार्च में पूरे महीने में 19.1 मिमी बारिश दर्ज की जाती है। उत्तर पश्चिमी भारत में आए पश्चिमी विक्षोभ के असर से चार व पांच मार्च को दिल्ली में 20-30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है। इस कारण से दो दिन तापमान 25-28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10-13 डिग्री के बीच रहेगा। 6 मार्च से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरु होगी।

सप्ताह का अंत आते-आते अधिकतम तापमान 30-33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15-17 डिग्री पहुंच जाएगा। इससे दिन और रातें दोनों गर्म हो जाएगी। पश्चिमी विक्षोभ का असर दिल्ली और उसके आसपास नहीं दिखेगा। इस कारण यह सप्ताह शुष्क रहेगा। मौसम साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी।

# यूटीएएम सिस्टम से लैस हुआ दिल्ली एयरपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूनिफाइड टोटल एयरसाइंड मैनेजमेंट (यूटीएएम) सिस्टम से अब दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों को मॉनिटर किया जाएगा। विमानों के बेहतर संचालन में यह सिस्टम मददगार साबित होगा। इससे विमानों की लेटलतीफी को कम किया जाएगा। एयरपोर्ट संचालित करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने इसे एयर साइड ऑपरेशन को सुरक्षित और बेहतर बनाने के इरादे से एयरपोर्ट को इस सिस्टम से लैस किया है। यूटीएएम के माध्यम से एयरपोर्ट के विभिन्न सोर्स से रियल-टाइम डाटा इकट्ठा कर विमानों के मूवमेंट, ग्राउंड सर्विस इक्विपमेंट (जीएसई) और एयरसाइड व्हीकल की गतिविधियों को मॉनिटर किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर काम करने वाला यह स्मार्ट सिस्टम काम करेगा। साथ ही किसी तरह की कोई समस्या होने पर पहले ही अलर्ट भेज देगा। एआई के साथ ही मशीन लर्निंग (एमएल), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) और रडार सिस्टम जैसे अत्याधुनिक तकनीकों से इस सिस्टम को जोड़ा गया है। इससे विमानों का संचालन बेहतर और सुरक्षित हो सके। यह सिस्टम विमानों के मूवमेंट को आसमान में भी ट्रैक करता रहेगा। यह ट्रैकिंग तीन चरण में की जाएगी। एयरक्राफ्ट जैसे ही 70, 40 और 10 मील की दूरी को पार करेंगे।

# यमुना खादर में झुग्गियां खाली कर रहे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के यमुना खादर इलाके में झुग्गियों को हटाने का अभियान चलने जा रहा है। उससे पहले ही लोग अपनी झुग्गियां खाली कर रहे हैं।

उच्च न्यायालय ने नर्सरी कल्याण एसोसिएशन द्वारा नर्सरी उखाड़ने के मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। मामले में दिल्ली-2021 के मास्टर प्लान के जोन 'ओ' यानी यमुना बाढ़ के मैदान में आने वाले यमुना खादर के क्षेत्र में काम करने वाली नर्सरी कल्याण एसोसिएशन ने याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने कहा है कि राजधानी में यमुना नदी का जलस्तर सीमा पार कर चुका है और इसके पुनरुद्धार और कायाकल्प में किसी भी तरह का हस्तक्षेप उचित नहीं है। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि यमुना नदी की वर्तमान स्थिति उस सीमा को पार कर गई है, जहां इसके कायाकल्प और बहाली के प्रयासों में किसी भी तरह का हस्तक्षेप चाहे वह मानवीय या सहानुभूतिपूर्ण विचारों की आड़ में हो उचित नहीं ठहराया जा सकता।

एसोसिएशन डीडीए की तरफ से उनकी नर्सरियों को उखाड़ने और बुलडोजर से सभी वृक्षारोपण को नष्ट करने की कार्रवाई से व्यथित थी। उसका कहना था कि यह कार्य नियमविरुद्ध तरीके से किया गया।

## दो करोड़ दुल्हन के कपड़ों की रॉबरी, दो सीसीएलएस व एक महिला दबोचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के फतेहपुर बेरी थाने की टीम ने एक प्रसिद्ध बुटीक से दो करोड़ से अधिक मूल्य के महंगे डिजाइनर दुल्हन के कपड़ों की चोरी से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल रॉबरी मामले को सुलझा कर दो नाबालिग और एक महिला को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से दो करोड़ से अधिक मूल्य की रोब वस्तुएँ बरामद की है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि 1 मार्च को लगभग 2 बजे,महंगे डिजाइनर दुल्हन के कपड़ों की चोरी की फतेहपुर बेरी थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई।पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और फोन करने वाले व्यक्ति से मिले, जो एक फार्महाउस का सुरक्षा गार्ड था। उसने बताया कि जब वह फार्महाउस में ड्यूटी पर था, जहां बुटीक चल रहा था, रात करीब 11:15 बजे एक महिला दो अज्ञात व्यक्तियों के साथ उसके पास आई। उसने खुद को मालिक का रिश्तेदार बताया। सुरक्षा गार्ड का विश्वास जीतकर उसने वॉशरूम का इस्तेमाल करने के बहाने शोरूम में प्रवेश करने का अनुरोध किया।इस दौरान अचानक, दो नकाबपोश व्यक्तियों ने गार्ड को दबोच लिया और उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद आरोपियों ने शोरूम में लूटपाट की और डिजाइनर दुल्हन के कपड़े चुरा लिए। कुछ देर बाद, गार्ड ने खुद को छुड़ाया।

## भाजपा नेता ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त कोई कार्यालय में नहीं था। भजनपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, अवधेश कुमार अपने परिवार के साथ तुकमीरपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी सुधा, बेटा संजय, बेटी है। परिवार ने बताया कि अवधेश कुमार सुबह करीब सात बजे बिना कुछ बताए घर से चले गए थे। आशंका है वह सीधे जिला कार्यालय पहुंचे। दिन में 11 बजे भजनपुरा थाना को भाजपा के उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय के नेताओं ने सूचना दी कि अवधेश कुमार ने अंदर से कार्यालय का गेट बंद किया हुआ है। वह खोल नहीं रहे हैं। पुलिस ने किसी तरह से गेट को खोला। अंदर गए तो देखा कि अवधेश कुमार ने आइटी विभाग के कमरे में पंखे के सहारे फंदा लगाया था।

# पॉलिसी को बढ़ाने का झांसा देकर जालसाजी करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सीनियर सीटिजन से संपर्क करके उनकी हेल्थ पॉलिसी को आगे बढ़ाने का झांसा देकर उनसे हजारों रुपये ऐठने वाले एक जालसाज प्रियेश गिरी को उत्तरी-पश्चिमी जिला की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना ठिकाना बदल रहा था। उसने अपने सहयोगी के साथ मिलकर पिछले तीन साल में 50 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को ठगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर थाना पुलिस को 74 साल की गुरमैथ कैंथ से एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि पॉलिसी बाजार का एजेंट प्रियेश उनके स्वास्थ्य बीमा के नवीनीकरण के लिए उनके घर आया था। उसने पॉलिसी की राशि कथित खाते में ट्रांसफर कर दी और उसे अपने व्हाट्सएप पर आदित्य बिड़ला की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी मिल गई। उसने पॉलिसी का सत्यापन करवाया जो जाली थी। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी रणजीत सिंह ढाका की देखरेख में एसएचओ दिनेश दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। आरोपी का फोन नंबर और बैंक खाता नंबर लेकर जांच शुरू की। आरोपी के घर पर छापमारी की। वह अपने रजिस्टर्ड घर पर नहीं मिला। इसके अलावा उसके डिजिटल फुटप्रिंट उठाए गए, डोमेन की जांच की गई और मैनुअल और तकनीकी निगरानी के बाद, आरोपी प्रियेश गिरी को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

विज्ञापित निविदा सूचना सं. **128-डब्ल्यू/280/एनआईटी-44/2024-25/डब्ल्यू-3 दिनांक 19.02.2025** को जो एक निविदा यानी "सहायक मंडल अभियंता/दिल्ली के तहत वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/दिल्ली/स्टेशन के अनुभाग में दिल्ली मुख्य स्टेशन के 1 से 16 तक विभिन्न प्लेटफार्म के स्तंभ पीठ की मरम्मत और सुधार। **₹99,98,017.90/-** तथा **EMD of ₹2,00,000/-** को प्रशासनिक आधार पर IREPS से हटा दिया गया है।

सं. 128-डब्ल्यू/280/एनआईटी-44/2024-25/डब्ल्यू-3
दिनांक 04.03.2025 689/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता-III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई-निविदा आमंत्रण।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/डीएलआई/स्टेशन के सेक्शन में दिल्ली मुख्य स्टेशन के 1 से 16 तक विभिन्न पीएफ के कॉलम पेडेस्टल की मरम्मत पीएफ सतह पीएफ शेल्टर फाउंडेशन का उन्नयन और मरम्मत। |
| कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु.99,98,040.30 (रुपये निन्यानवे लाख अट्ठानवे हजार चालीस और तीस पैसे मात्र) |
| बयाना राशि (रुपये) | रु.2,00,000/- (रुपये दो लाख मात्र) |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु.0.00 |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.03.2025 को 15:00 तक। |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| आवंटन | 04-410-32 |

- ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
- निविदा संख्या : 128-डब्लू/280/ई-निविदा सूचना/49-2024-25/डब्लू-3 दिनांक : 04.03.2025

692/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

## विधायक ने रजिस्ट्री ऑफिस की समस्याओं से मंत्री को कराया अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** लखनऊ प्रवास के दौरान प्रदेश के स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविन्द्र जायसवाल से मुलाकत कर मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र की तहसील मोदीनगर के निबंधन कार्यालय की समस्याओं से ज्ञापन द्वारा अवगत कराया। मंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि तहसील मोदीनगर के निबंधन कार्यालय में हर वर्ष लगभग 25000 रजिस्ट्री की जा रही है। जिसका स्टाम्प लगभग 176 करोड़ रूपये उत्तर प्रदेश सरकार को दिया जा रहा है। निबंधन कार्यलय में जगह कम होने के कारण बैठना तो छोड़ो खड़े होने, पानी पीने एवं शौचालय तक की भी कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। मंत्री जी से आग्रह किया कि बढ़ती रजिस्ट्री और आम जन को हो रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए एक अन्य ऑफिस की सुविधा उपलब्ध करायी जाये ताकि दस्तावेज पंजीकृत कराने आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

## बिल्डर्स सोसाइटी की बालकनी से गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक युवक बिल्डर्स सोसाइटी की बालकनी से गिरकर अपनी जान गंवा बैठा। यह घटना 4 मार्च की सुबह करीब 3:15 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शुरुआती निष्कर्ष भी सामने आए हैं।

इस मामले में मृतक की पहचान शुभम शर्मा (पुत्र संजय शर्मा) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे और बिल्डर्स सोसाइटी के फ्लैट नंबर ।-305 में रहते थे। पुलिस की शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा से पता चला कि शुभम अपने ऑफिस से काफी देर रात लौटे थे और उस समय नशे की हालत में थे। अत्यधिक नशे की वजह से वह अपने फ्लैट तक नहीं पहुंच सके और सोसायटी की पहली मंजिल की बाल. कनी में जाकर बैठ गए। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने के कारण वह फिसलकर नीचे गिर पड़े, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

इंदिरापुरम पुलिस आयुक्त अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक की जांच में यह दुर्घटना प्रतीत हो रही है और किसी भी तरह के अपराध या साजिश का कोई संकेत नहीं मिला है। फिर भी, सभी संभावित एंगल से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## दादरी का फर्जी थाना प्रभारी बन 11 लाख की ठगी करने वाले पति-पत्नी अरेस्ट

**गाजियाबाद।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पति-पत्नी को साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी दंपति पर अपने जानकार से 11 लाख रुपये ठगने का आरोप है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि ठगी का शिकार हुए पीड़ित सीताराम पांडे ने इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रीति पीड़ित को पहले से जानती थी। सीताराम पांडे ने ही प्रीति की शादी अनिल कुमार से कराई थी। प्रीति ने कई बार अलग-अलग बहाने बनाकर पैसे मांगे। कभी पति की नौकरी छूटने का बहाना बनाया तो कभी जीजा की मौत का। इसके बाद दंपति ने एक नई चाल चली। चाल के अनुसार, अनिल ने एक नया मोबाइल नंबर लिया और उस पर पुलिस की डीपी लगा ली और खुद को दादरी का थाना प्रभारी बताते हुए सीताराम पांडे को मैसेज किया। प्रीति ने पीड़ित को बताया कि उसकी बहन के पति की मौत के मामले में पुलिस जांच कर रही है और सीताराम भी शक के दायरे में हैं। पीड़ित ने डर के मारे दंपति को अलग-अलग समय पर कुल 11 लाख रुपए दे दिए। लेकिन जब उन्हें ठगी का पता चला तो इंदिरापुरम थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले में शिकायत मिलने के बाद जांच में जुटी पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस ने जांच की और आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया।

# फ्लैट दिलाने के नाम पर 2.66 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

## बिल्डर कंपनी के खिलाफ केस दर्ज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में एक बड़ा आर्थिक अपराध सामने आया है, जिसमें फ्लैट दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस संबंध में माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गाजियाबाद के आदेश के अनुपालन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 175(3) बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी है, और सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। इस प्रकरण में वादिया कामाक्षी शर्मा, निवासी ए-1/7, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली, ने शिकायत दर्ज कराई कि बिल्डर कंपनी मैसर्स साया होम्स प्रा. लि. और उसके अधिकारियों ने उनसे फ्लैट दिलाने के नाम पर 2 करोड़ 66 लाख रुपये की भारी धनराशि ली, लेकिन बाद में फ्लैट न देने और पैसे हड़पने की घटना सामने आई। इस मामले में जिन व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है, उनमें विकास भसीन, अमित खन्ना, मुकेश, मनोज जैन और भावना का नाम शामिल है। शिकायत के आधार पर थाना इंदिरापुरम में मु.अ. सं. 0269/2025 के तहत धारा 316(1), 316(2), 318(1), 318(3), 318(4), 323 व 61(2) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। यह मामला निवेशकों और खरीदारों के लिए एक गंभीर चेतावनी है, जो रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करते समय उचित सावधानी नहीं बरतते। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार, इस मामले की जांच उपनिरीक्षक अभिमन सिंह को सौंपी गई है। वह इस मामले की निष्पक्षता से जांच करेंगे और सभी साक्ष्यों को संकलित कर कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की धोखाधड़ी दोबारा न हो।

## विज्ञान कोलोक्वियम 2.0: नवाचार और प्रेरणा का संगम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में 3 मार्च 2025 विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान और नवाचार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. वर्मा (पूर्व सलाहकार, वैज्ञानिक-जी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) थे। उन्होंने अपने उद्घाटन संबोधन में विज्ञान एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सतत अनुसंधान और नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

'विज्ञान दर्पण' के दूसरे अंक का विमोचन हुआ। इस विज्ञान पत्रिका में विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए शोध लेख एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रचनाएँ प्रकाशित की गई हैं। विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी में कुल 17 नवाच. ारपरक परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर डॉ. एस. विश्वनाथन डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन, एसएंडएच), और डॉ. धोम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) ने की। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने विज्ञान के क्षेत्र में विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और उन्हें निरंतर प्रयोगशील बने रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के फैशन क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा रोबोटिक्स थीम पर रैंप वाक प्रस्तुत किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई।

## 9 मार्च को होगा कश्यप-निषाद संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन

# गोल्डन व्यू रिसोर्ट में होगा आयोजन, कई राज्यों के प्रभारी भी रहेंगे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कश्यप -निषाद समाज की ओर से 09 मार्च 2025 को राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन गाजियाबाद के गोल्डन व्यू रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप जो कि इस संगठन के मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम सुबह करीब 10 बजे से लेकर शाम को 5 बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम का मकसद कश्यप-निषाद समाज के लोगों को एकजुट करने के साथ ही संगठन को मजबूत बनाने का रहेगा। वहीं वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश चुनाव को लेकर भी इसमें महत्वपूर्ण रणनीति बनाई जाएगी। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र भारत राज्य मंत्री और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप भी तमाम विषयों पर गंभीरता के साथ विचार रखेंगे। बता दे कि नरेंद्र कश्यप कश्यप बता दे कि नरेंद्र कश्यप कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष होने की वजह से इस पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे स्वागत के बाद उनका संबोधन होगा और कार्यक्रम समापन पर भी वह अपने विचार व्यक्त करेंगे।

नरेंद्र कश्यप सहित कई वक्ता रखेंगे अपने विचार कश्यप- निषाद समाज की ओर से गोल्डन व्यू रिजॉर्ट गाजियाबाद में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन का मकसद पूरे देश के कश्यप-निषाद समाज को एकजुट करने के साथ ही राजनीतिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में प्रस्तावना एवं भाषण कश्यप-निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप रखेंगे। तो वहीं राष्ट्रीय महासचिव रामकुमार कश्यप स्वागत भाषण देंगे। इसके साथ ही समर्थन भाषण राजवीर कश्यप राष्ट्रीय महासचिव वेद कश्यप ,राष्ट्रीय महासचिव व सुल्तान कश्यप अपनी स्पीच देंगे।

दिल्ली से लेकर राजस्थान तक से आएंगे प्रभारी और कार्यकर्ता कश्यप;निषाद संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रांतीय संगठन के कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। तो वही दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कश्यप, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चतर सिंह कश्यप, उत्तर प्रदेश के रामकुमार व नंदलाल बाथम चंडीगढ़ से हेमराज कश्यप, राजस्थान से दिनेश कुमार कश्यप वे युवा उत्तर प्रदेश प्रकोष्ठ के चिंटू कश्यप वह फिर इस कार्यक्रम का धन्यवाद प्रस्ताव भी राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप द्वारा दिया जाएगा इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर कश्यप निषाद समाज भविष्य की रणनीति बनाने का काम करेगा इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी इस कार्यक्रम के जरिए विचार विमर्श किया जाएगा।

संगठन को मजबूत और कश्यप निषाद समाज को बनाना है सशक्त नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश के कश्यप निषाद समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप संगठन को मजबूत बनाने पर जोर देंगे तो वही कश्यप निषाद समाज को सशक्त बनाने पर भी जोड़ दिया जाएगा उनका कहना है कि यह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है यह एक सामाजिक और समाज का कार्यक्रम है। जिसमें दोनों ही समाज के लोगों और प्रबुद्ध वर्ग को आमंत्रित करते हुए इसे सफल बनाने की तैयारी को अभी से शुरू कर दिया गया है।

## रावली-सुराना मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग

**मुरादनगर।** रावली-सुराना मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति ने नगर पालिका पर प्रदर्शन किया। इस दौरान मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति के जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी और किसान नेता सतेंद्र त्यागी के नेतृत्व में पदाधिकारी नगर पालिका पहुंचे और हंगामा किया। उनका कहना है कि रावली-सुराना मार्ग पर दुकानों के बाहर तक अतिक्रमण है। इससे सड़क हादसे हो रहे। चार दिन पहले हादसे की वजह से विवाद हो गया था। उन्होंने ईओ डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में अतिक्रमण नहीं हटा तो पालिका का घेराव कर धरना दिया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने जल्द अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने को कहा है।

# भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत जन औषधि दिवस के पखवाड़े के तहत एक कदम मातृशक्ति की ओर कार्यक्रम के तहत कौशांबी जयपुरिया मार्केट में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉक्टर मनोज गोयल डॉ प्रीति वर्मा ओसियन अग्रवाल जन औषधि केंद्र के प्रबंधक सुरेश मित्तल उपस्थित रहे पार्षद द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सस्ते इलाज और सस्ती दवाई अभियान को चलाई जाने पर उनको बधाई दी गई और इस जन् औषधि केंद्र से लोगों को मिल रहे लाभ के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को हर कार्य में प्रोत्साहन दे रही है दिल्ली की मुख्यमंत्री महिला इसका एक उदाहरण है इस अवसर पर आई महिलाओं को औषधि केंद्र द्वारा गिफ्ट भी बांटे गए इस अवसर पर जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी के अध्यक्ष के एल सचदेवा समाजसेवी एस आर सिंह रेनू मल्होत्रा विमला भट्ट अनीता खंडेलवाल पवित्रा रेनू नेगी नीलम रावत सहित बड़ी संख्या में महिलाओं में भाग लिया।

## मोदीनगर में दर्जनों ने ली युवा रालोद की सदस्यता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** युवा राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। वार्ता में गोविंदपुरी निवासी दीपक चौधरी को जिला महासचिव, अमित त्यागी निवासी लोनी जिला महासचिव, सुमित तेवातिया जिला उपाध्यक्ष व दर्जनों साथियों को युवा राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलाई गई। जिलाध्यक्ष ने सभी से पार्टी के हित में कार्य करने का आह्वान किया। मंच का संचालन भी युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष डा रेखा चौधरी, युवा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय महासचिव डा पूनम गर्ग, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक चौधरी, युवा लोकदल मेरठ के जिला अध्यक्ष प्रशांत चौधरी, राहुल गुर्जर सीकरी, योगेश फफराना, महिला जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी, तेजवीर सिंह, प्रोफेशनल मंच जिला अध्यक्ष अरुण दहिया वरिष्ठ नेता सतेंद्र तोमर, आशीष किशोरी, उम्मेद भाम्ब्रिक, दिनेश चौधरी, ललित सेन, रामभरोसे लाल मौर्य, युवा जिला महासचिव विपिन गुलिया, अवधेश दीक्षित, रीता चौधरी अध्यक्ष नगर पंचायत पतला, देवेंद्र चौधरी चेयरमैन पति पतला, अजीत खंजरपुर, सतीश राठी गौरव तेवटिया, अमित चौधरी, सुरेंद्र पाल सिंह, चौधरी बीर सिंह, पुरु चौधरी, शेखर चौधरी, सौरभ, अविनाश चौधरी, आकाश चौधरी, विकास राजपूत, पिंटू जाटव प्रदीप कर्दम, राम विजय, उपेंद्र चौधरी ललित सेन, अशोक प्रथमगढ़, उपेन्द्र फजलगढ़, अवधेश शर्मा नगर अध्यक्ष आदि सैकड़ो कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एचएलएम कॉलेज में यूनियन बजट के ऊपर संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एचएलएम कॉलेज में यूनियन बजट के ऊपर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे मुख्य वक्ता के तौर पर द हिंदू बिजनेस लाइन के एसोसिएट एडिटर शिशिर सिन्हा ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात कॉलेज के निदेशक डॉ अनुज अग्रवाल में सहायक निदेशक डॉक्टर धीरज शर्मा ने शिष्य सिंह का बुके देकर स्वागत किया।

अपनी स्वागत भाषण में कॉलेज के निदेशक डॉ अनुज अग्रवाल ने बताया की एचएलएम कॉलेज पिछले 20 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है एचलम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत पांच कॉलेजों में 18 कोर्सेज की शिक्षा दी जा रही है कॉलेज समय समय पर विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी व विद्वान एक्सपर्ट्स के की व्याख्यान आयोजित करता रहा है जिससे न केवल छात्रों बल्कि अध्यापकों को भी ज्ञान में मार्गदर्शन प्राप्त होता है उन्होंने एचएलएम कॉलेज में चल रही विभिन्न शैक्षणिक सांस्कृतिक व खेल संबंधी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने बताया की बच्चों का सर्वांगीण विकास करना एचलम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस का मुख्य ध्येय है।

एचलम ग्रुप के सहायक निद. ेशक धीरज शर्मा ने पिछले वर्ष से कॉलेज द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी व अगले कुछ समय में होने वाले विभिन्न शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि आज के व्याख्यान का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के बारे में छात्रों को विस्तार से अवगत कराना है। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य वक्ता शिशिर सिन्हा ने बताया कि भारतीय सरकार का यह बजट आम जनता में मध्यम वर्ग के लिए बनाया गया है इस बजट के माध्यम से सरकार का उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है उन्होंने उन्होंने कृषि उद्योग व सेवाओं के क्षेत्र में बजट से होने वाले लाभ को चिन्हित किया।

उन्होंने कृषि क्षेत्र , एमएसएमई व उद्योग की चिंताओं के बारे में छात्रों से अपने विचार साझा किया तथा बजट में उनके लिए क्या-क्या सुविधा प्रदान की गई हैं उन पर भी अपने विचार व्यक्त किए। इनकम टैक्स में छूट देकर सरकार ने मध्यम वर्गीय लोग वह वेतन भोगियों के लिए राहत प्रदान की है जिससे कि मध्यमवर्गीय लोग ने केवल उपभोग बल्कि बचत व निवेश भी कर सकें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विभिन्न अध्यापकों में छात्र-छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

इस अवसर पर मंच का संचालन पूर्वी गर्ग ने किया तथा संस्थान के सहायक निदेशक डॉ धीरज शर्मा ने कार्यक्रम के अंत में सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सहयोग करने वालों में डॉ मोहित जिंदल, डॉ राजेश कुमार, डॉ दीपक त्यागी, डॉ अर्जुन सिंह पवार, अजीत कश्यप, पंकज गर्ग, डीआर ममता चौधरी डॉ कविता, मलिका चौधरी आदि रहे।


### खोया-पाया

मेरी हाई स्कूल वर्ष 2015 की अंक तालिका अनुक्रमांक नंबर 0320725 वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग अन्य के लिए अवैध होगा।

**श्रीमती गीता चौधरी पत्नी अंकित निवासी शाई गार्डन कॉलोनी चिपियाना थाना बिसरख गौतम बुद्धनगर।**

### अदालती सूचना

**न्यायालय खफीफा जज गाजियाबाद।**

**इजराय सं0- 10/2024**

राकेश कुमार पुत्र स्व० श्री त्रिलोकचन्द द्वारा मुख्तयारेआम मोहित वर्मा पुत्र श्री राकेश कुमार, निवासी के.बी.-7, कविनगर गाजियाबाद जिला गाजियाबाद।

...प्रार्थी/डिग्रीदार

**बनाम**

शब्बीर पुत्र अब्दुल गफूर, कार्यरत दुकान नं0-115/6 त्रिलोकचन्द मार्किट जस्सीपुरा गाजियाबाद।

...विपक्षी / मदयून

हरगाह डिग्रीदार वादी ने आपके नाम एक नालिश इजराय बाबत किराया बेदखली दायर किया है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07 माह 03 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के, असालतन अथवा मार्फत वकील के, जो मुकदमे के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेजात पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर आप बरोज मजकूर हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 03 माह 03 सन् 2025 ई० जारी किया गया।

**ह0 मुन्सरिम,**
**न्यायालय खुफीफा जज गाजियाबाद।**


## दूधेश्वर नाथ मंदिर में गुरुकुल के छात्रों ने टीम इंडिया की जीत के लिए किया हवन

**गाजियाबाद।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मैच खेला जा रहा है। इस बार भारतीय टीम की नजरें मुकाबले को जीतकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने की है। इस बीच उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले से खबर आई है कि भारतीय टीम की जीत के लिए प्रसिद्ध दूधेश्वर नाथ मंदिर के गुरुकुल में छात्र हवन और मंत्र जाप कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुकुल के छात्र टीम इंडिया की जीत के लिए हवन और मंत्र जाप कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक मंदिर अपनी पौराणिक महत्ता के लिए जाना जाता है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में रावण और उनके पिता यहां पूजा-अर्चना के लिए आते थे।

# आईटीएस कॉलेज में क्लीनिकल एकेडमिक एनहेन्समेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी ओरल पैथोलॉजी एवं पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभागों के द्वारा बीडीएस इंटर्न्स के लिये दो दिवसीय क्लीनिकल एकेडमिक एनहेन्समेंट कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 85 इंटर्न्स ने भाग लिया जिसमें छात्रों को तीन समूह में विभाजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनके क्लीनिकल ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें नवीनतम उपचार की प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पहले समूह को ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग की फैकल्टी द्वारा ''इमर्जिंग रोल ऑफ सीबीसीटी- ए. 3डी. इमेजिंग मोडेलिटी इन डेन्टिस्ट्री'' विषय पर विभिन्न व्याख्यान एवं हैंड्स-ऑन प्रस्तुत किये गये जिसमें उन्होंने सभी छात्रों को सी.बी.सी.टी. के उपयोग की मूल प्रक्रिया के बारे में पूर्ण जानकारी दी गयी। इसके साथ ही उन्होंने सी.बी.सी.टी. के प्रमुख और अन्य 2डी. और 3डी. इमेजिंग तौर-तरीकों के अंतर को रेखांकित किया तथा छात्रों को इमेज इंटरप्रिटेशन, नर्व ट्रेसिंग और आर्टिफैक्ट्स के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही छात्रों को इम्प्लांट प्लानिंग करने में सी.बी.सी.टी. की भूमिका पर हैंड्स-ऑन दिया गया और इसके साथ-साथ सिर और गर्दन के हिस्से के विभिन्न प्रकार की हड्डी की गुणवत्ता का आकलन करने के लिये सी.बी.सी.टी. सॉफ्टवेयर का अभ्यास करने के साथ छात्रों को इमेज को पढ़ने एवं व्याख्या करने के लिये भी प्रषिक्षित किया।

ओरल पैथोलॉजी विभाग की फैकल्टी द्वारा भी ''अटैनिंग द मैक्सिमम प्रिसिशन इ नचेयर साइड एंड नॉन इनवेसिव मेथोडोलोजिज इन डायग्नोसिस एंड रिसर्च'' विषय पर विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये गये जिसमें उन्होंने सभी छात्रों को बताया की वह कैसे दंत चिकित्सा के अभ्यास में रिसर्च एवं विभिन्न प्रकार के अध्ययन करके अपने ज्ञान को बढ़ा सकते है। इसके साथ ही उन्होंने पीसीआर कार्यप्रणाली और मौलिक अनुसंधान में इसके महत्व के बारे में छात्रों को अवगत कराया तथा छात्रों को जीनोमिक्स की भूमिका के बारें मे भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पीसीआर कार्यप्रणालियों के मूल सिद्धांतों के बारे बताया गया एवं इसके साथ-साथ इस विषय पर हैंड्स-ऑन भी दिया गया। इसके बाद छात्रों के साथ फंडामेंटल ऑफ सिस्टेमैटिक रिव्यू के बारे में पूर्ण चर्चा की गयी।

पब्लिक हैल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग की फैकल्टी के द्वारा भी सभी छात्रों को ''पेरियोडोंटल डिजीज, ओरल कैंसर और टूथ वियर रिस्क असेसमेट'' विषय पर विभिन्न व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। जिसमे में उन्होंने छात्रों को इस विषय से जुड़े जोखिमों एवं उसके मूल्यांकन से अवगत कराया तथा छात्रों को पेरियोडोंटल रिस्क असेसमेंट टूल का उपयोग करके पेरियोडोंटल रिस्क असेसमेंट पर हैंड्स-ऑन दिया गया। इसके बाद छात्रों ने विशेषज्ञ की निगरानी में रोगियों पर इसका अभ्यास भी किया। इसके बाद छात्रों को कैम्ब्रा विषय पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया और छात्रों को मरीज पर बेसिक इरोसिव वेयर एग्जामिनेशन (बीईडब्ल्यूई) और टूथ वियर इवैल्यूएशन सिस्टम का उपयोग करके टूथ वियर रिस्क असेसमेंट पर एक हैंड्स-ऑन दिया गया तथा डेमोंस्ट्रेशन भी दिया गया। जिसके उपयोग से सभी छात्र रोगियों को बेहतर उपचार प्रदान कर सकते है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी छात्रों को क्लीनिक एवं एकेडमिक के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर फोटोग्राफर की मौत

## शादी में फोटोग्राफी कर बाइक से अपने गांव लौट रहा था युवक, अचानक हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना खेकडा क्षेत्र की एनबीसीसी कॉलोनी में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर मंगलवार को सुबह करीब पांच बजे किसी अज्ञात वाहन ने शादी से लौट रहे एक फोटोग्राफर की बाइक में टक्कर मार दी जिससे फोटोग्राफर की मौकें पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मृतक की पहचान गांव बासौली निवासी विजय के रूप हुई। पंचनामा भरने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस दुर्घटना करने वाले वाहन चालक का पता लगा रही है।



मृतक विजय का फाइल फोटो

थाना रमाला क्षेत्र के गांव बासौली निवासी सुरेंद्र का 25 वर्षीय पुत्र विजय फोटोग्राफी का कार्य करता था। गत सोमवार की रात वह गाजियाबद एक शादी में फोटोग्राफी करने के लिए गया था। बताया गया है कि मंगलवार को वह शादी समारोह से बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। सुबह करीब 5 बजे जब वह दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एनबीसीसी कालौनी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लए भेजा। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान विजय पुत्र सुरेंद्र निवासी बासौली के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। युवक की मौत की खबर सुनकर परिवार में शोक की लहर दौड गई। पुलिस वाहन चालक का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# धारदार हथियार से हमला कर पति-पत्नी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के मौहल्ला केतीपुरा में पडोसियों ने घारदार हथियारों से हमला कर पति-पत्नी को घायल कर दिया। पीडित ने इस संबंध में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।



नगर के मौहल्ला केतीपुरा निवासी हासिन के अनुसार उसके पडोसी उसके परिवार के साथ रंजिश रखते हैं और कई बार उनके साथ मारपीट भी कर चुके हैं। उसने बताया कि मंगलवार को पडौसियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर उसे व उसकी पत्नी को घायल कर दिया। पीडित ने इस संबंध में आरोपियों के विरूद्ध कोतवाली में तहरीर दी है और कार्रवाई की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने की जिला संयुक्त चिकित्सालय शासी निकाय की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय की शासी निकाय की बैठक की अध्यक्षता की और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल की सुविधाओं, स्टाफ की उपलब्धता और मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक संसाधन सुनिश्चित करने और मरीजों को



सुचारू चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.एस के चौधरी सामान्य सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक, जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय ने मंगलवार को जिला कारागार बागपत का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने महिला बैरक में निरुद्ध महिला कैदियों, चिकित्सालय एवं पाकशाला (रसोई घर) हाई सिक्योरिटी निरीक्षण किये। जिला जज व जिलाधिकारी ने महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान निरुद्ध महिला कैदियों से खानपान व समस्याओं के बारे में जानकारी लिए एवं शहृदय भावना से निरूध महिला कैदियों से वार्ता कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने कहा जिनके पास सरकारी वकील नहीं है उन्हें सरकारी वकील दिया जाए इसके लिए प्रार्थना पत्र भिजवाएं। उन्होंने अस्पताल वार्ड का निरीक्षण किया एवं कैदियों से उनके स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं निर्देशित किया कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। तत्पश्चात उन्होंने पाकशाला का निरीक्षण किया जहां मीनू के हिसाब से भोजन पाया गया। जिला जज व जिला. धिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को भोजन, नाश्ता प्रतिदिन मीनू के अनुसार शुद्धता के साथ दिया जाए इसमें कोई अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिला जज शिवकुमार व सहित जेल अधीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### विवाहिता ने मायके वालों पर लगाया धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रेमी के साथ विवाह करने पर विवाहिता के मायके वाले प्रेमी युगल को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। विवाहिता का कहना है कि उसके मायके वाले उसके पति व ससुरालियों के विरूद्ध कभी भी कोई अप्रिय घटना कर सकते हैं। विवाहिता ने एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए मामयके वालों से अपने पति व ससुरालियों की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई है।

थाना बालैनी क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का अपने ही पडौसी युवक के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के अनुसार उसने अपनी मर्जी से बिना किसी दबाव के अपने प्रेमी के साथ 15 जुलाई 2024 को कोर्ट मैरिज कर ली थी। उसने बगताया कि शादी के बाद से ही वह पति-पत्नी के रूप में अपना दाम्पत्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। विवाहिता के अनुसार उसके भाई व अन्य मायके वाले शादी से खुश नही हैं और उसके पति व ससुरालियों को जान से मारने की धामकी दे रहे हैं। विवाहिता का कहना है कि उसके मायके वालों से उसके पति व ससुरालियों कों जान का खतरा बना हुआ है। विवाहिता ने इस संबंध में एसपी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देते हुए अपने पति व ससुरालियों की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई है।

### कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में गोरखपुर ने बागपत को 5 प्वाइंट से पछाडा

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बड़ौत।** युवा कल्याण विभाग प्रान्तीय रक्षक दल महानिदेशालय व खेल संघ द्वारा 2 मार्च से चल रही झांसी के भानी देवी गोयल इंटर कॉलेज में स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप में बागपत की जूनियर बालिका वर्ग ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एड विशेष तोमर द्वारा बताया गया कि, झांसी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गोरखपुर और मेरठ मण्डल के बागपत जिले का हुआ, जिसमें गोरखपुर 33 प्वाइंट और बागपत 28 प्वाइंट बना पायी। इस तरह गोरखपुर ने 5 प्वाइंट के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया और बागपत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बागपत टीम कैप्टन तनु त्यागी का अच्छा प्रदर्शन रहा तथा कु. पायल, रिया, परी, प्रीति, वर्षा, साक्षी, मीनाक्षी का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। टीम की सभी बालिका वर्ग की खिलाड़ी नगर की शहीद भगत सिंह कबड्डी एकेडमी गुड मंडी में अभ्यास करती हैं, जिसको मेडल ट्राफी और प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को नरेंद्र सिंह जिला कबड्डी सचिव बागपत और युवा कल्याण विभाग अधिकारी वैश्विक डबास, क्षेत्रीय युवा कल्याण विभाग अधिकारी अंकित कुमार, हरीश मिश्रा, सोनू कुमार आदि के द्वारा शुभकामनाएं दीं गई।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयं सेविकाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बड़ौत।** नगर के जनता वेदिक कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर के पाँचवे दिन की शुरुआत जनता वैदिक कॉलेज के खेल मैदान में स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान से की गई जिसमें उन्होंने सारे प्लास्टिक,पॉलीथिन बैग्स, कपड़े,कांच की बोतल,कागज एवं अन्य चीजों को एकत्रित कर कूड़ेदान मे फेका। वहां उपस्थित व्यायाम शिक्षक डा.अनंत कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी श्वेता अग्रवाल ने सारी स्वयंसेविकाएं को सहारणीय काम की प्रशंसा करते हुए खुद के लिए तालियां बजवाई। कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम अधिकारी श्वेता अग्रवाल द्वारा अगले दिन के शिविर की कार्ययोजना पर प्रकाश डालकर एवं स्वयंसेविकाओं को अगले चरण के लिए उत्साहित करके किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मनोज कुमार का सहारणीय योगदान रहा।

### होली के बाद शहर में जोरशोर से शुरू होगा अतिक्रमण विरोधी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अनुरोध पर तथा आपसी सहमति के चलते अतिक्रमण विरोधी अभियान होली पर्व के बाद चलाने का लिया गया निर्णय। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की एसडीएम, सीओ, इस्पेक्टर बड़ौत एवं ईओ बड़ौत द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण संबंधित मीटिंग में जिला अध्यक्ष व्यापारी नेता भूपेश बब्बर द्वारा अधिकारियों से कहा गया कि, आगामी त्यौहारों को देखते हुए अतिक्रमण अभियान न चलाया जाए। बताया गया कि, इस प्रस्ताव पर एसडीएम व सीओ ने आश्वासन दिया कि, अतिक्रमण अभियान होली के पश्चात चलाया जाएगा ।व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने कहा कि, बाजार में एक व्हाइट पट्टी सड़कों पर लगानी चाहिए, जिसमें सभी व्यापारियों की सीमा निश्चित हो सके और आपस में तालमेल शासन प्रशासन के साथ बना रहे ,इससे किसी भी व्यापारी को परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा। जिला अध्यक्ष व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने ईओ नगर पालिका से कहा, पार्किंग के लिए जगह निर्धारित करें, जिससे बाजार में जाम की समस्या का निदान हो सके। आश्वासन दिया कि जल्द ही बड़ौत में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

# माहे रमजान में बाजार हुए गुलजार, जमकर हुई खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में माहे रमजान के साथ बाजार हुए गुलजार जमकर हुई खरीदारी फलों की दुकान पर महंगे बिक रहे हैं। रोजमर्रा की तरह इस्तेमाल होने वाले फल फ्रूट माहे रमजान में जमकर खरीदे जा रहे हैं।

फल फ्रूट फुस वाली मस्जिद के निकट बाजार को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। बाजार के अंदर इस समय फल फ्रूट पर भी तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। रमजान के समय रोजेदारों को फल खरीदते वक्त एक बार सोचना पड़ रहा है। तरह-तरह की खजूर बाजार में भारी कीमतों में बिक रही है जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। रमजान के महीने में फलों पर 20फिसदी तक हुई महंगाई से रोजेदार भी परेशान है। रोजेदार खजूर को रोजा खोलने में बड़े चाव के साथ इस्तेमाल करते हैं। रोजेदारों को सबसे बड़ा तोहफा खजूर है क्योंकि खजूर से ही रोजा खोला जाता है

इस समय बाजार में अलग-अलग खजूर के दाम 150 रुपए से लेकर 250 तक हो गए हैं। इस समय फलों की कीमतों में उछाल आ रहा है। रमजान माह व होली माह में महंगाई का दौरा अक्सर देखा जाता है। हिंदू मुस्लिम का त्यौहार एक साथ होने से बाजार में समय महंगाई की डबल मार झेलने को मजबूर है नागरिक रमजान माह में रोज होते हैं व हिंदू रीति रिवाज के अनुसार होली की कोथली भाई बहनों के यहां लेकर जाते है।



# हथियार के साथ हुआ महिला का फोटो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र में हथियारो के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला थमने का नाम नही ले रहा है। ऐसा लग रहे है जैसे यह एक फैशन कुछ लोग समझने लगे है। उनको पुलिस प्रशासन का कोई डर भह नही है, जिसके चलते कुछ लोग हथियारो के साथ फोटो वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर अपना रूतबा कायम करनी की सोच के जिसके चलते फोटो वायरल करते है। अब कुछ महिला भी पुरुषो से पिचे रहने का नाम नही ले रही है। ऐसा ही कुछ एक फोटो मे दिखाई दे रहा है जहा पर एक महिला हाथो मे बंदूक लिए हुए उसका प्रदर्शन कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने सख्त आदेश दे रखे है कि कोई भी व्यक्ति जिले मे अवैध हथियार व लाइसेंस हथियार का प्रदर्शन ना करे यदि ऐसा कोई करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कि जाऐगी।



उसके बाद भी यह शिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार हथियार के साथ छपरौली क्षेत्र में एक शादी में दूल्हे द्वारा जयमाला के दौरान पिस्टल लहराया गया और महिला द्वारा बंदूक का प्रदर्शन किया गया, जिनके फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। वायरल फोटो वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। फोटो वीडियो छपरौली क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। वीडियो क्षेत्र के किस गांव कि है इसकी जानकारी प्राप्त नही हो पाई है। छपरौली थाना अध्यक्ष का कहना है कि मामले की जांच चल रही है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बैठक में भाजपाईयों ने समर्पण निधि अभियान पर किया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता होते हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी ही संगठन को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि जो मंडल अध्यक्ष या पदाधिकारी लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहेंगे, उन्हें पदमुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा कोई कंपनी नहीं है और मैं कोई सीईओ नहीं। हम सब कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा जो लोग संगठन के प्रति समर्पित नहीं हैं, उन्हें जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। भाजपा में केवल कर्मठ और अनुशासित कार्यकर्ताओं को ही स्थान मिलेगा। बैठक में समर्पण निधि अभियान को लेकर विशेष चर्चा हुई। वेदपाल उपाध्याय ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और समाज सेवा के लिए समर्पित एक विचारधारा है। यह अभियान हमें सेवा, समर्पण और संगठन की भावना को और अधिक मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया इस अभियान का उद्देश्य संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करना है, जिसमें कार्यकर्ता और समर्थक अपना योगदान देंगे। जिला महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हर वर्ष पार्टी द्वारा समर्पण निधि एकत्रित करने अभियान चलाया है। जिसको लेकर इस वर्ष भी संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशानुसार समर्पण निधि एकत्रित की जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। संचालन जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा ने किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, सह संयोजक रविन्द्र आर्य, मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रधान, प्रभात तोमर, सुधीर त्यागी, संदीप यादव, विकास आदि मौजूद रहे।



# कार्यवाहक सीडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण, मिली खामियॉ

**शाह टाइम्स संवादाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूंब गांव निवासी मनीष चौहान ने बताया कि उन्होने जनसुनवाई पोर्टल पर लगभग बीते दस दिन पहले शिकायत की थी कि उनके गांव लूम्ब के प्राथमिक विद्यालय नम्बर एक मे बने आंगनवाड़ी केंद्र में बिजली व शौचालय कि व्यवस्था नही है ।

मंगलवार को कार्यवाहक सीडीपीओ छपरौली सीमा ने लूम गांव पहुंच कर आंगनवाड़ी केंद्रो का निरीक्षण किया। जहा पर उनको कि गई शिकायत के तहत खामिया मिली प्राइमरी पाठशाला नंबर एक में बने आंगनवाड़ी केंद्र मे न तो बिजली की व्यवस्था थी और न हीं सम्पन्न रूप से शौचालय मिला। आंगनवाड़ी केंद्र मे खामिया देखकर कार्यवाहक सीडीपीओ ने ग्राम सचिव को तुरंत खामिया का संसोधन कराने के निर्देश दिए। छपरौली कार्यवाहक सीमा सीडीपीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि लूम गांव निवासी मनीष चौहान ने कुछ बिंदुओं पर शिकायत की थी जिसका निरीक्षण करने के लिए वह लूंम गांव में आई जिन बिंदुओ पर शिकायत मिली थी। उनका संसोधन जल्द करा दिया जाऐगा।



# निवाड़ा में लगे गंदगी के ढेर, युवाओं का सफाई अभियान जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को ग्राम निवाड़ा में युवा कल्याण विभाग से संबद्ध युवक मंगल दल निवाड़ा द्वारा रमजान माह को ध्यान में रखते हुए निरन्तर वृहद सफाई अभियान जारी है। इस सफाई अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं ने मिलकर धन राशि एकत्रित की और गांव के युवा श्रमदान भी कर रहे हैं। लेकिन ग्राम निवाड़ा में चहुंओर लगे गंदगी के ढेर खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं।

युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन और सदस्य मोहसिन, फिरोज, शामी चौहान इत्यादि ने ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया और उन्हें सफाई के महत्व के बारे में बताया। सामूहिक सफाई अभियान में खुशनुमियां, फिरोज, शाकिब, मोहसिन, सलमान, रिहान, राकेश, अमन, रिहान, शामी चौहान, अफरीदी, परवेज चौधरी, सारिक, शोएब हैदर, सनव्वर, डा.यामीन इत्यादि मौजूद रहे। युवक मंगल दल सचिव चौधरी ताहिर ने बताया कि यह वृहद सफाई अभियान रमजान के पवित्र महीने में चलाए जाने के लिए युवाओं की एक अहम पेशकश है। इस सफाई अभियान का उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। और लोगों को सफाई के महत्व से अवगत कराना है। इस अवसर पर युवक मंगल दल निवाड़ा के अध्यक्ष इनाम उल हसन ने कहा कि युवाओं के इस सामूहिक सफाई अभियान का उद्देश्य ग्राम को स्वच्छ और सुंदर बनाना है और हमें उम्मीद है कि इस सफाई अभियान से हम अपने इस उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे।



# टीएससी यूथ क्लब के युवा डिजिटल कृषि मिशन में निभा रहे अहम भूमिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बिनौली क्षेत्र के गांव में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की इकाई नेहरू युवा केन्द्र बागपत से सम्बद्ध टीएससी यूथ क्लब, बिनौली के युवाओं ने भारत सरकार के डिजिटल कृषि मिशन में सक्रिय भागीदारी निभाने का बीड़ा उठाया है। टीएससी यूथ क्लब के सभी सदस्यों ने माय भारत पोर्टल के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा आयोजित अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम में पंजीकरण कराया, जिसमें युवाओं द्वारा 30 मार्च तक अपने गांव के किसानों की फार्मर रजिस्ट्री निःशुल्क एवं स्वैच्छिक आधार पर की जाएगी। सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने पर युवाओं को भारत सरकार के माय भारत पोर्टल पर अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

टीएससी यूथ क्लब के अध्यक्ष और नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक अमीर खान के नेतृत्व में युवाओं को फार्मर रजिस्ट्री के लिए फार्मर सहायक एप का प्रशिक्षण भी दिया गया। अमीर खान ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गाँव के प्रत्येक किसान को डिजिटल कृषि मिशन से जोड़ना और उनकी फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करना है जिसमें युवा बेहद रुचि ले रहे है। इस पहल से न केवल युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागेगी बल्कि किसानों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकेगा। इसके लिए प्रशिक्षित युवा अगले 15 दिनों तक गाँव में डोर टू डोर अभियान चलाएंगे और किसानों की शत-प्रतिशत रजिस्ट्री सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान के दौरान सलमान, नीरज, सोनू, उस्मान, आकिब, साकीब, आफताब, सोइन, पुष्पेंद्र आदि युवा सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।



**सूचना**

मेरी सहखातेदारी की कृषि भूमि है जिसमें मेरा नाम सोहनबीर सिंह पुत्र ओमप्रकाश दर्ज हो गया है, जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम सोहनवीर पुत्र ओमप्रकाश दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सोहनवीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम नंगला, तहसील बड़ौत, जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र सुमित कुमार चौहान व उसकी पत्नि अंशू से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आनन्द कुमार चौहान पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम रमाला, थाना रमाला तहसील बडौत जनपद बागपत।

# पशु चिकित्सालय के कर्मचारी की हत्या में शामिल तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कांधला पुलिस द्वारा ग्राम गढ़ीश्याम के जंगल के रास्ते में हुई युवक की हत्या में वांछित 3 हत्याभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल अवैध हथियार, कारतूस व मोटर साईकिल बरामद किए हैं।

2.3.2025 को पशु अस्पताल ग्राम गंगेरु में कार्यरत देवराज पुत्र स्व. कर्म सिंह निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली अपने गांव से ग्राम गंगेरु अपने आवास पर जा रहा था ग्राम गढ़ीश्याम के रास्ते पर 3 मोटर साईकिल सवार अभियुक्तगण द्वारा देवराज को गोली मार दी गई थी। घायल देवराज उपरोक्त को वास्ते उपचार सीएचसी कांधला भर्ती कराया गया, जहां पर दौराने उपचार देवराज की मृत्यु हो गई थी। उच्चाधिकारीगण, स्थानीय पुलिस व फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र करते हुए, मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया था। घटना के सम्बन्ध में मृतक की पत्नी सोनिया की तहरीर के आधार थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना कांधला को घटना का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

4.3.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आद.



ेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/हत्या में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम गढ़ीश्याम के जंगल के रास्ते में हुई युवक की हत्या में वांछित 3 हत्याभियुक्तों को जिडाना रजवाहा पटरी ईट भट्टे के पास गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिनके कब्जे से आलाकत्ल 2 तमंचे 315 बोर 4 जिन्दा व 2 खोखा कारत.ूस 315 बोर व एक मोटर साईकिल एचएफ डीलक्स बरामद हुई है । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त मंजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल निवासी ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली के पिता मैनपाल पुत्र अतर सिंह सीआरपीएफ में अनुसूचित जाति के कागजात लगाकर भर्ती हुए थे जबकि वास्तविक जाति गुर्जर है। इस बात की जानकारी मृतक देवराज को हो गई



थी। देवराज ने मंजीत उर्फ निप्पल के पिता मैनपाल की शिकायत सीआरपीएफ के अधिकारीयों से कर दी थी जिसके सम्बन्ध में जांच प्रचलित है तथा मंजीत उर्फ निप्पल के पिता मैनपाल की नौकरी जाने व फंड के रूपये व पेंशन मिलने की सम्भावना भी नही है। मंजीत उर्फ निप्पल व उसके परिवार वालो ने देवराज की काफी खुशामद की किन्तु देवराज मानने को तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर मंजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल व उसके दोस्त मंजीत उर्फ सुमित पुत्र नेत्रपाल व अंकित पुत्र कालूराम निवासीगण ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली ने देव.राज की हत्या करने की योजना बनाकर, योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 2.3.2025 को ग्राम गढीश्याम से ग्राम गंगेरू जाते समय गढीश्याम के जंगल में शाम 7 बजे गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभियुक्त मनजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली, मनजीत पुत्र नेत्रपाल निवासी ग्राम गढ़ीश्याम थाना कांधला जनपद शामली, अंकित पुत्र कालूराम निवासी ग्राम गढीश्याम थाना कांधला जनपद शामली हैं। इन पर अन्य मामले भी दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार थाना कांधला जनपद शामली, सुभाष सिंह थाना कांधला जनपद शामली, विक्रम सिंह थाना कांधला जनपद शामली, पुष्पेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, रविन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, अरविन्द कुमार थाना कांधला जनपद शामली, विपिन कुमार थाना कांधला जनपद शामली, प्रवेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, पुष्पेन्द्र कुमार थाना कांधला जनपद शामली, सूर्यप्रताप सिंह थाना कांधला जनपद शामली रहे।

# एक दिवसीय शिविर में दी विभिन्न जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के लिए मुंडेटकलां गांव को चयनित किया गया। जहां स्वयंसेवकों ने समाजहित में गति.विधियों का संचालन किया।

मंगलवार को शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डा। सत्एंद्र पाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डा। रोहित राणा एवं डा. सुनील कुमार श्रोती के कर-कमलों द्वारा किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत गाया। प्राचार्य डा। सत्एंद्र पाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि




शिविर में शामिल छात्र। छाया शाह टाइम्स

राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण के प्रति प्रेरित करती है।

उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों का मुख्य कर्तव्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि शिविर के दौरान जो भी कार्य सौंपा जाए, उसे पूरी निष्ठा और लगन से करें।

कहा कि इस प्रकार के शिविर से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का विकास होता है और वे एक बेहतर नागरिक एवं समाजसेवी के रूप में उभरते हैं। इसके बाद गांव मुंडेट कलां में जल संरक्षण एवं जल जागरूकता तथा पोलिथींन हटाओ को लेकर एक रैली निकाली। इस रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने गांववासियों को जल संरक्षण के महत्व एवं पोलिथींन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी।

## मिशन शक्ति फेज 5 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव मुंडेट कला स्थित भारती पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति फेस 5 एवं आने वाली 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समा.जसेविका वीना अग्रवाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रभारी गजाला त्यागी, स्कूल प्रबंधक हरेंद्र द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतर्गत गांव की 15 महिलाओं पिंकी, अरुणा, कोमल, लीलावती, श्वेता, प्रियंका आदि को शॉल एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में उत्कृष्ट ट्रस्ट कार्य करने वाले कुछ बच्चों को भी मोमेंटो देखकर सम्मानित किया गया। प्रभारी गजाला त्यागी द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बताया कि महिला अगर परेशान है ,तो वह भी बेझिझक टोल फी नंबर 181 पर कॉल कर सकती हैं। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और परिवार के लोगों की काउंसलिंग करवाई जाएगी। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## एक नजर

### दो वाहन चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

**शामली।** गुलबहार पुत्र जलालूदी निवासी मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली शामली जनपद शामली की मोटर साईकिल अज्ञात चोर द्वारा देव हास्पिटल के पास से चोरी कर ली गई थी। घटना के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 2 वाहन चोरो को चोरी की गई मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त कुलदीप पुत्र मुकेश निवासी मौहल्ला हाफिज दोस्त थाना थानाभवन जनपद शामली, अमित पुत्र राज.कुमार निवासी मौहल्ला हाफिज दोस्त थाना थानाभवन जनपद शामली हैं।

### परीक्षा देने आए छात्र की बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** परीक्षा देने आए दसवीं के छात्र की स्कूल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। छात्र ने बताया कि वह बाइक को अपने जानकर से पेपर देने के लिया मांग कर लाया था। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मंगलवार को दसवीं का छात्र कारण दीप पुत्र रामकिरण गांव खेड़ी करमू अपनी बाइक द्वारा विज्ञान का पेपर देने के लिए कस्बे के जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में आया था। छात्र बाइक को कॉलेज के बाहर ही खड़ी कर पेपर देने के लिए अंदर चला गया। पेपर समाप्त होने के बाद जब वह अपने घर लौट के लिए आया तो वहां पर बाइक नहीं मिली। बाइक चोरी की सूचना कॉलेज प्रशासन को दी गई, जिस पर प्रधानाचार्य रन सिंह ने कॉलेज में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे मगर बाइक कमरे की निगरानी से अलग खड़ी थी, जिसे चोर आसानी से चुरा ले गया। बाइक चोरी की सूचना पुलिस को दी गई।

### न्यारा पेट्रोल कंपनी ने चौपाल लगाकर मनाया नेशनल सेफ्टी डे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ करनाल हाईवे गांव सिंगारा स्थित एक पेट्रोल पंप पर न्यारा पेट्रोल कंपनी के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर मनाया नेशनल सेफ्टी डे मंगलवार को मेरठ करनाल हाईवे गांव सिंगारा स्थित एक पेट्रोल पंप पर न्यारा कंपनी के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर नेशनल सेफ्टी डे मनाने के साथ ग्राहकों को ट्रांसपोर्ट कार्ड वितरित कर ग्राहकों को कार्ड के लाभ बताए। चौपाल में पहुंचे अहमदगढ़ चौकी प्रभारी जितेंद्र त्यागी ने आए सभी लोगों से कहा कि चार पहिया वाहन में सेफ्टी बेल्ट तथा दुपहिया वाहन पर हेलमेट अति आवश्यक लगाना चाहिए। इस मौके पर कंपनी के हेड संजय लोपरा, राजीव चौधरी, प्रदीप चौधरी, मालिक वीरेन्द्र सरोहा, रफा प्रधान, इनाम चौधरी सहित ट्रक ड्राइवर आदि मौजूद रहे।

# वाहन ने श्रमिक को कुचला, मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि मजदूरी कर अपने घर लौट रहे एक श्रमिक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। श्रमिक की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के चलते मेरठ रेफर कर दिया गया, लेकिन श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। गुस्साऐं परिजनों ने मुजफ्फरनगर हाईवे पर श्रमिक का शव रखकर जाम लगा दिया और आरोपी की गिरफ्तारी तथा आर्थिक सहायता की मांग की।

सोमवार देर रात्रि थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी 45 वर्षीय गजे सिंह पुत्र लक्की सिंह कस्बा बनत में मजदूरी कर साईकल से सवार होकर अपने घर जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह कस्बा बनत स्थित मुजफ्फरनगर हाईवे पुल पर पहुंचा तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने साईकल



शामली। जाम लगाते मृतक के परिजन। छाया शाह टाइम्स

में टक्कर मारते हुए श्रमिक गजे सिंह को कुचल दिया।

श्रमिक की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस की मदद से उसको निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण उसको मेरठ के लिए रेफर कर दिया। बताया जाता है कि देर रात उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। श्रमिक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होने शव को मुजफ्फरनगर हाईवे पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों द्वारा जाम लगाने की सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आरोपी



शामली। वाहन चालकों से अभद्रता करते परिजन।

चालक की गिरफ्तारी और पीडित को आर्थिक सहायता प्रदान कराने की मांग अडे रहे।

उन्होने हाईवे पर लाईटों की व्यावस्था और पुलिस डयूटी की भी मांग की। बाद में नायाब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे और पीडितों को श्रमिक बीमा और आर्थिक सहायता प्रदान कराए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही हाईवे पर लाईटे लगवाए जाने का भी भरोसा दिलाया गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। करीब दो घंटे हाईवे जाम रहने से वाहनों की लंबी लंबी लाईने लगी रही और भारी परेशानियों का सामना करना पडा। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।



मृतक का फाइल फोटो

### वाहन चालकों से की गई बदसलूकी

**शामली।** क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी श्रमिक की सडक हादसे में मौत से गुस्साऐं परिजनों ने जाम लगाने के दौरान कई वाहन चालकों से बदसलूकी भी की। ग्रामीणों द्वारा जाम लगने के लिए वाहन चालकों को रोका और कई वाहनों में डंडे मारते हुए वाहनों को डेमिज भी कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची थाना आदर्शमंडी पुलिस ने हंगामा कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत में कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के गांव खेडीकरमू निवासी परिजनों ने कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक पर अपने भाई की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में कार्यवाही न किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस का कहना है कि मौत की सत्यता जानने के लिए लिया गया बिसरा जांच के लिए भेज दिया गया।

मंगलवार को खेडीकरमू निवासी भारती पुत्री जयपाल ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया कि गत 29 जनवरी को भाई चंद्रपाल की मौत हो गई थी। आरोप है कि भाई की हत्या उसकी पत्नी ने अन्य के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। जिसकी शिकायत उच्चाधिकारियों को करने के बावजूद



शामली। पुलिस से कार्रवाई की मांग करते परिजन।

आज तक कोई मुकदमा दर्ज नही किया गया और न ही कोई कार्यवाही हुई है।

पीडितों ने मामले मे जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। वही दूसरी ओर मृतक की पत्नी ने भी परिजनों पर घर में न घुसने देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत के कारण स्पष्ट नही हो पाया है। जिस कारण बिसरा परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

## सड़कों पर जलभराव की समस्या से परेशान लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव गढी दौलत निवासी ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर सडकों पर हो रहे जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की। मंगलवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए गए शिकायती पत्र में कहा कि मौहल्ला नटो वाली गली में लगभग 300 मीटर तक गंदा पानी भरा हुआ है। जिस कारण ग्रामीण उक्त गंदे पानी से होकर जाने को मजबूर है। जिससे बच्चों, महिलाओं में बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। सवेरे बच्चों को स्कूल जाते समय गंदे पानी से होकर गुजरना पडता है। गंदे पानी के कारण कई बच्चे स्कूल जाने से भी कतरा रहे है। कहा कि गांव की आबादी 90 प्रतिशत मुस्लिम है। ग्राम प्रधान भी समस्या नही सुनता है। उन्होने समस्या को गंभीरत से लेते हुए समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस अवसर पर सोनू, सोमबीर, मोनू आदि मौजूद रहे।

## कर जमा कराकर अर्थ दंड व ब्याज से मुक्ति का लाभ उठाने का आह्वान

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रदेश के व्यापारियों से आह्वान करते हुए कहा कि व्यापार मंडल के प्रयास से प्रदेश के जीएसटी विभाग ने प्रदेश के व्यापारियों को वर्ष 2017-18,, 18-19 व 20-21 में निर्धारित कर को 31 मार्च 2025 तक जमा करने की स्थिति में निर्धारित कर पर लगाया गया अर्थ दंड व ब्याज पूर्ण रूप से माफ करने की घोषणा की है। इसलिए उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों को अपने वर्ष 17-18, 18-19 व 19- 20 में किसी भी वर्ष पर निर्धारित कर यदि बकाया है तो उसे व्यापारी 31 मार्च 2025 तक जमा कर देंगे तो व्यापारी को उस पर लगा अर्थ दंड व ब्याज से पूरी मुक्ति मिलेगी।

## गन्ना भुगतान को लेकर 7 मार्च को होगा धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** बजाज शुगर मिल पर बकाया गन्ना भुगतान को लेकर 7 मार्च को मिल गेट पर प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए किसान संघर्ष समिति ने व्यापक स्तर पर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। समिति के पदाधिकारी विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से मुलाकात कर रहे हैं और आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आ]वान कर रहे हैं।समिति के धीरज राणा, प्रेम सिंह राणा, लाल्ला ठाकुर, हरेंद्र सिंह आदि ने कुतुबगढ़, पवारखेड़ा, तितारसी, रायपुर, मोरमा.जरा सहित कई गांवों में बैठकें कर किसानों को आंदोलन की रूपरेखा बताई। उन्होंने कहा कि बीते एक माह में मिल प्रबंधन, जिला गन्ना अधिकारी और जिलाधिकारी से कई बार वार्ता हुई, लेकिन अब तक केवल आश्वा.सन ही मिले हैं।किसान नेताओं ने बताया कि बजाज शुगर मिल द्वारा बीते चार महीनों के गन्ना भुगतान में से मात्र 17 दिन का ही भुगतान किया गया है। इस देरी से किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं और विवश होकर धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर हो गए हैं। गांव-गांव हुई बैठकों में किसानों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस दौरान मेनपाल सिंह, बबलू शर्मा, धर्मेंद्र प्रधान सहित कई पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। किसान संघर्ष समिति ने साफ कहा कि जब तक बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता रैली को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहनों व जागरूकता रैली को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली पूरे जनपद में जाकर लोगों को लोक अदालत के आयोजन के प्रति जागरूक करेगी,जिससे ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा सके।

मंगलवार की प्रात: जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार- प्रसार हेतु तीन पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बता दें



कि आगामी 8 मार्च को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है,जिसके सफल आयोजन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई है। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मलित होकर वादकारी ज्यादा से ज्यादा अपने-अपने मामलों का निपटारा करा सकें। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने बताया कि आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदलत की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं।आज जागरूकता के लिए वाहनों को भेजा गया है। इस दौरान लंबित वादों में लोगों को लाभ मिलेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित सभी आपराधिक सुलहनीय वाद, बैंक ऋण वाद, चेक बाउंस वाद, क्लेम,माप तौल,बाल श्रम व परिवारिक वाद आदि मामलों में आपसी सुलह के आधार पर निपटारा कराया जाएगा।राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य लोगों को अनावश्यक धन व समय का बचाओ हुए परेशानी का हमेशा के लिए तत्काल मुक्ति दिलाना है।

# रमजान के तीसरे रोजे पर बाजारों में रही रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** रमजान के तीसरे रोजे पर बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। इफ्तार की तैयारियों के लिए फलों और किराना दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदार खजूर, सेब, तरबूज, खरबूजा, अनार और केले की खरीदारी करते नजर आए।

दोपहर 3 बजे से ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी। रमजान के दौरान फलों और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ जाती है, जिससे दुकानदार भी पूरी तैयारी के साथ नजर आए। इस दौरान गर्मी का असर भी दिखा, लेकिन रोजेदारों का उत्साह कम नहीं हुआ। रोजेदारों ने सहरी का वक्त 5:26 बजे पूरा कर तीसरा रोजा रखा। दिनभर तेज धूप के बावजूद लोगों ने सब्र और तकवा के साथ इबादत की। शाम होते ही घरों और मस्जिदों में इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं।



6:24 बजे अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा अफ्तार किया और मगफिरत की दुआ मांगी।

**रमजानः इबादत, सब्र और रहमतों का महीना**

मुफ्ती आमिर कासमी ने रमजान की अहमियत बताते हुए कहा कि यह महीना इबादत, सब्र और रहमतों का है। रोजे केवल भूखे-प्यासे रहने के लिए नहीं, बल्कि तकवा और नेक अमल के लिए होते हैं। हदीस शरीफ में बताया गया है कि जो व्यक्ति अपने नौकर के बोझ को हल्का कर देगा, अल्लाह उसकी मगफिरत फरमाएंगे और उसे जहन्नम से निजात देंगे। उन्होंने कहा कि रमजान में हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए और गरीबों व जरूरतमंदों की खुलकर मदद करनी चाहिए। रमजान की रौनक बाजारों में साफ झलक रही है। दुकानदारों के अनुसार, जैसे-जैसे रमजान आगे बढ़ेगा, बाजारों में और अधिक भीड़ बढ़ेगी। खासकर आखिरी अशरे में जब ईद-उल-फित्र की तैयारियां शुरू होंगी, तब बाजारों की रौनक चरम पर होगी।

# पुलिस ने जमीन के फर्जीवाड़े का किया पर्दाफाश

■ तीन आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने एक बड़े जमीन के फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी फर्जी कागजात तैयार कर जमीन को फर्जी तरीके से बेचने की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से फर्जी कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड, किसान बही, खसरा, खतौनी की फर्जी कॉपी बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों ने ग्राम शाहबेरी के खसरा नंबर 168 में 2.009 हेक्टेयर जमीन को फर्जी तरीके से बेचने की साजिश रची थी। यह जमीन मुजाहिद हुसैन पुत्र स्व. जाहिद हुसैन खां निवासी शाहबेरी की थी, जो वर्तमान में नगर पंचायत डासना के चेयरमैन हैं। आरोपियों ने फर्जी मुजाहिद हुसैन खां के नाम से फोटो लगाकर, पैन कार्ड, आधार कार्ड, किसान वही, खसरा और खतौनी तैयार कराए थे। इसके बाद, वे इस जमीन को करीब 95 करोड़ रुपये में बेचने की कोशिश कर रहे थे।

शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच में आरोप सही पाए गए, जिसके बाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान, राकेश कुमार पुत्र हरीराम, सिराजूद्दीन पुत्र सद्दीक और महेंद्र कुमार पुत्र किद्दा सिंह के रूप में हुई है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी फर्जी कागजात तैयार कर जमीन बेचने का काम करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे पहले भी इस तरह के फर्जीवाड़े में शामिल रहे हैं। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने इस जमीन को 95 करोड़ रुपये में बेचने का सौदा किया था।

**आरोपियों से बरामदगी:** पुलिस ने इनके कब्जे से एक आधार कार्ड और पैन कार्ड की छाया प्रति (फर्जी), एक पैन कार्ड (फर्जी), एक किसान वहीं की फोटो कॉपी (फर्जी), एक खसरा की कॉपी (फर्जी), एक खतौनी की कॉपी (फर्जी) और 2 स्मार्ट मोबाइल फोन, 1 कीपैड मोबाइल व घटना में प्रयुक्त होंडा अमेज कार बरामद की है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और इनको जेल भेज दिया है।

# सुपरटेक अपकंट्री के निदेशक और सेल्स हेड पर धोखाधड़ी का केस दर्ज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुपरटेक अपकंट्री के निदेशक आर.के अरोड़ा और सेल्स हेड योगेश गोस्वामी के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। पीड़ित महिला ने इस मामले में करीब सात माह पहले पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मंगलवार को दोनों लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। पीड़िता बबिता गुप्ता का कहना है कि उन्होंने सुपरटेक अपकंट्री में वर्ष 2018 में 46 लाख 50 हजार रुपये में एक फ्लैट खरीदा था। इसके बाद से वह अपने परिवार के साथ फ्लैट में रह रहीं थीं। नवंबर 2023 को उन्हें एक नोटिस मिला, जिसमें बताया गया कि उक्त संपत्ति 58 लाख रुपये का लोन लेकर किसी बैंक के अधीन गिरवी है। इसके बाद जानकारी मिली कि उक्त फ्लैट को उनसे पहले किसी अन्य व्यक्ति को भी बेचा गया था। बाद में उसका आवंटन रद्द कर दिया गया।

पीड़िता ने बताया कि नोटिस आने के बाद उनका परिवार मानसिक रूप से तनाव में आ गया। पीड़िता ने अगस्त 2024 को दनकौर कोतवाली में शिकायत देकर कंपनी निदेशक आर.के अरोड़ा, सेल्स हेड योगेश गोस्वामी और अन्य निदेशकों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज करने की अपील की। जब मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो पीड़िता ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की।

शिकायत के बाद जांच हुई और पुलिस आयुक्त के आदेश पर मंगलवार को आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# काम में लापरवाही बरतने पर चौकी प्रभारी निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने उच्चाधिकारियों को सही समय पर पूर्ण जानकारी न देने और काम के प्रति लापरवाही बरतने पर सेक्टर-85 चौकी प्रभारी मोहित बालियान को निलंबित कर दिया। उपनिरीक्षक मोहित पर अनुशासन हीनता करने का भी आरोप है। उनके खिलाफ प्रारंभिक जांच के भी आदेश दे दिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक एक व्यक्ति ने चौकी प्रभारी पर चौकी के अंदर मारपीट करने का आरोप लगाया था। एक शिकायती पत्र सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि विकास और रोहन पेमेंट बैंक का काम कर रहे थे। इसी दौरान तीन पुलिसकर्मी आए और दोनों को उठाकर सेक्टर-85 चौकी ले गए। विकास और रोहन से बिना पूछताछ किए चौकी के अंदर उन्हें लात और घूसों से मारा गया। आरोप है कि दोनों के मालिक अमित पहुंचे तो उनके साथ भी बदसलूकी और मारपीट की गई। अमित का सिर शीशे में मारा गया, जिससे शीशा टूट गया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने मामले की शिकायत करने पर पीड़ितों को दोबारा उठाने और गलत केस में फंसाने की धमकी दी। धमकी देने वाले तीनों पुलिसकर्मियों का नाम भी शिकायती पत्र में लिखा है। इसी मामले में चौकी प्रभारी मोहित बालियान पर कार्रवाई होने की बात कही जा रही है। शिकायतकर्ता के मुताबिक जिस समय यह पूरी घटना हुई, उस समय चौकी प्रभारी ने शराब का सेवन भी कर रखा था।

# रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## होस्टल संचालक ने रची साजिश, होस्टल मालिक से लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर मांगे दो करोड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने लॉरेंस विश्नोई के नाम से रंगदारी मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।इस दौरान पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने होस्टल संचालक से लॉरेंस के नाम पर 2 करोड़ की रंगदारी मांगी थी।आरोपियों ने हॉस्टल संचालक पर फायरिंग भी की थी।होस्टल के कैंटीन संचालक ने ही यह पूरी साजिश रची थी।

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में 22 फरवरी को एक निजी होस्टल संचालक गौरव गिरी पर बाइक सवार युवको के द्वारा फायर किया गया था और उसे फोन करके लॉरेंस बिश्नोई के नाम से 2 करोड रुपए की रंगदारी मांगी थी ।इसके बाद पीड़ित ने इस मामले में नॉलेज पार्क थाना पुलिस से पूरे प्रकरण की शिकायत की। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से इस मामले में मुकदमा दर्ज किया और टीमों का गठन किया गया। इसके बाद पुलिस ने इस पूरे गिरोह का खुलासा कर दिया ।पुलिस ने इस मामले में बुलंदशहर निवासी सोनू ,दीपक नागर , पीके भाटी व मेरठ निवासी अर्चित को गिरफ्तार किया तो पता चला कि यह पूरी प्लानिंग सोनू ने तैयार की थी। दरसअल सोनू एक हॉस्टल में कैंटीन चलता है। उसी ने अपने दोस्त पीके भाटी के साथ मिलकर यह योजना बनाई कि वह गौरव गिरी से रंगदारी मांगेंगे ।दरसअल गौरव गिरी ग्रेटर नोएडा में कई हॉस्टल चलता है, तो इन्हें लगा कि गौरव गिरी के पास बहुत पैसा है और वह काफी डरपोक भी है ।वह रंगदारी मांगने पर पैसा दे देगा। इसके बाद इन लोगों ने पूरी प्लानिंग तैयार की और लॉरेंस बिश्नोई के नाम से गौरव को कॉल कर दिया और उससे 2 करोड रुपए की रंगदारी मांगी। इस दौरान बाइक पर सवार होकर उन्होंने उसपर फायर भी किया।फिलहाल इस मामले में गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान पुलिस ने चार आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से साथ दो पिस्टल 7 कारतूस और तमंचे बरामद किए हैं।

इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है और जिन लोगों से इन्होंने हथियार खरीदे थे उनकी भी तलाश की जा रही है ।हालांकि पुलिस का कहना है कि इन लोगों ने लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर बेवजह ही रंगदारी मांगी थी जबकि इनका उससे कोई लेना-देना नहीं है।

## एक नजर

### वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा, स्पायर टेकपार्क को मिले 13 लाइसेंस रद्द

**नोएडा।** दुनिया भर में स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (डब्ल्यूटीसी) का नियमन करने वाले संगठन डब्ल्यूटीसीए ने डब्ल्यूटीसी नोएडा डेवलपमेंट और स्पायर टेकपार्क को मिले 13 लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। यह कदम डब्ल्यूटीसी ग्रुप और उसके प्रवर्तकों आशीष भल्ला, सुपर्णा भल्ला एवं अभिजीत भल्ला के साथ ही भूटानी इन्फ्रा एवं अन्य के खिलाफ कथित धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी के आरोपों की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जा रही जांच के बीच उठाया गया है

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर एसोसिएशन (डब्ल्यूटीसीए) ने मंगलवार को बयान में कहा कि उसने डब्ल्यूटीसीए के नियमों का पालन करने में विफलता के साथ-साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में असमर्थ रहने की वजह से इन लाइसेंस को रद्द कर दिया है। लाइसेंस समाप्त करने का आदेश 19 फरवरी, 2025 की तारीख से प्रभावी होगा।

### मोटापा से हृदय समेत कई बीमारियां बढ़ी

**नोएडा।** विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मरीजों को मोटापे से बचाव की जानकारी दी गई। डायरेक्टर जर्नल सर्जरी डॉ. जगदीश चंदर ने बताया कि एनसीआर में मोटापे के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। यहां 25-30 प्रतिशत लोग मोटापे से ग्रस्त हैं। मोटापा पुरुषों और महिलाओं दोनों की प्रजनन क्षमता (फर्टिलिटी) पर बुरा असर डालता है। महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं, जिससे गर्भधारण करने में कठिनाई होती है। वहीं पुरुषों की फर्टिलिटी भी मोटापे के कारण प्रभावित होती है। इसके अलावा, डायबिटीज और हाइपरटेंशन जैसी बीमारी भी मोटापे के कारण बढ़ रही है। उन्होंने लोगों को जीवनशैली में सुधार कर अच्छा खानपान व नियमित व्यायाम के चलते मोटापे को कम करने की सलाह दी।

### ऑटो की टक्कर से महिला की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-67 में तेज रफ्तार ऑटो ने ड्यूटी जा रही महिला को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार के दौरान घायल महिला की मौत हो गई। मृतक महिला के पति ने फेज-3 थाने में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। गढ़ी मंडी निवासी बबन पासवान ने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी पत्नी रिंकू देवी सोमवार सुबह घर से ड्यूटी जा रही थी। जब वह सेक्टर-67 स्थित डीएस ग्रुप के पास पहुंची तो तेज रफ्तार ऑटो ने रिंकू देवी को टक्कर मार दी। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण रिंकू देवी बेहोश हो गईं। उनको अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक ऑटो लेकर भाग गया। राहगीरों ने जब महिला को सड़क पर तड़पते हुए देखा तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस फरार ऑटो चालक की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### प्राधिकरण और एनएमआरसी खुद का डाटा सेंटर बनाएंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्राधिकरण और नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) अपना खुद का डाटा सेंटर बनाएंगे। ये विभाग अपने दफ्तर के परिसर में ही इसकी स्थापना करेंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। एनएमआरसी ने डाटा सेंटर बनवाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। वहीं, नोएडा प्राधिकरण परियोजना का प्रारूप तैयार करवा रहा है। इसके बाद प्राधिकरण टेंडर जारी करेगा।

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी और एनएमआरसी के कार्यकारी निदेशक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्राधिकरण का काम कामकाज पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाना है। इसके लिए आने वाले दिनो में ई-फाइलें तैयार करवाई जाएंगी। सभी सुविधाएं ऑनलाइन होंगी। ऐसे में प्राधिकरण का डाटा बढ़ जाएगा। निजी डाटा सेंटर कई हैं, लेकिन उनको डाटा की देखरेख की जिम्मेदारी गोपनीयता और संवेदनशीलता के चलते नहीं दी जा सकती। डाटा में टेंडर, नीलामी, आवेदन, भुगतान, आवंटन, आवंटियों के ब्योरा जैसी गोपनीय जानकारियां होंगी। इसी तरह नोएडा मेट्रो का डाटा भी बढ़ रहा है। यह देखते हुए दोनों के ही डाटा सेंटर अलग-अलग बनवाने का निर्णय लिया गया है।

कार्यकारी निदेशक ने बताया कि मेट्रो का डाटा सेंटर करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। नोएडा प्राधिकरण के डाटा सेंटर में लागत कम आएगी। डाटा सेंटर खुद का होने से डाटा सुरक्षित रखने के लिए कोई किराया भी नहीं देना होगा। इसके साथ ही दोनों दफ्तरों का अनुभव भी बढ़ेगा। टेंडर प्रक्रिया में, जो एजेंसी चयनित होगी, उसकी डाटा सेंटर के तैयार करने से लेकर चलाने तक की जिम्मेदारी होगी।

# 16वीं आदिवासी सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय विकास की पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर में सात दिवसीय ट्राइबल यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम में आदिवासी युवा देखेंगे नया भारत, सीखेंगे आत्मनिर्भर बनने के गुर की परिकल्पना साकार होती है। इसी विचार को केंद्र में रखते हुए नेहरू युवा केंद्र संगठन गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर द्वारा 16वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 02 मार्च से 08 मार्च 2025 तक नोएडा कॉलेज ऑफ फिजिकल फिजिकल एजुकेशन धूम मानिकपुर दादरी में आयोजित किया जा रहा है। नेहरू युवा केंद्र गौतमबुद्धनगर की जिला युवा अधिकारी स्निग्धा सिंह ने बताया कि आज दिनांक 4 मार्च 2025 को कार्यक्रम के तीसरे दिन के अवसर पर डॉ महेश शर्मा माननीय सांसद गौतम बुद्ध नगर द्वारा आज के दिवस का शुभारंभ किया एवं इस अवसर पर अन्य अतिथियों में गीता पंडित अध्यक्ष नगर पालिका दादरी मुख्य समाजसेवी प्रमुख उपस्थित रहे।

# वार्ता करने पहुंचे मैनेजर और उसके साथी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 पार्किंग में मामूली विवाद में एचआर मैनेजर और उसके साथी को चार लोगों ने लात और घूसों से पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने किसी तरह दोनों की जान बचाई। सेक्टर-58 थाने में इस मामले में केस दर्ज कराया गया है। कंपनी के मैनेजर रवि सिंह चौहान ने पुलिस को शिकायत दी कि उनकी कंपनी नोएडा में डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने का कार्य करती है। सोमवार को दोपहर 12 बजे अपनी मांगों को लेकर नरेश, गुरदीप, पंकज और साधु मकवाना उर्फ धीरज समेत अन्य कर्मचारी हड़ताल कर रहे थे। जैसे ही इसकी सूचना मिली तो वह अपने साथी प्रभुल्ल कुमार के साथ वार्ता करने के लिए सेक्टर-62 पार्किंग पहुंचे। वार्ता के दौरान ही चारों गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने रवि और प्रभुल्ल को लात और घूसों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर लोग मौके पर एकत्र होने लगे। इतने पर भी आरोपी नहीं माने और दोनों के साथ मारपीट करनी चालू रखी। आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह आरोपियों को संभाला। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरा भी तोड़ दिया। पुलिस ने इस मामले में नरेश, गुरदीप, पंकज और साधु के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# गाली गलौज का विरोध करने पर बेल्ट से पीटा

**नोएडा।** जेवर क्षेत्र के थोरा गांव में गाली गलौज का विरोध करने पर दो आरोपियों ने बेल्ट से युवक के साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नरेश कुमार की शिकायत पर आरोपी नितिन और आशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। नरेश का आरोप है कि रविवार को उसका छोटा भाई धर्मेंद्र खेत की तरफ जा रहा था। इसी बीच आरोपी धर्मेंद्र से गाली गलौज करने लगे। धर्मेंद्र ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे बेल्ट से बुरी तरह पीटा। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने घर जाकर घटना के बारे में बताया। इसके बाद घटना की शिकायत पुलिस से की गई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि नरेश की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नोएडा में बाइकर्स के खिलाफ पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन

■ हजारों के चालान के साथ केस दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शौक में हवा में बातें करते हुए एक्सप्रेसवे नापने वाले बाइकर्स को लेकर यातायात पुलिस सख्त है। बाइकर्स के 12-12 हजार का चालान काटने के अलावा केस भी दर्ज किया है। पुलिस वीकेंड में महामाया फ्लाईओवर व जीरो प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर सख्ती बरतेगी।

बाइकर्स के एक्सप्रेसवे पर हुड़दंग मचाने की खबर सोमवार के अंक में दैनिक जागरण ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। सेक्टर 39 व जेवर थाने में सभी नौ बाइकर्स पर केस दर्ज हैं। पुलिस जल्द बाइकर्स की बाइक भी सीज करेगी। सेक्टर 39 थाने में उप निरीक्षक शहजाद ने दर्ज केस में बताया कि रविवार सुबह कुछ बाइक सवार महामाया फ्लाईओवर के पास दिखे। नोएडा से परी चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर पुराना आइटीएमए कट के पास खतरनाक तरीके से वाहन चला रहे थे। बाइकर्स के इस कृत्य से जनसामान्य के जीवन को खतरा पैदा हो रहा था। इस लापरवाही का संज्ञान ले अधिकारियों को अवगत कराया गया। इंट्रीग्रेटेड सिक्योरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइएसटीएमएस) कैमरों से लापरवाह बाइकर्स की पहचान की गई।छह वाहनों का नंबर निकालकर 12-12 हजार का चालान हुआ, जबकि तीन वाहनों के नंबर की पहचान नहीं हुई। थाना पुलिस (छवपकं च्वसपबम) वाहन नंबर के आधार पर छह अज्ञात चालक व तीन अज्ञात वाहनों के अज्ञात चालक पर लापरवाही से वाहन चलाकर दूसरों की जान खतरे में डालने की धारा में केस दर्ज किया है। उधर, जेवर थाने में भी टीएसआई राजेंद्र दीक्षित ने भी इन्हीं नौ बाइकर्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**डीसीपी ने की अपील:** डीसीपी यातायात लखन सिंह यादव ने बताया कि हर साल सड़क हादसों में हजारों मौत होती है। इसका एक प्रमुख कारण ओवरस्पीड भी है। सड़क हादसों को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर हैं। उन्होंने वर्ष 2025 में सड़क हादसों में मृतकों की संख्या में 50 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य तय किया है। डीसीपी ने लोगों से ओवरस्पीड में वाहन न चलाने व यातायात नियमों के पालन की अपील की।

# कार सवारों ने पार्क के बाहर खड़े युवक को बेल्ट से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कार सवारों ने सेक्टर स्वर्ण नगरी में पार्क के बाहर खड़े युवक को सड़क पर गिराकर बेल्ट से बेरहमी से पीटा। पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया गया है। सेक्टर स्वर्ण नगरी में हिमांशु परिवार के साथ रहता है।

परिजनों ने बताया कि हिमांशु सोमवार को डेयरी से दूध लेने गया था। वह पार्क के पास अपने दोस्तों के साथ खड़ा था। इसी बीच कार सवार तीन युवक वहां पहुंचे और बिना वजह हिमांशु को पीटना शुरू कर दिया। हिमांशु के साथ बेल्ट से मारपीट की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में आरोपी हिमांशु को सड़क पर गिराकर बेल्ट से पीटते दिखाई दे रहे हैं। मारपीट के बाद आरोपी पीड़ित को धमकी देकर भाग गए।

परिजनों का कहना है कि हिमांशु के एक दोस्त का आरोपियों से रुपये का लेनदेन है। दोस्त के विवाद के चलते हिमांशु के साथ मारपीट की गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी मुकुल और अरुण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि उनके एक नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया गया है।

# नव विवाहिता ने की आत्महत्या प्लॉट में व्यक्ति का मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जेवर क्षेत्र के ग्राम मुकीमपुर सीवारा में रहने वाली एक महिला ने मानसिक तनाव के चलती अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। महिला की कुछ वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसके शव को अपर पुलिस उपायुक्त की मौजूदगी में पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं बरौला गांव में एक प्लॉट में व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस का दावा है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं हैं। वहीं स्थानीय लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रियंका शर्मा पत्नी गीतम शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम मुकीमपुर सिवारा ने रात को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि मृतका की शादी अभी कुछ वर्ष पूर्व हुई थी। इसलिए अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा सुमित शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि मृतका के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अगर वे इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करेगी।

सेक्टर-49 थाना प्रभारी ने बताया कि एक युवक ने बरौला गांव स्थित श्यामलाल कॉलोनी के पीछे खाली पड़े प्लॉट में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना दी।

# किसान संघर्ष मोर्चा की महापंचायत आठ को



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** किसान संघर्ष मोर्चा ने आठ मार्च को कलेक्ट्रेट पर महापंचायत का ऐलान किया है। यह निर्णय मंगलवार को मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों की हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। महापंचायत में समस्याओं के समाधान के लिए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। गांवों में पंचायत कर लोगों को जागरू किया जाएगा। शासन स्तर पर गठित हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को लागू न किए जाने पर रोष व्यक्त किया है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रूपेश वर्मा ने कहा कि आंदोलन के बाद 6 जनवरी को किसान संघर्ष मोर्चा के नेताओं की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात हुई थी, जिसमें मुख्यमंत्री ने किसानों की सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था। प्राधिकरण व प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि हाई पावर कमेटी की सिफारिश को तुरंत लागू करें। जिलाधिकारी से कई बार कहने के बाद भी हाई पावर कमेटी की सिफारिश पर कोई सकारात्मक बातचीत प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ नहीं हो पाई है। किसान संघर्ष मोर्चा के तीनों घटक संगठन किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं। किसान संघर्ष मोर्चा ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि 8 मार्च को कलेक्ट्रेट पर महापंचायत कर समस्याओं के समाधान के लिए आगे की रणनीति बनाएंगे। बता दें कि किसान संगठन आबादी भूखंड, भूमि अधिग्रहण के नए कानून, 10 फीसदी विकसित भूखंड आदि मांगों को लेकर पिछले लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। इन समस्याओं के निस्तारण के लिए ही हाई पावर कमेटी गठित की गई थी।

बैठक में भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान, जयप्रकाश आर्य, वीर सिंह, कुंवरपाल प्रधान, सतीश यादव, दुर्गेश शर्मा, कृष्ण यादव, भोजराज रावल, प्रवीण चौहान, संदीप चौहान, अशोक भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, गोपी राम,ओमवीर पवार,धर्मेंद्र एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# बाजार से घर लौट रहे दंपति पर जानलेवा हमला

**नोएडा।** मोरना गांव में बाजार से घर लौट रहे दंपति को गाली-गलौज का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने अपने दो साथियों संग मिलकर दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल महिला के पति का अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल के भाई की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोरना गांव निवासी योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह मूलरूप से हाथरस जिले के गांव नगला बिहारी के रहने वाले हैं। उनके बड़े भाई नीटू कुमार और उनकी पत्नी ममता देवी 20 फरवरी की शाम बाजार से सब्जी खरीदकर घर जा रहे थे। रास्ते में मोरना निवासी मूला मिल गया। उसके साथ दो और लोग थे। आरोपियों ने रास्ते में गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि नीटू ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपियों ने नीटू और उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# फाल्गुन मास में प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा ही होलिका है: केसी पाण्डेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रेम, सौहार्द व रंगों का पर्व होली त्यौहार 14 मार्च को मनाया जाएगा तथा होलिका दहन 13 मार्च को रात्रि में 11बजकर 27 मिनट के बाद किया जाएगा, भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा की वार्षिक बैठक श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में हुई जिसमें होलि. का पूजन व होलिका दहन के बारे में विद्वानों द्वारा निर्णय किया गया महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय ने बताया कि निर्णयसिंधु धर्मग्रन्थ में निर्णयामृत व ज्योतिर्निबंध के अनुसार फाल्गुन मास में प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा ही होलिका है पूर्णिमा 13 मार्च गुरुवार को सुबह 10.36 से पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र व साध्य योग के साथ शुरु होकर 14 मार्च शुक्रवार को दोपहर 12.24 तक उत्तराभाद्रपद के साथ रहेगा परन्तु 13 मार्च को पूर्णिमा पृथ्वी लोक की अशुभ भद्रा के साथ शुरु हो रही है जो रात्रि 11.27 तक रहेगा धर्मग्रंथो के अनुसार भद्रा में होलिकादहन अनिष्टकारक होता है शास्त्रों में स्पष्ट लिखा है ष्भद्रायां द्वे न कर्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा। श्रावणी नृपति हन्ति, ग्रामं दहति फाल्गुनष।।अर्थात श्रावणी में भद्रा राजा का नाश तथा फाल्गुनी में नगर व राष्ट्र का नाश करती है अत: भद्रा समाप्ति के बाद ही होलिकादहन करना सही रहेगा इसलिए रात्रि 11. 27 के बाद होलिकादहन होगा, स्नान, दान की पूर्णिमा 14 मार्च को रहेगी संरक्षक व परामर्श मंडल विद्वान डॉ0 वासुदेव शर्मा व पंडित कमलेश गिल्डियाल ने बताया कि होलिका पूजन 13 मार्च को पूर्णिमा लगने के बाद सुबह 10.58 से दोपहर 1.57 तक शुभ रहेगा पुन: दोपहर बाद 3.27 से सायं 6.25 तक किया जा सकता होलिका पूजन में उपले, नारियल, पान, सुपारी, अक्षत, जल, बतासा धूप, गंध, चना के साथ मिष्ठान चढ़ाना चाहिए साथ ही द्य नमो भगवते वासुदेवाय नम: मंत्र जप करना चाहिए होलिक. ापूजन व दहन के समय मंत्र- अहकूटा भयत्रस्तै: कृता त्वं होलि बालिशै:। अतस्वां पूजयिष्यामि भूति-भूति प्रदायिनीम्‍द्य जप करते हुए होलिका की 7 बार परिक्रमा करें तथा गेहूँ की बालियां भूनने की भी परम्परा है होली से 8 दिन पूर्व फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी से फाल्गुन पूर्णिमा तक होलाष्टक की मान्यता उत्तर भारत पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश आदि में है ग्रहों की उग्र स्थिति के कारण इस अवधि में मांगलिक कार्य नहीं किए जाते है अत: होलाष्टक 7 मार्च को सुबह 9 बजकर 19 मिनट से शुरु होकर 13 मार्च तक रहेगा इस समय समस्त मांगलिक शुभ



कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, उपनयन, मुंडन आदि कार्य वर्जित रहेंगे, मंत्री गौरव कौशिक ने महासभा का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया, प्रवक्ता डा. करुण शर्मा ने बताया कि महासभा बैठक में विशिष्ट सदस्यों की संख्या 5 से बढ़ाकर 11 करने का निर्णय हुआ, महासभा के विशिष्ट सदस्य पंडित अमरजीत पाण्डेय को महासभा संरक्षक बनाया गया तथा पंडित दुर्गाशरण वाजपेयी को प्रचार मंत्री तथा पंडित जगदंबा शर्मा को संगठन मंत्री बनाया गया। बैठक कि अध्यक्षता ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशीवाले ने की, महासभा संरक्षक डा. वासुदेव शर्मा, परामर्श मंडल विद्वान पंडित कमलेश गिल्डियाल व पंडित ओमप्रकाश पोखरियाल निर्णय प्रमुख रहे बैठक में महामंत्री अनिशा सोनी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष पंडित मित्र प्रसाद काफ्ले, उपाध्यक्ष पंडित ब्रजेश कौशिक, लेखा निरीक्षक पंडित देवी प्रसाद तिवारी, प्रवक्ता डा. करुण शर्मा व पंडित अजय शर्मा, समन्वयक पंडित अजय पाण्डेय, मिडिया प्रभारी पंडित सर्वेश तिवारी व एस्ट्रो धर्मेंद्र बंसल,उपाध्यक्ष पंडित आदित्य भारद्वाज, पंडित अनुज मिश्रा, पंडित माधव राम शर्मा, पंडित शैलेन्द्र मिश्रा शास्त्री, पंडित आशीष पोखरियाल , पंडित शैलेन्द्र अवस्थी,
पंडित अजय त्रिपाठी आदि विद्वानों ने विचार रखा।

## एक नजर

### जीआरपी पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल, चलती ट्रेन से गिरा बैग यात्री को लौटाया

**हापुड़।** जीआरपी पुलिस ने चलती हुई ट्रेन से ट्रैक पर गिरे यात्री के बैग को सुरक्षित बरामद कर यात्री को लौटाकर मानवता की मिसाल पेश की है। पाना बैग पाकर यात्री ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया। जीआरपी के इस कार्य की सभी सराहना कर रहे हैं। जीआरपी चौकी प्रभारी सचिन मलिक ने बताया आला हजरत एक्सप्रेस के एस्कॉर्ट द्वारा सूचना मिली कि जनपद सीतापुर के थाना मिश्रिख के गांव रूपपुर निवासी राकेश पुत्र विश्वनाथ का बैग आला हजरत एक्सप्रेस से हापुड़ आउटर रेलवे ट्रैक पर गिर गया था। जिसमे मजदूरी कर कमाए गए 13, 800 रूपये व कुछ अन्य कीमती सामान था। सूचना मिलते ही जीआरपी चौकी प्रभारी सचिन मलिक, हेड कांस्टेबल हरेंद्र व हेड कांस्टेबल अलीन ने बैग की तलाश शुरू कर दी और बैग को बरामद कर लिया। बैग बरामद करने के बाद पुलिस ने इसकी सूचना बैग के मालिक को दी। सूचना पर पहुंचे बैग मालिक को पुलिस ने उसका बैग सुरक्षित बरामद कर लौटा दिया। बैग पाकर यात्री ने जीआरपी पुलिस का आभार व्यक्त किया। जीआरपी के इस कार्य की सभी सराहना कर रहे हैं।

## गंगा किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**ब्रजघाट/गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा किनारे अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा मिलने से तीर्थनगरी में सनसनी फैलने के साथ ही सैकड़ों की भीड़ मौके पर जुट गई। पुलिस ने घंटों तक जांच पड़ताल करने के बाद मृतक को भिखारी बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया। मुक्ति धाम ब्रजघाट में घंटाघार से चंद कदमों की दूरी पर गंगा किनारे मंगलवार की सुबह एक अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा हुआ था। जिस पर नजर पड़ते ही गंगा स्नान समेत विभिन्न अनुष्ठान करने आ रहे लोगों के होश उड़ गए। गंगा किनारे अज्ञात शव पड़ा होने की खबर मिलते ही तीर्थनगरी में सनसनी फैलने के साथ ही आनन फानन में सैकड़ों की भीड़ मौके पर जुट गई। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिसने काफी देर तक जांच पड़ताल करते हुए कपड़ों की सघन तलाशी भी ली। परंतु ऐसी कोई चीज बरामद नहीं हो पाई, जिससे मृतक के नाम पते के विषय में कोई जानकारी लग पानी संभव हो पाती। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि घंटाघर के पास मृत हालत में मिले अज्ञात अधेड़ की शिनाख्त संभव नहींम हो पाई है, हालांकि पूछताछ के दौरान स्थानीय लोगों द्वारा द्वारा बताया गया है कि मृतक कई सालों से तीर्थनगरी में रहकर श्रद्धालुओं की दया और दान के सहारे अपनी जिंदगी बिता रहा था। मृत्यु किस कारण से हुई है, इसका खुलासा अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संभव होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रावासों की निगरानी समिति के सदस्य बने जसवंत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने प्रदेश के 18 मंडलों में राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों के लिए प्रदेश नागरिक निगरानी समिति का गठन कर सहारनपुर, मुरादाबाद और बरेली मंडल के लिए जसवंत सिंह को सदस्य नामित किया है। जसवंत सिंह समाजसेवी के साथ ही स्वरोज नेटवर्क के उत्तर भारत के को-आर्डिनेटर भी हैं। उत्तर प्रदेश अमरोहा में भी उनका नेटवर्क फैला हुआ है। जानकारी होने के बाद से समर्थकों में खुशी की लहर है। वहीं सोमवार की शाम मीडिया को जारी

**■ समाज कल्याण मंत्री ने दी अहम जिम्मेदारी**



बयान में जसवंत सिंह ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का आभार व्यक्त किया है। कहा है कि वह पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

## रोवर्स-रेंजर्स को आपात स्थिति में उपचार करने के तरीके सिखाए

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स इकाई के त्रि-दिवसीय शिविर के दूसरे दिन डॉ.संयम (रोवर्स प्रभारी) एवं डॉ.नेहा अग्रवाल (रेंजर्स प्रभारी) के नेतृत्व में शिविरार्थियों को रोवर्स रेंजर्स की उपयोगिता सहित अन्य विषयों के बारे में समझाया गया। मंगलवार को शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ प्रार्थना के पश्चात् ध्वजारोहण एवं झण्डा गीत के साथ हुआ। प्रशिक्षक डॉ.अजय कुमार द्वारा रोवर्स-रेंजर्स के विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण शिविर, समाज में

**■ आज बुधवार को तृतीय दिवस पर होगा समापन**

रोवर्स-रेंजर्स की उपयोगिता, महत्व, दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी क्रम में उन्होनें प्राथमिक चिकित्सा, आवश्यक सामग्री एवं दवाईयों के बारे में बताया। आपातकालीन स्थिति में दुर्घटना में फ्रेक्चर होने पर, किसी जहरीले जीव जन्तु के काटने पर तुरन्त दिये जाने वाले प्राथमिक उपचार को प्रत्यक्ष दर्शाकर सिखाया। स्ट्रेचर बनाना भी सिखया, साथ ही प्रशिक्षक अमन कुमार ने शिविरार्थियों को तम्बू



बनाना एवं पुल बनाना भी सिखाया गया। प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने शिविरार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रभारी डॉ.नेहा अग्रवाल ने बताया कि आज बुधवार को शिविर का समापन किया जाएगा।

## बहन की शादी का झांसा दे लाखों हड़पे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** नगर क्षेत्र के एक अधिवक्ता से उसके रिश्तेदार ने अपनी बहन की शादी के लिए तीन लाख रुपये उधार लेकर हड़प लिए। अब रुपये वापस मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। नगर पुलिस ने मामले में आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली में डीएम कालोनी निवासी पीड़ित मनोज कुमार गौतम ने तहरीर देकर बताया कि वह विधि व्यवसाय करते हैं। उनकी मौसी बबीता की ननद की शादी 8 दिसंबर 2023 को तय हुई थी। इस पर मौसा योगेश उर्फ बंटी निवासी आदर्श नगर थाना थरमल जिला बठिंडा पंजाब ने बहन की शादी के लिए 50 हजार रुपये उधार लिए थे, जो उनके द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। इसके बाद मौसा ने रुपये कम पड़ने की बात कहते हुए 6 अक्टूबर 2023 को 50 हजार रुपये पुन: उधार लिए। 26 नवंबर 2023 को एक लाख रुपये और 27 नवंबर 2023 को एक लाख रुपये उसके द्वारा पुन: ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। उस दौरान मौसा ने एक माह के अंदर रुपये लौटाने का आश्वासन दिया था। आरोप है कि लगातार तकादा करने के बावजूद मौसा द्वारा रुपये वापस नहीं किए जा रहे हैं। 3 अक्टूबर 2024 को रुपये मांगने पर मौसा द्वारा गाली-गलौच कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। नगर पुलिस ने आरोपी योगेश उर्फ बंटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## श्रम कानूनों में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को राजूबाबू पार्क में सीटू के आहवान पर मजदूरों और कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य रूप से नई श्रम संहिताओं का विरोध किया गया। सीटू के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें पूंजीपतिय के इशारे पर काम कर रही हैं। इससे मजदूरों के मौजूदा अधिकार खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद मिले श्रम कानूनों से मजदूरों को 8 घंटे काम, समय पर वेतन और नौकरी में स्थायित्व जैसे अधिकार मिले थे। स्वास्थ्य क्षेत्र की समस्याओं पर बोलते हुए रंजन सिंह ने कहा कि यूपी सरकार का बजट स्वास्थ्य विभाग और आशा कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। सरकार निजी कंपनियों को बढ़ावा दे रही है। तरुणा सिंह ने आरोग्य मंदिरों की खस्ता हालत का मुद्दा उठाया। प्रमोद पाल ने श्रम विभाग पर मालिकों के हित में काम करने का आरोप लगाया। प्रदीप सागर ने बिजली विभाग के निजीकरण का विरोध करते हुए कहा कि इससे गरीब उपभोक्ता, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायी प्रभावित होंगे। सभा की अध्यक्षता जितेंद्र मोहन ने की जबकि संचालन वीरेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का भी मुद्दा उठाया।

## पावर कॉरपोरेशन के गबन में कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शिकारपुर खंड पावर कॉरपोरेशन में 12 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। आरोपी ठेकेदार की फर्म को दो साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। आगरा की फर्म ओम श्री साईं राम एंटरप्राइजेज ने डिबाई खंड में मार्च 2024 में कई कार्यों के लिए टेंडर डाले थे। फर्म ने अनुबंध के बाद भी निर्धारित समय में काम पूरा नहीं किया। विभाग ने कई बार पत्राचार किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जनवरी 2025 में पुष्पेंद्र चौधरी नामक व्यक्ति ने खुद को फर्म का प्रतिनिधि बताते हुए एमडी को शिकायत भेजी। उसने अधीक्षण अभियंता और बाबू पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया।

ऊर्जा निगम के अधिकारियों ने बताया कि पुष्पेंद्र न तो फर्म का प्रति. निधि है और न ही सर्किल में किसी अन्य फर्म के लिए काम करता है। शिकायत पर एमडी ने अधीक्षण अभियंता और बाबू को निलंबित कर सहारनपुर अटैच कर दिया। अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार निर्मल ने 22 फरवरी 2025 को फर्म को दो साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया। निगम ने ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए डिबाई खंड में मार्च 2024 में किए गए सभी अनुबंध रद्द कर दिए हैं। साथ ही फर्म की जमा सुरक्षा राशि को जब्त करने के आदेश भी दिए गए हैं।

## शान्ति समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिबाई।** नगर कोतवाली परिसर मे शांति समिति की एक बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीओ प्रभारी निरक्षक सिटी इंचार्ज व पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे। एसडीएम ने आगामी होने वाले त्योहारों को आपस मे भाईचारा के साथ शांति पूर्वक मनाने की अपील की।

# सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार की सुबह गुलावठी क्षेत्र में बच्चे को बचाने के प्रयास में गांव पितुवास रजवाहे में कार गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे गांव नगला में शादी समारोह से एक परिवार कार से अमरोहा लौट रहा था। गांव पितुवास के पास बच्चे को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर रजवाहे में जा गिरी। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार के शीशे तोड़कर सभी को बाहर निकाला। कार में 39 वर्षीय कौशल, 40 वर्षीय निपेंद्र, 16 वर्षीय कन्हैया, 16 वर्षीय वंशिका व हर्ष सवार थे। हादसे में कन्हैया और वंशिका की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि निपेंद्र, कौशल तथा हर्ष को जिला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां निपेंद्र और हर्ष ने भी दम तोड़ दिया। जबकी कौशल की भी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। मृतकों के परिजनों को इस बात की जानकारी दी।

साथ ही मामेल की जांच पड़ताल में जुट गई। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि अमरोहा जिले के नगला बशीर गांव का रहने वाला एक परिवार सिकंद्राबाद क्षेत्र के नगला काला में एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। लौटते वक्त मंगलवार सुबह उनकी कार छोटी नहर में जा गिरी। मृतक के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मचान में लगी आग, किसान की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को अहार थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद तहारपुर में मचान में आग लगने से 45 वर्षीय किसान की जलकर मौत हो गई। किसान देर शाम फसलों की रखवाली करने के लिए खेतों पर गया था। जहां संदिग्धावस्था में मचान में आग लग गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गांव औरंगाबाद तहारपुर निवासी 45 वर्षीश कमल पुत्र कंछिद सिंह ने सिद्ध बाबा गंगा घाट के पास लगान पर खेत लिए हुए है। चार दिन पूर्व उसने खेत में मटर की बुआई की थी। खेत में ही उसने झोपड़ीनुमा मचान बना रखी है। जिस पर बैठकर कर वह आवारा पशुओं से फसलों की रखवाली करता था। सोमवार की देर रात करीब आठ बजे कमल का छोटा बेटा खेत पर छोड़ आया था। उसके बाद वह मचान पर चढ़कर लेट गया। देर रात संदिग्धावस्था में उसकी मचान में आग लग गई। जिसकी चपेट में वह भी आ गया और आग में ही जिंदा जलकर उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह परिजन जब खेत पर पहुंचे तो कमल का शव कंकाल अवस्था में मचान के पास जमीन पर पड़ा हुआ था। मचान व झोपड़ी भी राख हो गई थी।

## टोल कर्मियों द्वारा भाकियू कार्यकर्त्ता से अभद्रता को लेकर भाकियू ने टोल प्लाजा पर किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** टोल कर्मियों द्वारा भाकियू कार्यकर्त्ता से अभद्रता को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा के नेतृत्व में सैकड़ो भाकियू कार्यकर्ताओ ने पिलखुवा के छिजारसी टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की।
इस दौरान करीब आधे घंटे तक टोल की कई लाइन बंद रही। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुचे गई और पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को समझाने का प्रयास किया। टोल प्रबंधक के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने बताया कि सोमवार की रात करीब सवा नौ बजे टोल कर्मियों द्वारा एक कार्यकर्ता के साथ बदसलूकी की सूचना मिली थी। जिसके बाद सैकड़ों कार्यकर्ता पिलखुवा के छिजारसी टोल पर पहुंचे और किसानों ने एक घंटे तक टोल पर जमकर नारेबाजी और हंगामा किया। उन्होंने बताया कि टोल प्रबंधक द्वारा भाकियू के कार्यकर्ताओ के साथ टोल प्लाजा पर किसी भी तरह कि अभद्रता नहीं होने का आश्वासन दिया गया है।

## रामपुर में यूनियन बैंक कैशियर ने ग्राहक से की अभद्रता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर में यूनियन बैंक के कैशियर ने कस्टमर से जमकर अभद्रता की। कस्टमर मां और उसके बेटे से मैनेजर के सामने हाथपाई की। अभद्रता का वीडियो बनाने से रोका। साथ ही बैंक से धक्के देकर बाहर निकाल दिया।
जिले के सिविल लाइंस में राम रहीम पुल के पास यूनियन बैंक है। यूनियन बैंक में नाजमा खान का अकाउंट है। उन्हें बैंक से करीब 5 लाख रुपए निकालने थे। उम्र ज्यादा होने के चलते उन्होंने अपने बेटे को साथ ले लिया। बैंक से रुपए निक. ालने के दौरान बैंक कैशियर मनोज कुमार ने अपना आपा खो दिया और मां बेटे से बतमीजी की। इसकी शिकायत नाजमा जब बैंक मैनेजर के रूम में पहुंचीं तो मनोज कुमार वहां भी आ गए और गुस्से से आग बबूला दिखाई दिए। इस दौरान अपने साथ अभद्रता का बेटे ने वीडियो बनाया तो कैशियर ने मोबाइल छीन लिया और दोनों को बैंक से धक्के देकर बाहर निकाल दिया। कैशियर मनोज कुमार की दबंगई बैंक मैनेजर समेत सभी लोग मूक दर्शक बने देखते रहे। बैंक कैशियर मनोज कुमार की अक्सर अभद्रता को लेकर शिकायत होती है।

## साइबर ठगो ने लगाया 40 हजार का चूना



**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को साइबर ठगी का व्यक्ति हुआ शिक. ार,कॉल कर पहले भेजा पैसे आने का मैसेज उसके बाद कर दिया खाता खाली। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के चंदपुरा सलिस निवासी नन्हे बाबू को किसी नंबर से कॉल आई। जिस पर उसने उनके खाते में 15 हजार रुपए भेजने को कहा जिसे पर नन्हे बाबू को 10 हजार रुपए का मैसेज आया। जिसके बाद साइबर ठग ने उनको दुबारा कॉल कर कहा कि 5 हजार रुपए और भेज रहा हूँ। और उसने 50 हजार का उनके फोन पर मैसेज भेजा। और कहा कि गलती से 5 हजार की जगह 50 हजार पहुंच गए हैं, आप मुझे बाकी के पैसे वापस भेज दो।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना – ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 32-W-BR-262-UMB DATE 04.03.2025 | अम्बाला डिवीजन के अंबाला-चंडीगढ़ खंड के पुल संख्या 262 DN (14x30.50m KM - 323/12-323/40 पर साइड पाथवे के प्रावधान का कार्य। | ₹ 12350459.17 | ₹ 211800/- | 06 (छह) महीने | दिनांक 29.03.2025 को 14:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 14:00 बजे के पश्चात् |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 698/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



Truhome FINANCE

**टूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**फोन:** 1800 102 4345 ; **वेबसाईट:** website: www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मॉजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110016.

**परिशिष्ट-IV-A** (नियम 9(1) का प्रावधन देखें) **अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**
इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता के लिए और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर के लिए कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। ई-नीलामी में **दिनांक 24 मार्च 2025 को सुबह 11:00 बजे से अपरान्ह 1:00 बजे के बीच ई-नीलामी में 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा। टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) को बकाया राशि की वसूली के लिए उधारकर्ताओं और गारंटरों से, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं और गारंटरों का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण और उस पर ज्ञात भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा और वेतन वृद्धि भी नीचे दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | 13(2) मांग सूचना की दिनांक और राशि | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | धरोहर राशि जमा विवरण (ईएमडी) विवरण | नीलामी की दिनांक और समय | सम्पर्क व्यक्ति और निरीक्षण दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्री निमेश सिंह पुत्र श्री आदित्य सिंह आरजेड-247, तीसरी मंजिल, बाईं ओर, गांव- बिंदापुर, टी- एक्सटेंशन, विश्वास पार्क, गली नंबर-9, उत्तम नगर, नई दिल्ली - 110059. श्रीमती गौरी निमेश सिंह पत्नी श्री निमेश सिंह आरजेड-247, तीसरी मंजिल, बाईं ओर, गली नंबर-9, खसरा नंबर 346, गाँव- बिंदापुर, टी- एक्सटेंशन, विश्वास पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली- 110059.** **कब्जे की दिनांक और कब्जे का प्रकार** 02-जनवरी-2025 और भौतिक कब्जा **भार ज्ञात** ज्ञात नहीं | डिमांड सूचना की तिथि 10-जुलाई-2024 रु. 19,15,865/- (रु. उन्नीस लाख पन्द्रह हजार आठ सौ पैंसठ मात्र) ऋण खाते के संबंध में SBTHGPRK0001394 **और** रु. 14,22,464/- (रु. चौदह लाख बाईस हजार चार सौ चौसठ मात्र) ऋण खाते के संबंध में SILHGPRK0001624 अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि के साथ। | रू. 21,00,000/- (रूपये इक्कसी लाख मात्र) **बोली वृद्धि:** रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में **धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)** रू. 2,10,000/- (रूपये दो लाख दस हज़ार मात्र) **ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक 21 मार्च, 2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक** | ईएमडी राशि आरटीजीएस /एनईएफटी के माध्यम से निम्न वर्णित खातों में जमा किया जा सकता है। **बैंक का नाम-** एक्सिस बैंक लिमिटेड **शाखा-** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई **बैंक खाता सं.-** चालू खाता नं. 0911020045677633 IFSC CODE-UTIB0000230 | **24 मार्च 2025 समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक** | **संजीव शर्मा फोन नं. 011-40725822 श्री निखिल कुमार - 7053869593, श्री अशफाक पटका 9819415477 कस्टमर केयर नं. 022-40081572 सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 17 मार्च 2025 11:00 बजे से 04:00 बजे तक** |

**सम्पत्ति का विवरण**

संपत्ति के सभी भाग और पार्सल नं. आरजेड-247, छत के साथ तीसरी मंजिल और एक कार पार्किंग दाईं ओर,भूमि क्षेत्रफल: 70 वर्ग गज, कुल भूमि क्षेत्रफल में से 222 वर्ग गज, खसरा नं. 346 का हिस्सा, आवासीय गांव-बिंदापुर का एरिया, और कॉलोनी जिसे टी-एक्सटेंशन के नाम से जाना जाता है, विश्वास पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059. उक्त संपत्ति की सीमाएँ:- उत्तर: 20 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण: संपत्ति का हिस्सा, पूर्व: 25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमी: संपत्ति का हिस्सा

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों, बोली फॉर्म और अन्य के लिए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट पर भी जा सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट https:www.bankeauctions.com पर आयोजित की जाएगी, लिमिटेड, पता:- प्लॉट नंबर-68, तीसरी मंजिल, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003। किसी भी सहायता के लिए, आप ईमेल आईडी: tn@c1india.com, support@bankeauctions.com पर ईमेल लिख सकते हैं। आप नीलामी एजेंसी से भी संपर्क कर सकते हैं. दूरभाष: +91-124-4302020 फैक्स: +91-124-4302010 www.c1india.com. किसी भी प्रश्न के मामले में बोलीदाता उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित अधिकारी से संपर्क कर सकता है।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना**
गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं को नीलामी से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल बकाया का भुगतान करने का आखिरी मौका दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित संपत्ति उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी। गिरवी रखने वालों/उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे संपत्ति के अंदर मौजूद सभी चल वस्तुओं को वापस ले लें।
ध्यान दें: कृपया ध्यान दें कि सुरक्षित ऋणदाता सभी उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को स्पीड/पंजीकृत डाक द्वारा बिक्री नोटिस जारी करने जा रहा है। यदि यह किसी भी पक्ष को प्राप्त नहीं होता है, तो बिक्री सूचना के इस प्रकाशन को सेवा का एक प्रतिस्थापित तरीका माना जा सकता है।

स्थान:- दिल्ली
दिनांक:- 05.03.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# अवैध कॉलोनी पर चला जिला पंचायत का बुलडोजर

## मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल के आदेश पर एसडीएम ने की कार्रवाई

- बिना नक्शा पास कराए बनी कॉलोनी तो होगी ध्वस्त
- डिफेंस व स्मार्ट सिटी को किया जमींदोज





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** परीक्षितगढ़ मेरठ मार्ग पर बन रही दो कॉलोनियों पर मंगलवार को जिला पंचायत की टीम ने एसडीएम मवाना व पुलिस बल के साथ सरकारी पंजे ने जमींदोज कर दिया। यह कॉलोनी जिसमे 55 हजार मीटर डिफेंस कॉलोनी व स्मार्ट सिटी 75 हजार मीटर पर बन रही थी, जिला पंचायत की इस बुलडोजर कार्यवाही से नगर के आसपास बन रही कॉलोनियों पर भी खतरा मडरा गया है।

मेरठ मार्ग पर ग्राम इकला खजुरी के पास स्मार्ट सिटी व डिफेंस कॉलोनी के नाम से दो कॉलोनियां काटी जा रही है जिन्हें मवाना निवासी आदिल सेफी एवं शान मोहम्मद, अशोक त्यागी पुत्र मंगू त्यागी काट रहे थे। इसकी शिकायत जिला मुख्य अधिकारी से की गई थी, यह शिकायत बीते वर्ष होने के बाद बिल्डरों को 5 जुलाई को अंतिम नोटिस दिया गया था। जिस पर एसडीएम मवाना ने जांच कर जिला पंचायत को कार्यवाही के लिए चिन्हित किया था। मंगलवार को अपर जिला पंचायत अधिकारी वीएस कुशवाहा के साथ एसडीएम मवाना प्रतीक्षा सिंह, नायब तहसीलदार नितेश सैनी सहित जिला पंचायत के इंजीनियर मुकेश कुमार, जई आशीष कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा दो जेसीबी से दोनों कॉलोनीयो के गेट दीवार व कार्यालय तथा कुछ निर्माण मकान ध्वस्त कर दिए। इस मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। अपर जिला पंचायत अधिकारी वीएस कुशवाहा ने बताया कि जिला पंचायत क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। सभी कॉलोनाइजरों को नोटिस दिए जा रहे हैं जिससे की कॉलोनी के नक्शे पास करा लें।

बता दें कि अब शहर हो या देहात कहीं पर भी बिना मानचित्र पास कराए कॉलोनी विकसित नहीं हो पाएगी जिससे कॉलोनी में मकान बनाने का सपना रखने वालों के अरमानों पर पानी फिरता नजर आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शहर देहात की सभी कॉलोनी इसकी जद में आ रही है। शहर में विकास प्राधिकरण और अन्य विभाग कार्यवाही करेंगे। वहीं देहात में जिला पंचायत इस पर कार्यवाही करेगा। बता दें नगर में इस समय दर्जनों कॉलोनी काटी जा रही है जिसमें करीब 1000 नए मकान बन भी चुके हैं। जिला पंचायत की इस कार्यवाही से सभी कॉलोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है क्योंकि कॉलोनाइजर जमीन के मालिकों को करोड़ों रुपए एडवांस में दे चुके हैं।

## शुद्धता की लड़ाई में टाटा नमक की हुई जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** टाटा नमक 1983 से भारत का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड रहा है और इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान, टाटा नमक देश भर के 100 नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। इससे टाटा नमक, देश में शुद्धता और क्वालिटी के मानक के रूप में स्थापित होता है। टाटा नमक, बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स-इंडिया, दीपिका भान ने अपनी टिप्पणी में कहा टाटा नमक की शुद्धता और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के हित के प्रति समर्पित हैं।

## अजय हत्याकांड का चौथा आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** 25 फरवरी की रात अजय की पत्नी प्रेमी से अवैध संबंध के चलते जानी थाना क्षेत्र के गांव कुसेडी में अजय उर्फ बिट्टू की ईंट से कुचलकर हत्या कर दी गई थी जिसमें जानी थाना पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए साली पूनम उसके प्रेमी अवनीश और पत्नी संगीता को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है क्योंकि अजय की पत्नी अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी इसी के चलते अजय को रास्ते से हटाना चाहती थी और प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। वहीं तीसरा आरोपी अवनीश का दोस्त आंसू लगातार फरार चल रहा था वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर सुभारती अस्पताल के पास से दबोच लिया आरोपी की पहचान आशु पुत्र जोगी राम निवासी ग्राम खरजीवनपुर खेमावती थाना मुरादनगर गाजियाबाद के रूप में हुई पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। न्यायालय ने चालान कर जेल भेज दिया। वहीं अजय हत्याकांड के सभी आरोपी सलाखों के पहुंच जाने से पुलिस ने राहत की सांस ली।



# मशरूम एवं मशरूम बीज उत्पादन पर सात दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में मंगलवार को मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र पर सात दिवसीय मशरूम एवं मशरूम बीज उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का समापन वित्त नियंत्रक पंकज चतुर्वेदी ने बताया कि मशरूम की डिमांड पूरे देश में लगातार बढ़ती जा रही है लोगों में जागरूकता बड़ी है जिससे अधिक से अधिक लोग इसका सेवन करने लगे हैं इसलिए लोगों को मशरूम उत्पादन तथा मशरूम बीज उत्पादन का कार्य प्रारंभ करना चाहिए और निदेशक शोध प्रोफेसर कमल खिलाड़ी प्रोफेसर आर एस सेंगर निदेशक ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट तथा कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर गोपाल सिंह के दिशा निर्देशन में किया गया प्रोफेसर आर एस सेंगर निदेशक ट्रेनिंग ऑफ प्लेसमेंट करते हुए कहा मशरूम प्रोटीन युक्त महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है इसलिए इसकी उपयोगिता को देखकर अधिक से अधिक लोगों को इसका उत्पादन प्रारंभ करना चाहिए क्योंकि यह बहुत ही कम जगह में अच्छा प्रॉफिट दे सकती है। प्रशिक्षण में विभिन्न जिलों से आए हुए 30 छात्र-छात्राएं एवं महिला कृषकों प्रमाणपत्र वितरण किया गया। इस प्रशिक्षण में रोहित कुमार, क्षितिज, कुमार, सागर कुमार, वैश्वी सिंह आदि का सहयोग रहा है।



## शोभित विवि में राष्ट्रीय कार्यशाला का दूसरा दिन

# प्लांट टिशू कल्चर पर गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में आयोजित पाँच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 'बायोटेक्नोलॉजी का भविष्य: सतत विश्व के लिए नवाचार' के दूसरे दिन का आयोजन प्लांट टिशू कल्चर पर गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र के साथ किया गया। कार्यशाला में भाग ले रहे प्रतिभागियों को प्लांट टिशू कल्चर की जटिल प्रक्रियाओं को समझने और उन्हें प्रयोगशाला में लागू करने का अवसर मिला। प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को प्लांट टिशू कल्चर के प्रायोगिक पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस सत्र में प्रमुख रूप से स्टेरलाइजेशन प्रक्रिया, एक्सप्लांट चयन, कल्चर मीडिया की तैयारी और पौधों की इन-विट्रो वृद्धि से जुड़ी तकनीकों को विस्तार से समझाया गया। डॉ. कुमार ने इस प्रशिक्षण के दौरान बताया कि प्लांट टिशू कल्चर न केवल जैव विविधता के संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह कृषि और औषधीय पौधों के उत्पादन को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वे इस तकनीक को अपने अनुसंधान कार्यों में शामिल करें और सतत विकास के लिए इसका उपयोग करें। कार्यशाला में डायरेक्टर डॉ. दिव्या प्रकाश, डॉ. संजुक्ता, डॉ. गरिमा वर्मा सहित कई शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने इस व्यावहारिक सत्र में विशेष रुचि दिखाई और प्लांट टिशू कल्चर के नवाचार और भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यशाला के आगामी दिनों में बायोटेक्नोलॉजी के अन्य नवीन पहलुओं पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों को जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और अनुप्रयोगों की व्यापक जानकारी प्राप्त होगी।

## बजाज एलियांज लाइफ बना बीमा, एएसबीए सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बजाज एलियांज लाइफ, बीमा एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट बीमा एएसबीए सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चितकरना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। इस बारे में बात करते हुए बजाज एलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, 2047 तक सबके लिए बीमा के लक्ष्य के अनुरूप, इरडाई पारदर्शिता, भरोसे और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन कदम उठा रहा है। ये उपाय ग्राहकों को और अधिक लाभ पहुंचाने और समूची बीमा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए हैं। बीमा-एएसबीए इस दिशा में एक अहम पहल है। जिसका हम स्वागत करते हैं।

# दंपती में हुई मारपीट, पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** थाने में मंगलवार को दंपती के बीच कहासुनी हो गई। दोनों एक दूसरे की गलती बताकर आरोप लगाने लगे। पत्नी ने पति को साइको बीमार कह दिया।

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में पावली निवासी दंपती में आए दिन झगड़ा और मारपीट होती रहती है। पति सैनेट्री का काम करता है। जबकि पत्नी घरों में साफ सफाई का कार्य करती है। पुलिस ने बताया कि दंपती के बीच काफी दिनों से छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा होता रहा है। कई बार दोनों कभी हाईवे चौकी तो कभी थाने आकर एक दूसरे की शिकायत कर चुके हैं। दो दिन पहले भी दंपती का पड़ोसी से झगड़ा हुआ था, तब दंपती एक साथ थे और पड़ोसी के खिलाफ शिकायती पत्र दिया था। मंगलवार को दंपती के बीच ही झगड़ा हो गया। दोनों में मारपीट तक होने लगी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। स्वजन ने पति की गलती बताई। पुलिस पति को थाने ले गई। पत्नी अपने मायके पक्ष वालों संग थाने में पहुंची और पुलिस जहां दंपती के बीच कहासुनी हो गई। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे। पुलिस ने फटकारकर शांत किया। पति ने पत्नी से कहा कि मैं गलत हूं तो तू फेरों की कसम खा के बोलो कि में गलत हूं काफी देर तक फैमिली ड्रामा चलता रहा। थाना प्रभारी विनय कुमार का कहना है कि दंपती एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। प्रयास है कि दोनों ने समझौता हो जाए, जिससे घर न बिगड़े।

## जीतू मुठभेड़ की मजिस्ट्रीयल जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट डॉ. वी.के. सिंह ने बताया कि एसएसपी के पत्र के आधार पर थाना मुण्डाली क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ की उक्त घटना, जिसमें जीतू उर्फ जितेन्द्र पुत्र ओमप्रकाश निवासी असौंदा, थाना असौंदा, जनपद झज्जर हरियाणा एक लाख का ईनामी अपराधी की मृत्यु हुई है, संबंधी घटनाक्रम की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु मजिस्ट्रेट नामित करने का अनुरोध किया गया है। जनपद मेरठ के थाना मुण्डाली क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ की उक्त घटना, जिसमें जीतू उर्फ जितेन्द्र हरियाणा की मृत्यु हुई है, की मजिस्ट्रीयल जांच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट मेरठ को जांच अधिकारी नामित किया जाता है। अपनी मजिस्ट्रीयल जांच आख्या 30 दिन के अंदर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

## भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिवालखास विधानसभा की नगर पंचायत करनावल में भारतीय मतदाता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आदेश फौजी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम नारायणी भाटिया से मिला और बिजली विभाग द्वारा छापामारी करके नगर पंचायत के सैकड़ों नागरिकों पर चोरी का मुकदमा दर्ज करके मोटी वसूली का नोटिस भेजा गया जिस कारण मजदूर और कमेरा वर्ग किसान अपने आप को ठगा सा और डरा हुआ महसूस कर रहा है। उपरोक्त मामले न्याय संगत वसूली हो और किसानों और मजदूरों का शोषण ना हो एसडीएम से निवेदन किया क्योंकि नगर पंचायत में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर एसडीएम ने मुकदमा वापस होने की बात कही थी इसलिए ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रतिनिधि मंडल में चेयरमैन लोकेंद्र सिंह, जिलामंत्री कृष्णपाल फुगाट, जिला प्रतिनिधि लक्की सैनी, मंडल उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, राकेश भारद्वाज, मोहित त्यागी, उदयवीर कशय आदि मौजूद रहे।

## भाकियू टिकैत ने की हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** थाना क्षेत्र के गांव छोटी चामरोध में डीजे पर हुए विवाद के बाद युवक को गोली मारने के मामले में मंगलवार की सांय भाकियू टिकैत के काफी कार्यकर्ता थानाध्यक्ष से आकर मिले और शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार करने की बात कही। रविवार की रात ग्राम छोटी चामरोध में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान बज रहे डीजे पर हुए विवाद में गोली लग गई थी। जिसमें विक्रम को दो गोली लगी थी। उक्त मामले में विक्रम के चाचा के लड़के गुलाब ने सुखदेव, हरमन व हरजीत को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता थानाध्यक्ष से मिले और शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार करने की बात कही है। सरदार जज सिंह ने कहा कि अगर पुलिस जल्द ही मामले का राजफाश नहीं करती है तो यूनियन की ओर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं थानाध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मामले में आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए तीन टीमें लगाई गई है और पुलिस पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही है। इस मौके पर नरेश चौधरी, सुदंर सिंह, गुरप्रीत सिंह, अनूप यादव, प्रिंस, अंकित चौधरी आदि रहे।

## भारती एयरटेल ने 5जी के विस्तार के लिए एरिक्सन की 5जी कोर तकनीक के साथ की साझेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारती एयरटेल और एरिक्सन ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुंचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है। भारती एयरटेल के सी टी ओ, रणदीप सेखों ने बताया की इस साझेदारी के तहत, एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगा, जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा। एरिक्सन के दक्षिणपूर्व एशिया, ओशनिया और भारत बाजार क्षेत्र के प्रमुख आंद्रेसविसेंते कहा की, वैश्विक रूप से एक अग्रणी 5जी सेवा प्रदाता के रूप में, एरिक्सन, भारती एयरटेल को अपनी सबसे नए टेक्नोलॉजी सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पुरस्कार पाकर खिल उठे युवा वैज्ञानिकों के चेहरे

## विज्ञानोत्सव के दूसरे दिन प्रतिभागियों की प्रतिभा को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे दो दिवसीय विज्ञानोत्सव के दूसरे दिन विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं सुभारती इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन डॉ. मनोज कपिल ने छात्र छात्राओं की तकनीकी प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विज्ञानोत्सव में छात्र छात्राओं ने अपने नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास में सहायक रचनात्मक प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। विज्ञानोत्सव में सुभारती इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने तकनीकी हुनर का प्रदर्शन करते हुए ड्रोन शो, रोबो रेस, आइडिया हैकाथॉन, प्रोजेक्ट प्रदर्शनी, लैन गेमिंग, तकनीकी पोस्टर प्रस्तुति, सर्वश्रेष्ठ चित्र, सर्वश्रेष्ठ रील और शॉर्ट्स को प्रदर्शित कर खूब तालियां बटोरी। छात्र छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विभिन्न श्रेणी में 50 हजार की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। लिंग संवेदीकरण समिति प्रभारी डॉ. सारिका अभय एवं नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता भारद्वाज ने रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें प्रथम माही बंसल, अनुष्का गर्ग नेचुरोपैथी कॉलेज, द्वितीय सुमित कुमार ललित कला तृतीय कंचन कुमारी, अंशिका त्यागी फिजियोथेरेपी एवं एना, अवंतिका, आफिया मेहंदी नेचुरोपैथी ने प्राप्त किया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय स्टार्टअप कमेटी के चेयरमैन डॉ. आर.के. घई ने प्रभावी स्टार्टअप लांच करने पर विजेताओं के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मंच का संचालन अदिति राव एवं रुद्राक्ष ने किया। विज्ञानोत्सव के आयोजन में इंजीनियरिंग कॉलेज के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

# मेवला फ्लाईओवर पर सड़क निर्माण का कार्य लगभग पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी द्वारा मेरठ में मेवला फ्लाईओवर (अतुल माहेश्वरी उपरिगामी सेतु) पर कराया जा रहा सड़क निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। मेरठ में शॉप्रिक्स मॉल के करीब बने शताब्दीनगर नमो भारत स्टेशन से आगे बेगमपुल की तरफ मेवला फ्लाईओवर है। इस फ्लाईओवर के एक तरफ (दिल्ली की तरफ) की सड़क का निर्माण पूरा कर दिया गया है जिस पर यातायात सुगमता से चल रहा है। बेगमपुल की तरफ जाने वाली सड़क भी लगभग तैयार कर दी गई है जो जल्द ही जनता को इस्तेमाल करने के लिए मिलेगी। दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर सिविल निर्माण के दौरान सड़कों के रखरखाव की जिम्मेदारी एनसीआरटीसी की है। इसी के चलते एनसीआरटीसी समय-समय पर सड़कों का रखरखाव करती रही है। हाल ही में मेवला फ्लाईओवर (अतुल माहेश्वरी उपरिगामी सेतु) पर सड़क की स्थिति को देखकर, स्थानीय प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस से सामंजस्य के साथ एनसीआरटीसी ने सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया। इस फ्लाईओवर पर एक तरफ (दिल्ली की ओर आने वाली) सड़क का निर्माण पूरा किया जा चुका है और उम्मीद है कि अगले दो-तीन दिन में बेगमपुल की तरफ वाली सड़क का निर्माण कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके बाद लोगों को पहले से भी बेहतर रोड मिलेगी। लोगों को कम से कम असुविधा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सड़क का निर्माण कार्य सिर्फ रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच ही किया जा रहा है। इस दौरान पहले मशीनों की मदद से ऊपरी परत को उतारा जाता है, जिसे मिलिंग प्रक्रिया कहते हैं। इसके बाद सड़क पर बिटूमिनस कारपेटिंग करते हुए उच्च गुणवत्ता की सड़क का निर्माण किया जाता है। रात के समय सड़क निर्माण के दौरान सड़क से गुजरने वाले लोगों व वाहन चालकों की सुरक्षा का भी खास ध्यान रखा जाता है। यातायात के सुचारू आवागमन के लिए एनसीआरटीसी की ओर से प्रकाश की बेहतर व्यवस्था करता है, जिसकी रात में जरूरत होती है। इसी के साथ ट्रैफिक मार्शल भी तैनात किए जाते हैं। ये ट्रैफिक मार्शल लाल व हरे झंडे, सीटी, रिफ्लेक्टिव जैकेट, हेलमेट और लाइटिंग बैटन के साथ लैस होते हैं व स्थानीय ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से यातायात व्यवस्था संभालते हैं। वहीं, क्रैश बैरियर भी लगाए जाते हैं। दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर तमाम कार्य अब अपने अंतिम चरण में हैं। मेरठ में एलिवेटेड वायाडक्ट और टनल निर्माण पहले ही पूर्ण किया जा चुका है। फिलहाल स्टेशनों पर फिनिशिंग आदि से जुड़े कार्य तीव्र गति से जारी हैं। मेरठवासियों को शहर में नमो भारत के अलावा मेट्रो सेवा भी मिलेगी और तय समयसीमा से इस पूरी परियोजना को संचालित करने की उम्मीद है।

# प्रभु की भक्ति से जीवन संस्कारी बनता है

## कैलाश पर्वत रचना के मुख्य जिनालय में श्रद्धालुओं ने की भगवान आदिनाथ की पूजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** कैलाश पर्वत रचना के मुख्य जिनालय में चल रहे 48 दिवसीय भक्तामर विधान एवं पाठ के 24वें दिन भगवान आदिनाथ के अभिषेक के साथ शांतिधारा की गई। स्वर्ण कलश से भगवान का अभिषेक रौनक जैन व शांतिधारा सुशील जैन द्वार की गई। आरती का दीप मुस्कान जैन ने प्रज्वलित किया। मंगलवार को 351 परिवारों ने विधान में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया। धर्मसभा में ब्रहमचारिणी सुनीता ने कहा जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि अर्थात किसी को कीचड़ में भी कमल दिखाई देता है, तो कोई चांद में भी दाग देख लेता है। सभी जगह अच्छाई एवं बुराई पाई जाती है। हम क्या ग्रहण करते हैं यह हमारे संस्कार और विचारों पर निर्भर करता है। अपने विचारों को पवित्र ओर पावन बनाने के लिए हमें कुछ समय प्रभु भक्ति के लिए अवश्य निकालना चाहिए। सांयकाल में प्रश्नमंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर हंसकुमार जैन, रूचि जैन, अतुल जैन, अमन, अनुष्का जैन, माया जैन, सुकमालचंद जैन, स्वाति, दर्पण, गोल्डी, राशि, दर्श, देवांश, लक्ष्य, दिव्यम जैन, ललिता जैन, काव्या जैन, रिषित जैन, शिमलेश आदि रहे।



# भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 264 के स्कोर पर समेटा

## मोहम्मद शमी ने तीन विकेट, वरुण और जडेजा ने दो-दो विकेट लिए

**दुबई, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा (दो-दो) विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में 264 के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चार रन के स्कोर पर कूपर कॉनोली (शून्य) का विकेट गवां दिया। कूपर कॉनोली को मोहम्मद शमी ने आउट किया। इसके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने ट्रैविस हेड के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने ट्रेविस हेड को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ट्रेविस हेड ने 33 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 39 रनों की पारी खेली। मार्नस लाबुशेन (29) को पगबाधा आउटकर रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरा झटका दिया। जॉश इंग्लिस (11) भी जडेजा का शिकार बने। शतक की ओर बढ़ रहे स्टीव स्मिथ को मोहम्मद शमी ने 37वें ओवर में बोल्ड आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 96 गेंदों में चार चौके और एक छक्के की मदद से (73) रनों की पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल (सात) को अक्षर पटेल ने बोल्ड किया। बेन ड्वारशिवस (19) को चक्रवर्ती ने आउट किया। एलेक्स कैरी को श्रेयस अय्यर ने रनआउट किया। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। नेथन एलिस (10) को शमी ने नौवें विकेट के रूप में आउट किया। आखिरी ओवर करने आये हार्दिक पंड्या ने एडम जम्पा (सात) रन को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 264 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से मोहम्मद शमी को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या और वरूण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। अक्षर पटेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



### संक्षिप्त खेल समाचार

### बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदान का हुआ शिलान्यास: मंत्री

**पटना, वार्ता।** बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने आज विधानसभा में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में 6659 खेल मैदानों का शिलान्यास पहले ही किया जा चुका है। श्री कुमार ने मंगलवार को विधानसभा में भोजनावकाश से पहले अलग-अलग सदस्यों द्वारा खेल मैदानों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन खेल मैदानों के निर्माण की आधारशिला पहले ही रख दी है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार प्राथमिकता के आधार पर भूमि की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल मैदानों का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित हुए ऋषभ पंत

**मैड्रिड, वार्ता।** भारतीय विकेटकीपर एवं बल्लेबाज ऋषभ पंत को कार दुर्घटना के बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर खेल की दुनिया के प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स पुरस्कार 2025 के लिए नामांकित खिलाड़ियों का चयन विश्व के खेल मीडिया द्वारा मतदान के बाद किया गया। इस पुरस्कार की यह 25वीं वर्षगांठ है और यह समारोह 21 अप्रैल स्पेन की राजत्राानी मैड्रिड होगा। इसी दिन पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की जायेगी। सचिन तेंदुलकर एकमात्र भारतीय हैं, जिन्हें लॉरियस अवॉर्ड में सम्मानित किया गया है। उन्होंने लॉरियस स्पोर्टिंग मोमेंट अवार्ड द्ध2000-2020ऋ जीता था। कमबैक ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए खेल की दुनिया के कई दिग्गज नामित हुए हैं।

# पूर्व स्पिनर पद्माकर शिवलकर का निधन

**शिवलकर भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेटर में होती है**

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवलकर का उम्र संबंधी समस्याओं के कारण निधन हो गया। शिवलकर ने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली।

वह भारत के लिए कभी नहीं खेले, लेकिन उनकी गिनती घरेलू क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में होती थी। शिवलकर को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 2017 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शिवलकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लिया और 19.69 की औसत से 589 विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर ने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया और 48 साल की उम्र तक खेलना जारी रखा। उन्होंने भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में 361 विकेट लिए जिसमें 11 बार मैच में 10 विकेट लेना शामिल हैं।

शिवलकर ने 12 लिस्ट ए मैचों 16 विकेट लिए है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा, मुंबई क्रिकेट ने आज एक सच्चे दिग्गज को खो दिया है। पद्माकर शिवल. कर सर का खेल में योगदान, खासकर अब तक के सबसे बेहत. रीन स्पिनरों में से एक के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। मुंबई क्रिकेट पर उनका समर्पण, कौशल और प्रभाव अद्वितीय है।

# विराट कोहली ने तोड़ा एक और महारिकॉर्ड, बन गए नंबर-1

**कोहली के नाम भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया**

**दुबई, वार्ता।** विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में बल्ला छुए बिना एक बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है।

विराट ने एक बड़ा रिकॉर्ड फील्डिंग के दौरान बनाया है। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज के नाम अब भारत की तरफ से सबसे ज्यादा इंटरनेशनल कैच लेने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहम मैच में विराट ने ये बड़ी उपलब्धि हासिल करके इतिहास रच दिया है। विराट कोहली ने सेमीफाइनल जैसे बड़े मैच में ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉश इंग्लिस का एक कैच लेते ही इतिहास रच दिया। रवींद्र जडेजा की गेंद पर विराट ने एक आसान सा कैच लेकर वर्ल्ड क्रिकेट में फिर से धूम मचा दी। विराट के नाम अब सभी फॉर्मेट में मिलाकर 335' कैच हो चुके हैं। वो भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले फील्डर बन चुके हैं। इस मामले में विराट राहुल द्रविड़ से आगे निकल चुके हैं। विराट ने अपने 549वें मैच में ये ऐतिहासिक कारनामा किया है।

हाल ही में विराट वनडे में भारत के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर साबित हुए थे जबकि अब वो सभी फॉर्मेट में ये कारनामा करने वाले भारतीय प्लेयर हैं। राहुल द्रविड़ की बात करें तो उन्होंने अपने करियर में कुल 504 इंटरनेशनल मैच खेले थे और कुल 334 कैच लपके थे। गौरतलब है कि राहुल द्रविड़ ने स्कॉटलैंड के लिए भी क्रिकेट खेला था। ये दिग्गज भारतीय खिलाड़ी स्कॉटलैंड के लिए साल 2003 के वनडे विश्व कप में उतरा था। विराट कोहली 301वां वनडे खेल रहे हैं और इस मामले में उन्होंने युवराज सिंह की बराबरी कर ली है। युवराज ने भी इतने ही वनडे खेले थे। विराट ने इस फॉर्मेट में 159' कैच पकड़ लिए हैं। हाल ही में उन्होंने अजहरुद्दीन का भारत की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा कैच (156) लेने का रिकॉर्ड ब्रेक किया था। टेस्ट क्रिकेट की बात करें तो विराट कोहली ने इस फॉर्मेट में 123 मुकाबले खेले हैं और 210 पारियों में 121 कैच लिए। इसके अलावा कोहली ने 125 टी-20 इंटरनेशनल मैचों की 117 पारियों में 54 कैच लिए थे।

# भारत करेगा दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी

**इस चैपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत 29 मार्च से शुरू होने वाली दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और योगा. सन भारत के सहयोग से 29 से 31 मार्च तक इंदिरा गांधी एरिना में दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप आयोजित किये जाने घोषणा की।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ संगठन के समर्थन प्राप्त इस चैंपियनशिप में 16 देशों के एथलीट भाग लेंगे। चैंपियनशिप का उद्देश्य अपनी समृद्ध विरासत और गहरे सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुये योगासन को एक खेल के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर बढ़ावा देना है और योगासन को विश्व स्तर पर एक खेल के रूप में बढ़ावा देना और ओलंपिक में प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में शामिल करने की दिशा में एक रोडमैप बनाना है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने योग की वैश्विक यात्रा को लेकर कहाकि भारत, योग की जन्मस्थली होने के नाते, दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप की मेजबानी करते हुए अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि हमारे प्राचीन योगिक ज्ञान के आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल में रूपांतरित होने का उत्सव है। हम योगासन को एक वैश्विक खेल अनुशासन के रूप में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह चैम्पियनशिप उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके जरिये हम न केवल योगासन के अद्भुत कौशल को प्रदर्शित कर रहे हैं, बल्कि इसके शारीरिक और मान. सिक रूप से जीवन को रूपांतरित करने की शक्ति को भी उजागर कर रहे हैं। मुझे भरोसा है कि यह चैम्पियनशिप अत्यंत सफल होगी और भारत के नेतृत्व में विश्वभर में समग्र कल्याण और संतुलित जीवन के सिद्धांतों को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर एशियाई योगासन के अध्यक्ष डॉ-संजय मालपानी ने कहाकि दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा का मिश्रण देख रहे हैं। यह चैंपियनशिप इस बात का सबूत है कि योगासन सिर्फ एक अभ्यास नहीं है, बल्कि एक प्रतिस्पर्धी खेल है, जो सटीकता, सहनशक्ति और कलात्मकता की मांग करता है।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम टी-20 से बाबर आजम रिजवान हुए बाहर



- **सलमान आगा को टी-20 कप्तान नियुक्त किया गया, इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई उन्हें उपकप्तान बनाया**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए कप्तान मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम को टीम से बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने चैंपियंस ट्रॉफी से पाकिस्तान के निराशा. जनक प्रदर्शन बाद न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित टीम में कई बदलाव किये है। जिसके तहत रिजवान और बाबर आजम को पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर कर दिया है। सलमान आगा को टी-20 कप्तानी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा टीम में शादाब खान की वापसी हुई है उन्हें उप-कप्तान बनाया गया है। हालांकि एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मोहम्मद रिजवान की कप्तानी बरकरार रखी गई। लेकिन शाहीन अफरीदी को बाहर कर दिया गया है। घरेलू टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 27 वर्षीय बड़े हिटर बल्लेबाज अब्दुल समद टीम में शामिल किया गया हैं। क्वेटा ग्लैडिएटर्स के बल्लेबाज ओमैर यूसुफ को टीम में जगह दी है। एकदिवसीय टीम में अफरीदी को बाहर करने के अलावा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है। वह दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज में पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। रिजवान एकदिवसीय टीम के कप्तान बने रहेंगे और बाबर को भी टीम में बरकरार रखा गया हैं। अब्दुल्ला शफीक टीम में वापसी हुई हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अकिफ जावेद को एकदिवसीय टीम में पहली बार चुना गया है जबकि सुफियान मुकीम की भी वापसी हुई है। पाकिस्तान 16 मार्च से न्यूजीलैंड में पांच टी-20 मैच खेलेगा और उसके बाद तीन एकदिवसीय मैच की सीरीज होगी। न्यूजीलैंड दौरे के लिए घोषित पाकिस्तान टी-20 टीम: हसन नवाज, ओमैर यूसुफ, मोहम्मद हारिस, अब्दुल समद, सलमान आगा (कप्तान), इरफान नियाजी, खुशदिल शाह, शादाब खान, अब्बास अफरीदी, जहांदाद खान, मोहम्मद अली, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद और उस्मान खान।



# चोटिल मारक्रम के कवर के लिए दक्षिण अफ्रीका ने लिंडे को बुलाया



**मारक्रम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद वे बाहर हो गए**

**लाहौर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने चोटिल एडन मारक्रम के कवर के रूप में बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे चैंपियंस ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। मार्करम को इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी और इसके बाद मैच के बाकी समय मैदान से बाहर रहे। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के लिए उनकी उपलब्धता निर्धारित करने के लिए मंगलवार शाम को प्रशिक्षण के दौरान उनका फिटनेस टेस्ट होगा।लिंडे मंगलवार शाम को दक्षिण अफ्रीका के शिविर में शामिल होंगे। आईसीसी की स्पर्धा तकनीकी समिति के द्वारा इस बदलाव की पुष्टि के बाद वह आधिकारिक तौर पर मारक्रम की जगह नहीं लेंगे। लिंडे ने हाल ही में एसए के 11 मैचों में 153.33 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए और 6.29 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने वन-डे चैलेंज डिवीजन वन में वेस्टर्न प्रोविंस के लिए खेलते हुए मैच मैचों में 106 रन बनाए और चार विकेट लिए।

# बीसीसीआई के बड़े अफसर पाकिस्तान जाएंगे

**चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले अचानक लिया गया ये फैसला**

**मुंबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल से पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अचानक एक चैंकाने वाला फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत कई बड़े अधिकारी पाकिस्तान का दौरा करने वाले हैं।

वे 5 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में दक्षिण अफीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल मैच को देखने के लिए जाएंगे। सूत्रों ने राजीव शुक्ला के पाकिस्तान जाने का दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने शुक्ला को अपना प्रतिनिधि चुना है। उनके साथ कुछ अन्य अधिकारी भी पड़ोसी देश जाएंगे और दो दिन बिताने के बाद सभी 6 मार्च को वापस भारत लौट आएंगे। हालांकि, इस दौरान बोर्ड के अध्यक्ष रोजर बिन्नी उनके साथ नहीं होंगे। सूत्र ने कहा, 'हां, शुक्ला चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में हिस्सा लेने के लिए लाहौर जा रहे हैं।' भारतीय बोर्ड का यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब उसने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था। इसके बाद मेजबान पाकिस्तान को मजबूरी में भारत के सभी मैच दुबई में शेडडूल करने पड़े। लेकिन बोर्ड ने अपने अधिकारियों को भेजने के लिए हां कर दी है। इससे पहले अगस्त 2023 में राजीव शुक्ला और बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी पाकिस्तान का दौरा कर चुके हैं।

# रोहित शर्मा के समर्थन में उतरे सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली, वार्ता।** कांग्रेस प्रवक्ताके रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए जाने के बाद कई क्रिकेटरों और राजनेताओं ने भारतीय कप्तान का समर्थन किया था और अब पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। गावस्कर ने भी रोहित का समर्थन किया और कहा कि दुबले-पतले लड़के मॉडलिंग के लिए होते हैं और क्रिकेट में शारीरिक आकार नहीं, बल्कि मानसिक ताकत मायने रखती है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के मैच के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। इस पोस्ट में कांग्रेस नेता ने लिखा कि शरोहित शर्मा एक मोटे खिलाड़ी हैं! उन्हें अपना वजन कम करने की जरूरत है। बेशक वह भारत के अब तक के सबसे बेअसर कप्तान हैं।श इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया और कांग्रेस प्रवक्ता की काफी आलोचना की गई जिसके बाद उन्हें एक्स से अपनी पोस्ट हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। कांग्रेस ने भी शमा की टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया और उनसे पोस्ट डिलीट करने का अनुरोध किया। गावस्कर ने याद दिलाया कि मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को भी बॉडी शेमिंग (शरीर को लेकर आलोचना) का सामना करना पड़ा।

# सम्पादकीय

**बुधवार, 5 मार्च 2025**

## नाजुक दौर में दुनिया

इस समय दुनिया बेहद नाजुक दौर से गुजर रही है। चारों ओर चुनौतियां ही चुनौतियां दिखाई दे रही है विडंबना यह है कि इन समस्याओं का कोई और छोर दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरे विश्व की निगाहें लगी थी, यह जानने के लिए की 20 जनवरी 2024 को शपथ लेने के बाद वह किस तरह के फैसले लेते है, यह देखकर और भी कि ट्रम्प का कहना था कि जैसे ही वह सत्ता में आएंगे रूस-यूक्रेन युद्ध व इजरायल-हमास के बीच संघर्ष उनकी प्राथमिकता में होगा। वह यहां तक कहते थे कि किसी भी कीमत पर वह शांति स्थापित करने में सफल होंगे। उनकी बातों को उस समय बल मिल गया जब शपथ एक दिन पूर्व हमास व इजरायल के बीच सीजफायर हो गया। ट्रम्प ने शपथ लेने के बाद रूस से भी बातचीत शुरू की और दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने यह बातचीत सऊदी अरब की राजधानी रियाद व उसके बाद तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में की इस बीच गत शुक्रवार को सीधी बातचीत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व यूक्रेन के राष्ट्रपति वलादिमिर जेलेंस्की के बीच वार्ता वॉशिंगटन में हुई, जोकि पूरी तरह असफल रही। वह इस हद तक असफल रही कि इसने शांति प्रक्रिया की गाड़ी को सीधे पटरी से उतार दिया। सितम देखिए जो यूरोप-नाटो अमेरिका के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते आए है। एकाएक बदलते नाटकीय घटनाचक्र में एक-दूसरे के सामने खड़े दिखाई दे रहे है। वहीं अमेरिका अपने दुश्मन रूस के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है। यह वहीं अमेरिका है जो तीन साल तक रूस-यूक्रेन संघर्ष में राष्ट्रपति बाइडन की छत्रछाया में यूक्रेन के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ा दिखाई दिया, लेकिन ट्रम्प के सत्ता सम्भालते ही सब कुछ उलट-पुलट हो गया। लगता है डोनाल्ड ट्रम्प कुछ ज्यादा ही तेजी में है जिस तरह वह ताबड़तोड़ एक के बाद एक विवादस्पद व कठोर फैसले ले रहे है उससे लगता है तो वह अमेरिका को रातों रात अमेरिका को बुलंदी की नई ऊंचाई पर ले जाना चाहते है। जहां तक बात ट्रम्प की चाहत की है इससे भला किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। हर शासक चाहता है कि उसके नेतृत्व में देश नई ऊंचाई को छुए ऐसे में अगर ट्रम्प भी ऐसा सोचते है तो इसमें गलत कुछ भी नहीं, लेकिन जब कोई शासक हड़बड़ी में दिखाई देता है और वह शासक भी अमेरिकी शक्तिशाली देश का हो, तो कई सवाल खड़े हो जाते है। यहीं कारण है आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के फैसले को लेकर दुनिया काफी आश्चर्यचकित दिखाई दे रही है अमेरिकी राष्ट्रपति एक के बाद एक फैसलों से बड़ी विचित्र सी स्थिति पैदा कर रहे है। किसी की समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प वास्तव में चाहते क्या है, कोई यह भी नहीं समझ पा रहा है कि वह कब क्या फैसला ले लें। यही कारण है न तो अब तक रूस-यूक्रेन युद्ध पर कोई फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है और हमास-इजरायल संघर्ष विराम समझौता भी टूटता दिखाई दे रहा है।

### आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं



**सुरक्षा** से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है, आंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है, इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है, ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें, यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाए और संस्थाएं अकेले नहीं, बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें, अभी हाइब्रिड वारफेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए डीआरडीओ, केन्द्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है।

**राजनाथ सिंह**
**रक्षा मंत्री**

# पार्टी के गिरते ग्राफ से चिंतित तो नहीं मायावती





**अशोक भाटिया**

बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर

> **आकाश आनंद को हटाने के पीछे सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है, अशोक ने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है, आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे, आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है**


उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन कराएंगे।

बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।

उत्तरप्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी का किला लगातार ढहता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी 10 सीटों से शून्य पर आ गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ, इसमें भी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालत खराब ही रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई। पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक विश्लेषक सबसे बड़ा कारण पार्टी से नेताओं की विदाई मान रहे हैं। उनका मानना है कि अब पार्टी के पास पहले जैसे कद्दावर नेता बचे नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी को इसका लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।साथ ही बसपा के खराब प्रदर्शन से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जो पहले कभी नहीं हुआ था वह पहली बार बहुजन समाज पार्टी ने साल 2007 में अकेले दम पर कर दिखाया था। बीएसपी ने 212 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश की सत्ता पर अधिकार जमाया। इससे पहले भी तीन बार बीएसपी सुप्रीमो मायावती विभिन्न पार्टियों के सहयोग से सरकार बनाती रहीं, लेकिन चौथी बार जब मायावती की सरकार बनी तो किसी भी दल की जरुरत बीएसपी को नहीं पड़ी। हालांकि 2012 आते-आते पार्टी का ग्राफ गिरने लगा।

चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा, पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और 10 सीट पाने में कामयाब हुई। एक समय पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी और इंद्रजीत सरोज का जलवा था। पर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ। पार्टी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट को छोड़ पार्टी कहीं भी नहीं जीत पाई। रसड़ा के बारे में माना जाता है कि यहां से विधायक उमाशंकर सिंह निर्दलीय भी लड़े तो भी जीतने में सक्षम हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से पार्टी ने अकेले लड़ने का फैसला किया। लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुला।




बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार रही। बसपा सुप्रीमो मायावती का टेरर इस कदर था कि पार्टी के नेता और सरकारी अधिकारी उनसे घबराते रहे। पार्टी में उस समय ऐसे कद्दावर नेता थे जो दूसरी पार्टियों में नहीं थे। इनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मायावती के बाद दूसरे नंबर का माना जाता था।आरके चौधरी का नाम बसपा के बड़े नेताओं नें शामिल था। पार्टी से बाहर होने के बाद सपा से सांसद हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, बाबू सिंह कुशवाहा, इंद्रजीत सरोज, आरके चौधरी, लाल जी वर्मा और अशोक सिद्धार्थ जैसे बड़े नेता पार्टी में थे। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में पार्टी का दबदबा था। धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने एक्शन लेना शुरू किया और उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया। ज्यादातर नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया और वर्तमान में विधायक, सांसद और राष्ट्रीय महासचिव तक बने हुए हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी की स्थिति यह हो गई है कि मायावती के बाद कोई ऐसा नामचीन चेहरा पार्टी में नहीं रह गया है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हो। गौर करने वाली बात यह भी है कि बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव में गिनी चुनी जनसभाएं ही करती हैं, जिसके चलते जनता पर उसका प्रभाव भी नहीं पड़ रहा है। यही वजह है कि देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भी पार्टी की एक भी सीट नहीं निकल पा रही है।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने सख्त एक्शन के लिए हमेशा से जानी जाती हैं। बुधवार (12 फरवरी) को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई कर नेताओं को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी, फिर चाहे कोई कितना भी करीबी क्यों न हो।मायावती ने पार्टी से भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर कर दिया था। मायावती की कार्रवाई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर में रैली के दौरान कुछ ऐसा भाषण दिया जो मायावती को नागवार गुजरा। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे पर ही कार्रवाई कर दी। पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद उनसे यह अधिकार वापस ले लिया।

**( वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार, लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार )**

# जिद्दी से जिद्दी चर्बी होगी गायब, वजन को कम करेंगी ये तीन चीजें

खराब लाइस्टाइल और गलतखान के कारण आजकल लोगों में वेट लॉस की समस्या बढ़ती जा रही है। अनहेल्दी खानपान और तनाव के कारण लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। ऐसे में किचन में रखी 3 चीजें आपके शरीर का फैंट तुरंत गायब कर देंगी। पानी में मिला लीजिए ये 3 चीजें देखें कैसे फैट बर्न होता है। ये घरेलू नुस्खे न सिर्फ वजन घटाने में मदद करता है। आइए जानते है कैसे इन 3 चीजों से वेट लॉस किया जा सकता है।

> **वजन को कम करने के लिए लोग क्या-क्या नहीं करते? हालांकि, आप नहीं जानते हैं कि आपकी किचन में रखी ये तीन चीजें वजन को कम करने में मदद करती है, तो चलिए आप कैसे अपना वजन को कम कर सकते हैं**




### 1 नींबू पानी पिएं

क्या आप जानते हैं नींबू पानी से भी वजन घटाया जा सकता है? नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं। यह शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसलिए आप सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट करता है, जिससे कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है। नींबू पानी पीने से पाचन दुरुस्त रखता है और यह भूख को कंट्रोल करता है।

#### कैसे बनाएं

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू को निचोड़ें और इसमें शहद मिलाए। फिर इसको खाली पेट पिएं और रोजाना नींबू पानी पिएं।

### 2 शहद पानी

शहद एक प्रकार से नेचुरल स्वीटनर है, मीठा होने के साथ ही हेल्थ के लिए काफी बढ़िया रहता है। शहद में कई पोषक तत्व पाएं जाते है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुण शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जोकि फैट को बर्न करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच शहद मिलाएं और इसे सुबह खाली पेट पिएं।

### 3 हल्दी पानी

हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट के गुणों से भरपूर होता है। इसमें मौजूद करक्यूमिन शरीर की चर्बी को कम करने में मदद करता है। हल्दी पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और फैट सेल्स को बर्न करता है। हल्दी पाचन तंत्र को मजबूत करता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर करता है।

#### कैसे बनाएं

सबसे पहले आप गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और इसे अच्छे घोल लें। इसे सुबह खाली पेट पिएं।

#### इन बातों का रखें ध्यान

- यदि आपको कोई एलर्जी और स्वास्थ्य समस्या है, तो डॉक्टर की सलाह लें।
- अधिक मात्र में नींबू पानी और शहद पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे एसिडिटी समस्या हो सकती है।
- हल्दी को कम मात्रा में ले। अधिक हल्दी के सेवन से पेट में गर्मी हो सकती है।

***डिस्क्लेमरः इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारतीय राजनीति में बुद्धिमान नहीं वफादार होना जरूरी



**तनवीर जाफरी**

इन दिनों कांग्रेस पार्टी के नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री व तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म है। शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र की नौकरी छोड़कर 2009 में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए थे। उसके बाद वे लगातार चार बार केरल की तिरुवनंतपुरम सीट से लोकसभा सांसद निर्वाचित होते रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बात चीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की ज़रूरत नहीं है तो उनके पास 'विकल्प' हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी उनका इस्तेमाल करना चाहती है तो वे पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे। अन्यथा मेरे पास करने के लिए मेरी चीज़ें हैं। आपको नहीं सोचना चाहिए कि मेरे पास दूसरे विकल्प नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पास मेरी किताबें, भाषण, और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण हैं। थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं। इस ख़बर के साथ ही मीडिया में इस बात को लेकर भी

> **पिछले दिनों उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस के मलयालम पॉडकास्ट से बातचीत के दौरान यह कह दिया की यदि कांग्रेस पार्टी को उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है, तो उनके पास 'विकल्प' हैं**



अटकलें लगाई जाने लगीं कि यदि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ते हैं तो क्या वे भी भारतीय जनता पार्टी की शरण में जाएंगे? ख़ासकर पूर्व में उनके द्वारा भाजपा सरकार की कुछ नीतियों की तारीफ़ किए जाने से इन क़यासों को अधिक बल मिला। जैसे कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे के समय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी मुलाक़ात की प्रशंसा की।

उन्होंने मोदी के अमेरिका दौरे को काफ़ी अच्छा बताया। इसी तरह थरूर ने एफ़-35 लड़ाकू विमान को ख़रीदने में भारत की दिलचस्पी की तारीफ़ यह कहकर की कि ये विमान काफ़ी क़ीमती है। जबकि उन्हीं की पार्टी के नेता व कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भारत सरकार द्वारा इस विमान को ख़रीदने में दिलचस्पी की आलोचना की। सुरजेवाला का कहना था, कि जिस एफ 35 को एलन मस्क 'कबाड़' बता चुके हैं उसे नरेंद्र मोदी ख़रीदने पर क्यों तुले हुए हैं। इसी तरह थरूर ने सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनल्ड्स के साथ एक सेल्फ़ी पोस्ट करते हुए लिखा था कि 'लंबे समय से रुकी हुई एफ़टीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है।' बेशक सरकार के प्रति इस तरह के अप्रत्याशित वक्तव्य भाजपा के प्रति थरूर के सकारात्मक होने का संकेत दे रहे थे। परन्तु जब थरूर से भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्वयं को एक 'क्लासिक उदारवादी' बताते हुए कहा कि-मैं सांप्रदायिकता का विरोध करता हूं और आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक न्याय में विश्वास करता हूं।

> **थरूर ने कहाः मेरे पास मेरी किताबें भाषण और पूरी दुनिया से बातचीत करने के लिए निमंत्रण है, थरूर के इस बयान से इन अटकलों को बल मिलना स्वाभाविक था कि क्या अब थरूर भी कांग्रेस को अलविदा कह सकते हैं**

उन्होंने कहा कि हर पार्टी का अपना विश्वास और इतिहास होता है। अगर आप किसी दूसरी पार्टी के विश्वास को नहीं अपना सकते तो उसके साथ जुड़ना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। वैसे भी जिस तरह 50 करोड़ की गर्ल फ़्रेंड कहकर शशि थरूर को लेकर अपमान जनक टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने सार्वजनिक भाषण में की गई थी उसे देखकर भी नहीं लगता कि थरूर जैसा बुद्धिजीवी व संवेदनशील व्यक्ति कभी भाजपा में भी शामिल होगा।

परन्तु इन्हीं ख़बरों के बीच एक बार फिर इस बात पर भी बहस छिड़ गई है कि क्या राजनैतिक दलों में बुद्धिजीवियों की कोई महत्वपूर्ण भूमिका भी है? यदि थरूर के ही राज्य केरल में पिछले चुनावों के दौरान देखें तो भारत के एक प्रख्यात सिविल इंजीनियर, दिल्ली मेट्रो के निदेशक व पद्म तथा पद्म विभूषण जैसे अति प्रतिष्ठित सम्मानों के हासिल करने वाले ई श्रीधरन जिन्हें भारत के 'मेट्रो मैन' के रूप में भी जाना जाता है, को भाजपा द्वारा केरल का मुख्यमंत्री प्रचारित किया गया था। यह और बात है कि ई श्रीधरन स्वयं अपना चुनाव भी नहीं जीत सके। परन्तु क्या कोई जानता है कि आज ई श्रीधरन भाजपा में क्या भूमिका निभा रहे हैं ? एक श्रीधरन ही नहीं भाजपा में ही लाल कृष्ण आडवाणी से लेकर यशवंत सिन्हा व अरुण शौरी जैसे अनेक नेताओं का जो हर्ष भाजपा में हुआ और हो रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। क्या उनकी क़ाबलियत के अनुसार उनके व्यक्तित्व का इस्तेमाल किया गया? हां यदि एस जय शंकर,अश्वनी वैष्णव और हरदीप पुरी जैसे गिने चुने लोगों को ज़िम्मेदारियां दी भी गई हैं तो वे भी कितने स्वतंत्र हैं किसी से छुपा नहीं है। हां सत्ता प्रमुख, पूर्व नौकरशाह होने के नाते उनसे किसी तरह की 'ना' की उम्मीद तो कर ही नहीं सकते क्यों उन्होंने अपनी पूरी सेवा के दौरान केवल 'यस मिनिस्टर' ही तो कहा है ?

कमोबेश अधिकांश राजनैतिक दलों में यही स्थिति है। जहां पार्टी प्रमुखों को या आला कमान को बुद्धिजीवी, सलाह देने वाला, अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करते हुए शीर्ष नेताओं को कोई नेक सलाह देने वाला नेता नहीं बल्कि ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनके प्रति पूरी तरह वफ़ादार हो और हर सही व ग़लत बात में आला कमान की हां में हां मिलाने की 'सलाहियत' रखता हो। हां, इन्हीं राजनैतिक दलों में कई ऐसे अवसरवादी प्रवृति के 'समझदार' नेता भी मिल जाएंगे जो केवल अपने सुखद राजनैतिक भविष्य के कारण सभी परिस्थितियों में गुज़ारा करने में भी संतुष्ट रहते हैं। क्योंकि कभी इन्हें मंत्री बनाकर ख़ामोश कर दिया जाता है तो कभी राज्यपाल का पद नवाज़ कर सक्रिय राजनीति से दरकिनार कर दिया जाता है।

# डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने में होती है परेशानी

## समय पर इलाज बेहद जरूरी

खांसी और कफ की समस्या होने पर गले में दर्द होना आम बात है। कफ होने पर गले की मांसपेशियों पर दबाव पड़ने की वजह से गले में दर्द हो सकता है। वहीं मौसम में बदलाव होने की वजह से भी गले में खराश हो जाती है, जिससे गले में दर्द हो जाता है। मेडिकल की भाषा में इस समस्या को डिस्फेजिया कहा जाता है। इसमें गले की मांसपेशियों में खिंचाव आता है। यह समस्या होने पर कुछ भी खाने पर गले में दर्द होता है।

### डिस्फेजिया क्या है

यह एक ऐसी मेडिकल कंडीशन है, जिसमें खाना निगलने में परेशानी होती है। यह समस्या ठोस और पेय दोनों को निगलने में होती है। डिस्पैगिया में हमेशा गले में दर्द नहीं रहता है, लेकिन यह समस्या पर निर्भर करता है कि व्यक्ति को परेशानी कितनी है। वहीं अगर समय रहते इस समस्या को कंट्रोल नहीं किया जाता है, तो यह डिहाइड्रेशन, मालन्यूट्रिशन और निमोनिया का कारण बन सकता है।

### कितने प्रकार के होते हैं डिस्फेजिया

#### 1 ऑरोफरीन्जियल डिस्फेजिया

यह अक्सर गले को प्रभावित करने वाली मसल्स या न्यूरोलॉजिकल से जुड़ी समस्या हो सकती है। यह समस्या तब होती है, जब व्यक्ति द्वारा कुछ भी खाने या पीने पर खाना गले की नली से नीचे नहीं आ पाता है।

#### 2 एसोफेजियल डिस्फेजिया

एसोफेजियल डिस्फेजिया की समस्या होने पर खाना निगलने के बाद चिपकने या ग्रासनली में फंसने जैसा एहसास होता है। इसोफेगस से जुड़ी किसी भी परेशानी की वजह से यह समस्या हो सकती है।

#### 2 डिस्फेजिया के लक्षण

- खाने पर गले या सीने में खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- खाने के दौरान खांसी आना या फिर खाना अटकने जैसा महसूस होना।
- रेस्पिरेटरी इंफेक्शन होना
- सलाइवा को निगलने में भी परेशानी होना
- कुछ भी खाने या पीने पर बाहर उगल देना

# डोनाल्ड ट्रम्प पर भारी पड़ा टैरिफ वॉर




- अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट
- गुस्साए कनाडा और चीन ने भी पलटवार करते हुए अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने का किया ऐलान

**वाशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प खुद ही शुरू किए टैरिफ वॉर में घिरते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति के कनाडा और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में गिरावट आई है। अमेरिका का एस-पी 500 इंडेक्स 2 प्रतिशत तक गिर गया है। ट्रम्प ने मंगलवार से दोनों देशों पर टैरिफ लागू करने ऐलान किया है। इसके अलावा फरवरी में चीन पर लगाए गए 10 प्रतिशत टैरिफ को बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। कनाडा और चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ का ऐलान किया है। कनाडा अगले 21 दिनों में 155 अरब डॉलर की अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से 30 अरब डॉलर के आयात पर टैरिफ से होगी। चीन 10 मार्च से अमेरिका पर 10 प्रतिशत और 15 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। अमेरिका के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे सोया, गेहूं, मक्का, कपास पर 15 प्रतिशत और पोर्क, बीफ, समुद्री खाद्य पदार्थ, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत बढ़ाने का फैसला किया है। ट्रम्प ने कहा कि यह टैरिफ अमेरिका के दो पड़ोसी देशों पर फेंटेनाइल (ड्रग) तस्करी रोकने और अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के मकसद से लगाए जा रहे हैं। ट्रम्प ने कनाडा से आयात होने वाले तेल और बिजली पर टैरिफ में छूट दी है।

अमेरिका इन पर सिर्फ 10 प्रतिशत टैरिफ ही लगाएगा। ट्रम्प ने फरवरी में कहा था कि कनाडा से होने वाले तेल के आयात में छूट दी सकती है। एनर्जी इन्फार्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका ने कनाडा से हर दिन लगभग 46 लाख बैरल आयल और मेक्सिको से 5.63 बैरल आयल इम्पोर्ट किया। जबकि उस महीने में अमेरिका का एवरेज डेली प्रोडक्शन लगभग 1.35 करोड़ बैरल प्रतिदिन था। डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले महीने रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। ट्रम्प अप्रैल से इसे लागू करने का प्लान बना रहे हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने 1 फरवरी को कनाडा-मेक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के लिए आदेश जारी किए थे। इसे 4 फरवरी से लागू होना था। बाद में ट्रम्प के साथ दोनों देशों के नेताओं ने बात. चीत की। इसके बाद टैरिफ को अगले 30 दिनों के लिए टाल दिया गया था। अमेरिका में ड्रग तस्करी और अवैध प्रवासियों को घुसने से रोकने के लिए मेक्सिको ने अमेरिका बार्डर पर नेशनल गार्ड के 10 हजार सैनिकों को तैनात किया है। वहीं कनाडा ने फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए फेंटेनाइल जार को नियुक्त किया है। पीटरसन इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल इकोनामिक्स और एल यूनिवर्सिटी की बजट लैब की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ का उसके नागरिकों पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिकी परिवारों को सालाना 1000 डॉलर यानी करीब 90 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। फोर्ड और वालमार्ट जैसी कंपनियां पहले ही टैरिफ की वजह से अपने बिजनेस पर नकारात्मक असर पड़ने की चेतावनी दे चुकी हैं। कार्नेल यूनिवर्सिटी में अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद के मुताबिक टैरिफ से अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी और व्यापार प्रभावित होंगे। अमेरिका का कनाडा और मेक्सिको के साथ फी ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके तहत इन देशों के बीच होने वाले किसी भी तरह के आयात-निर्यात पर टैरिफ (शुल्क) नहीं लगता है। ट्रम्प ने अपने पिछले कार्यकाल में मेक्सिको और कनाडा के साथ नार्थ अमेरिका फी ट्रेड एग्रीमेंट NAFTA किया था। इन तीनों देशों ने 2023 में अमेरिका से 1 ट्रिलियन डॉलर (करीब 85 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का सामान खरीदा था। वहीं, 1.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा की सामग्री बेची थी। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प के टैरिफ वार का सबसे ज्यादा असर आटो सेक्टर, कृषि, टेक्नोलाजी, पार्ट्स-पुर्जे पर होगा। टैरिफ लगने के बाद इन चीजों की कीमत में इजाफा हो जाएगा। वहीं चीन 10 मार्च से अमेरिकी वस्तुओं पर अतिरिक्त शुल्क लगाएगा जिसमें गेहूं पर 15 प्रतिशत के साथ ही गोमांस, फल, सब्जियों और डेयरी उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ शामिल है।

## चीन भी 19 अमेरिकी कंपनियों को करेगा ब्लैकलिस्ट



**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप सहित 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की अविश्वसनीय इकाई सूची में जोड़ने और उनके खिलाफ कदम उठाने का फैसला किया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मंगलवार से चीन इन कंपनियों को चीन से संबंधित आयात और निर्यात गतिविधियों में शामिल होने से रोकेगा और इन कंपनियों को देश के भीतर नए निवेश करने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। चीन की ओर से जिन अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें टीकॉम लिमिटेड पार्टनरशिप, स्टिक रूडर एंटरप्राइजेज एलएलसी, टेलीडाइन ब्राउन इंजीनियरिंग, इंक, हंटिंगटन इंगॉल्स इंडस्ट्रीज इंक, एस 3 एयरोडिफेंस, क्यूबिक कॉर्पोरेशन, टेक्स्टऑर, एसीटी 1 फेडरल, एक्सोवेरा और प्लेनेट मैनेजमेंट ग्रुप शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों को बनाए रखने के लिए प्रासंगिक कानूनों तथा नियमों के अनुसार किया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन की कड़ी आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए, इन 10 कंपनियों ने हाल के वर्षों में या तो ताइवान को हथियारों की बिक्री की है या ताइवान के साथ तथाकथित सैन्य प्रौद्योगिकी सहयोग में शामिल रही हैं। प्रवक्ता ने कहा कि जवाब में, चीन ने इन संस्थाओं को विभिन्न कानूनों और नियमों के अनुसार जवाबदेह ठहराने का फैसला किया है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी अविश्वसनीय इकाई सूची के मुद्दे को विवेकपूर्ण तरीके से संभाला है, केवल कुछ विदेशी संस्थाओं को लक्षित किया है जो चीन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि कानून का पालन करने वाली विदेशी संस्थाएं जो सद्भाव से काम करती हैं, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नही है। चीनी सरकार हमेशा की तरह सभी देशों की कंपनियों का देश में निवेश और संचालन करने के लिए स्वागत करेगी और कानूनों और नियमों के अनुसार चीन में काम करने वाले विदेशी उद्यमों के लिए एक स्थिर, निष्पक्ष और अनुमानित कारोबारी माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इजरायल ने युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के लिए रखी शर्तें

**यरूशलम।** इजरायल ने जनवरी में लागू हुए संघर्ष विराम समझौते के अगले चरण में आगे बढ़ने के लिए गाजा पट्टी से विसैन्यीकरण और हमास के शासन की समाप्ति की मांग की है। यह जानकारी इजरायली विदेश मंत्री गिदोन ने मंगलवार को दी। गिदोन ने एक प्रेस ब्रीफिग में कहा कि हमारे पास दूसरे चरण पर कोई समझौता नहीं है। हम गाजा से पूरी तरह से विसैन्यीकरण की मांग करते हैं और हमास और इस्लामिक जिहाद को बाहर निकाल कर अपने बंधकों की वापसी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमास इन मांगों पर सहमत हो जाता है तो हम कल ही समझौते को लागू कर सकते हैं। रविवार सुबह से गाजा में मानवीय सहायता रोकने के इजरायल के कदम का उल्लेख करते हुए दावा किया कि हमास द्वारा इस सहायता का उपयोग अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मानवीय आपूर्ति हमास के लिए बजट की सबसे बड़ी आय बन गई है और समूह की सैन्य क्षमताओं के पुनर्निर्माण का एक साधन बन गई है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि सहायता रोकने का उद्देश्य हमास पर युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते के पहले चरण को बढ़ाने के नए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डालना है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को सभी सैन्य मदद पर लगाई रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने यूक्रेन को दी जा रही सभी सैन्य सहायता अस्थाई रूप से निलंबित कर दी है और यह सहायता तब तक बहाल नही की जाएगी, जब तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को यह विश्वास नहीं हो जाता कि यूक्रेन शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता है। फॉक्स न्यूज ने व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार ने सोमवार को बताया कि ट्रम्प अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और यूक्रेन के खिलाफ कई उपायों पर विचार करेंगे तथा संभवतः उन्हें लागू करेंगे, जिसमें देश को सैन्य सहायता रोकना भी शामिल है। वाशिंगटन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच शुक्रवार को ओवल ऑफिस में वार्ता पत्रकारों के सामने उनकी आपसी कहासुनी के बाद विफल हो गई। इस कहासुनी के बाद जेलेंस्की की अमेरिकी मदद के प्रति कृतज्ञता की कमी और व्हाइट हाउस में अपमानजनक व्यवहार के लिए आलोचना की। ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ हस्ताक्षर को रद्द कर दिया, जिसे पहले ही यूक्रेनी सरकार ने मंजूरी दे दी थी, कहा कि यूक्रेनी नेता का व्हाइट हाउस में तब तक स्वागत नहीं किया जाएगा जब तक कि वह शांति के लिए तैयार नहीं हो जाए।

## किम जोंग की बहन ने दी ट्रम्प को धमकी



### किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने को बताया सैन्य उकसावे की कार्रवाई

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग अकसर अमेरिका को धमकियां देते रहते हैं। फिर से अमेरिका को उत्तर कोरिया से ध्मकी मिली हैं, पर इस बार यह चेतावनी किम जोंग की ओर से नहीं, बल्कि उनकी बहन किम यो जोंग की ओर से दी गई है।

किम यो जोंग ने अमेरिका के दक्षिण कोरिया में एयरक्राफ्ट भेजने कों सैन्य उकसावे की कार्रवाई करार दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह की कार्रवाइयां उत्तर कोरिया के निरंतर परमाणु विस्तार को ठीक ठहराती हैं। अमेरिका ने दक्षिण कोरियाई बंदरगाह बुसान में USS कार्ल विंसननिमित्ज़ श्रेणी का एयरक्रिाफ्ट भेजा है, जिसके बाद एक बार दोनों देशों के बीच टकराव की स्थिति बन गई है।

किम जोंग की बहन ने इस कदम को टकराव की व्यापक नीति का हिस्सा बताया है। किम यो जोंग ने एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती को अमेरिका और उसके पिट्ठुओं का टकराव उन्माद कहा। उन्होंने पहले भी इसी तरह के बयान दिए हैं, जिसमें उन्होंने दक्षिण कोरिया के लाइव-फायर अभ्यासों को आत्मघाती उन्माद कहा है।

किम यो जोंग ने यह भी कहा कि उत्तर कोरिया जंग भड़काने की इस तरह के कार्रवाइयों को रणनीतिक स्तर पर उठाएंगा और इसकी जांच करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां उत्तर कोरियां के सुरक्षा को खतरे में डालती हैं। अमेरिका लगातार उत्तर कोरिया के दुश्मन दक्षिण कोरियां की मदद कर रहा है और उसको सैन्य सहयोग दे रहा है। इस बीच दक्षिण कोरियाई नौसेना ने इस तैनाती को ताकत का रणनीतिक प्रदर्शन बताया है, जो बढ़ते क्षेत्रीय तनाव को दर्शाता है। यह देखना अभी बाकी है कि किम जोंग उन खुद इस ताजा घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

## धर्म गार्जियन में हिस्सा ले रहे भारत-जापान के सैनिक



**नई दिल्ली।** भारत और जापान के सैनिक जापान के पूर्वी फूजी में संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन में पूरे जोश के साथ हिस्सा लेते हुए युद्ध और संचालन अनुभवों को साझा कर रहे हैं। सेना के अनुसार दोनों सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास का यह छठा संस्करण है। नौ मार्च तक चलने वाला यह अभ्यास भारत और जापान के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के साथ साथ परस्पर तालमेल और व्यापक प्रशिक्षण गतिविधियों को बढावा देगा। इस अभ्यास का मुख्य फ़ोकस शहरी इलाकों में आतंकवाद रोधी अभियानों पर है। दोनों देशों के सैनिक अपनी रणनीति को परिष्कृत और जटिल शहरी परिस्थितियों में संचालन क्षमता में सुधार कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त अभ्यास में सिम्युलेटिड संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान भी शामिल हैं जिन्हें वास्तविक स्थितियों के आधार प डिज़ाइन किया गया है। जैसे-जैसे अभ्यास आगे बढ़ रहा है दोनों पक्ष सामरिक अभ्यासों की एक श्रंखला में भाग ले रहे हैं और युद्ध के अनुभवों को साझा कर रहे हैं, परिचालन क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं और गहन सहयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। इन गतिविधियों को अंतर-संचालन को बढ़ावा देने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भारतीय और जापानी सेना भविष्य के शांति या मानवीय मिशनों में सहज रूप से सहयोग कर सकें। सामरिक प्रशिक्षण से इतर धर्म गार्जियन अभ्यास भाग लेने वाले सैनिकों के बीच सांस्कृतिक समझ बनाने और सौहार्द को बढ़ावा देने पर जोर देता है। दोनों देशों के सैनिकों को अपनी-अपनी सांस्कृतिक विरासतों को प्रदर्शित करने का अवसर मिला है, जिससे दोस्ती और आपसी सम्मान के बंधन को मजबूत करने में मदद मिली है। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान दोनों सेनाओं के बीच स्थाई संबंध विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अभ्यास दोनों सेनाओं के लिए एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखने का अवसर भी प्रदान करता है। इससे भविष्य के संयुक्त अभियानों में मदद मिलेगी। भारतीय और जापानी सशस्त्र बलों के बीच सहयोग न केवल उनकी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बनें)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108